सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 11 जुलाई , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 04, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 828 अंकों की उछाल

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा। } 10

विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए चलेगा अभियान : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी। बैठक में बैंकों की ओर से विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। } 12

अलीगंज अग्निकांड : बिल्डिंग पर 25 को चलेगा बुलडोजर

15 दिन में खुद हटाना होगा निर्माण, अन्यथा प्राधिकरण करेगा ध्वस्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अलीगंज सेक्टर-डी स्थित उस अवैध व्यावसायिक भवन पर आखिरकार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है, जिसमें 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की मौत हुई थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के विहित प्राधिकारी न्यायालय ने शुक्रवार को भवन को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया। आदेश की प्रति मौके पर बिल्डिंग पर चस्पा भी कर दी गई है।

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-डी स्थित भूखंड संख्या एम.एस.-102 पर वीरेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला व अन्य की ओर से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अवैध रूप से व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया था। इसके संबंध में 23 जून 2026 को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा 27(1) के तहत नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर निर्माण की ...शेष पृष्ठ 10 पर

पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा के आखिरी चरण में पहुंचे न्यूजीलैंड

दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा, खेल, संस्कृति और शिक्षा के लिए खुलेंगे नये रास्ते

एजेंसी

ऑकलैंड। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के आखिरी चरण में शुक्रवार को न्यूज़ीलैंड पहुँचे। इस दौरान वह अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत करेंगे और भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे।

यह 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर लक्सन ने मोदी का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से गले मिलकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कुछ देर पहले ऑकलैंड पहुँचा। हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए प्रधानमंत्री लक्सन का आभारी हूँ। उन्होंने कहा यह यात्रा ऐतिहासिक है, क्योंकि चार दशकों में किसी प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की यह पहली यात्रा है। मैं प्रधानमंत्री लक्सन के साथ बातचीत करने और भारत-न्यूजीलैंड मित्रता के सभी पहलुओं पर चर्चा करने

के लिए उत्सुक हूँ। मैं कल ऑकलैंड में एक सामुदायिक कार्यक्रम को भी संबोधित करूँगा। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और कई क्षेत्रों - खासकर व्यापार, रक्षा, खेल, संस्कृति, शिक्षा तथा दोनों देशों की जनता के स्तर पर आपसी संबंधों में सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। इसे ऑकलैंड में खास स्वागत करार देते हुए विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा के अवसर पर मशहूर स्काई टावर को रोशन किया गया, जो हमारे दोनों देशों के बीच मित्रता का प्रतीक है।

नयी दिल्ली से रवाना होने से पहले दिए अपने बयान में प्रधानमंत्री ने कहा था कि मार्च 2025 में लक्सन की भारत यात्रा के बाद भारत-न्यूजीलैंड संबंधों में जो मजबूत गति आई है, उनकी यह यात्रा उसे सार्थक रूप से आगे बढ़ाएगी। मोदी ने कहा था कि इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की उनकी यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी, महासागर विजन और साथ ही मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत के प्रति इसके नजरिए को और मजबूत करेगी। न्यूजीलैंड की अपनी दो दिन की यात्रा के दौरान, वह लक्सन के साथ आर्थिक, व्यापारिक एवं वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर बातचीत करेंगे। वह द्वीप देश में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की तीन ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

राष्ट्र गीत व राष्ट्रगान का शुद्ध उच्चारण अनिवार्य

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान गाते या बजाते समय उनके सही आलेख, पाठ, सही लिपि तथा शुद्ध उच्चारण का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और राज्यपालों के कार्यालयों को जारी एक नये आदेश में राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान गाते या बजाने के संबंध में नियमों को दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि उसके आदेशों में उन सभी अवसरों की विस्तृत सूची दी गई है, जिन पर भारत का राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान गाया या बजाया जाएगा तथा उन अवसरों का भी उल्लेख है, जब इन्हें गाया या बजाया जा सकता है। नौ जुलाई के आदेश में कहा गया है कि राष्ट्र गीत निम्नलिखित मौकों पर गाया जायेगा नागरिक सम्मान समारोहों, औपचारिक राजकीय समारोहों तथा सरकार द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन और उनके प्रस्थान के समय तथा राष्ट्रपति द्वारा ऑल इंडिया रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करने से ठीक पहले और इसके तुरंत बाद।

साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

कानपुर। नगर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइ-वज्र कार्ययोजना अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉरपोरेट और फर्मों के बैंक खातों का दुरुपयोग कर देशभर में साइबर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जालौन निवासी मंगल सिंह (36), मैनपुरी निवासी बिजेंद्र यादव (36), बांदा निवासी अबी वकाश (21) और इटावा निवासी राहुल शर्मा (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन, छह चेकबुक, चार पासबुक, चार एटीएम कार्ड, एक टैक्स इनवॉइस बुक, नौ लेटरहेड, एक फर्म की मोहर तथा एक वैगनआर कार बरामद की है।

सपा ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का किया था पाप

सीएम योगी ने अयोध्या में 432 करोड़ रुपये की लागत वाली 217 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था का दिखावा करने वाले दलों पर रामनगरी में कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाई थी, लेकिन क्या सपा, कांग्रेस या अन्य सरकारें जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ करवा पाएंगी। यदि नहीं करा पाएंगी तो हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों कराया गया था? आस्था का दिखावा कर रहे लोगों ने यह पाप किया था, जबकि भाजपा ने अयोध्या को सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस अवसर पर अयोध्या के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण भी किया और लोकार्पण व शिलान्यास वाली तमाम योजनाओं का जिक्र कर इनका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया। सीएम ने कहा कि बीकापुर विधायक ने पिछली बार ग्राम पंचायत खिरौनी-सुचित्तागंज को नगर पंचायत बनवाया था। अब उनकी मांग पर यह नगर पंचायत मां ज्वाला देवी के नाम पर होगी। समाजवादी पार्टी का असली चरित्र सभी ने देखा होगा, जब इनके

- आस्था का दिखावा करने वाले दलों पर योगी ने किया प्रहार
- अब भरतपुर भरतकुंड का नाम होगा भदरसा नगर पंचायत
- मांज्वाला के नाम पर होगी खिरौनी सुचित्तागंज नगर पंचायत

सपा ने गरीब, दलित और वंचितों को उजाड़ा : योगी

जिला संवाददाता

बस्ती (उप्र)। समाजवादी पार्टी (सपा) पर गंभीर आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा जब वक्फ बोर्ड किसी जमीन को कब्रिस्तान घोषित कर देता था, तब सपा के लोग वहां रहने वाले गरीबों, दलितों और वंचितों को उजाड़ देते थे।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बस्ती जिले में 504 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 77 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा पहले कब्रिस्तान के नाम पर कब्जा होता था, गरीबों को सताया जाता था, वक्फ बोर्ड केवल कह देता था कि यह कब्रिस्तान है, यह वक्फ की भूमि है तो किसी की हिम्मत नहीं होती थी और दलित, गरीब एवं वंचितों को वहां से उजाड़ दिया जाता था। उजाड़ने का काम सपा के यही लोग ...शेष पृष्ठ 10 पर

नमूने चेयरमैन ने भदरसा में गुस्ताखी की थी। भदरसा नगर पंचायत अब भरतनगर भरतकुंड होगा। भाई-भाई का संबंध भरत जी से सीखिए। 14 वर्ष तक भरतकुंड के पास रहकर उन्होंने भगवान राम की आज्ञा का पालन किया। भगवान राम की चरण पादुकाएं अयोध्या का संचालन कर रही थीं। भरत जैसा भाई मिलना मुश्किल है, लेकिन अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जैसे भाई हुए। चारों दिशाओं में अयोध्या की ...शेष पृष्ठ 10 पर

इला.हाईकोर्ट ने प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने पर मांगा जवाब

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1947 की धारा 12(3-क) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। इसी प्रावधान के तहत प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने के बाद 25 मई, 2026 को ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया था। मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने एस.के. शर्मा द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने पंचायत चुनाव कराने के लिए आवश्यक उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी मांगी। याचिका में कहा गया है कि धारा 12(3-क) संविधान के विपरीत है, क्योंकि इसके माध्यम से सरकार ग्राम पंचायतों का संवैधानिक कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से घटा वाहनों का माइलेज

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ई-20 पर दी जानकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल से कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है, लेकिन इसके बदले मिलने वाले ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतर इंजन प्रदर्शन जैसे लाभ कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

मंत्रालय के अनुसार, इसके अलावा ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉक क्षमता, तेज दहन, बेहतर पिकअप आदि जैसे लाभ भी इसमें शामिल हैं। एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम की आलोचनाओं का जवाब देने के लिए जारी प्रश्नोत्तर



दस्तावेज में मंत्रालय ने कहा कि ई20, ई10 या शुद्ध पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ, बेहतर गुणवत्ता वाला और अधिक दक्ष ईंधन है। इसे वर्षों तक वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन विनिर्माताओं के साथ परामर्श और घरेलू एथनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के बाद ही लागू किया गया है। मंत्रालय ने इस आशंका को खारिज किया कि यह कार्यक्रम जल्दबाजी में ...शेष पृष्ठ 10 पर

घटिया उर्वरक बांटने वाली चीनी मिलों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ। गन्ना किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेश की सभी चीनी मिलों को किसानों को केवल प्रमाणित एवं गुणवत्ता जांच से गुजर चुके उर्वरक, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व और कीटनाशक ही उपलब्ध कराने होंगे।

नियमों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी बैंक गारंटी तक जब्त की जा सकेगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक बैच की गुणवत्ता की जांच एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में कराना अनिवार्य होगा। केवल वही कृषि उत्पाद किसानों तक पहुंचेंगे, ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी मंत्रिमंडल ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

शिक्षा, साहसिक पर्यटन, विदेशी रोजगार और वित्तीय व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विकासोन्मुख और जनहित से जुड़े अनेक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में तकनीकी शिक्षा के विस्तार, साहसिक पर्यटन को सुरक्षित बनाने, स्कूली विद्यार्थियों के पोषण, वित्तीय प्रबंधन, युवाओं के अंतरराष्ट्रीय रोजगार, कुंभ-2027 की तैयारियों तथा प्रशासनिक सुधारों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए। बैठक के बाद महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने मीडिया को कैबिनेट के निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी।

कैबिनेट ने पिथौरागढ़ के मढ़धुरा में निमार्णाधीन सीमांत प्रौद्योगिकी संस्थान के समग्र विकास के लिए 14.857

हेक्टेयर भूमि तकनीकी शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की। इस परिसर में शैक्षणिक भवन, छात्रावास, शिक्षकों के आवास, खेल परिसर, ऑडिटोरियम तथा आधुनिक प्रयोगशालाओं सहित आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे सीमांत क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। राज्य में रिवर राफ्टिंग और क्याकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से संशोधित नियमावली-2026 को मंजूरी प्रदान की गई। नई व्यवस्था के तहत सुरक्षा मानकों को और सख्त किया गया है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत श्रीनगर स्थित केंद्रीकृत रसोई से अक्षय पात्र फाउंडेशन को चयनित सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को तैयार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई। सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

छात्रवृत्ति एवं जनकल्याण कार्यक्रमों का शुभारंभ, सेवा–समर्पण की भावना को जन–जन तक पहुंचायेंगे : विराज सागर दास

राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर विराज सागर दास ने शुरू किया 40 दिवसीय जनसेवा अभियान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत सरकार के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के नेतृत्व में 40 दिवसीय जनसेवा शिविर का शुभारंभ लखनऊ मध्य क्षेत्र के बलिंगटन चौराहा, नजरबाग से किया गया। इस विशेष जनसेवा अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके क्षेत्र में ही सुगमता से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि जनसेवा ही राजनीति का मूल उद्देश्य है और सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह 40 दिवसीय अभियान सेवा, समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर शिक्षा एवं सामाजिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में शाहजहांपुर प्रदेश में नंबर-1

जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण से मिली सफलता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जून माह की रैंकिंग में शाहजहांपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, सकारात्मक फीडबैक और प्रशासनिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जिले ने यह उपलब्धि हासिल की। रैंकिंग में रामपुर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर रहे।

रामपुर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत जिलों का मूल्यांकन जनशिकायतों के निस्तारण, शिकायतों पर कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मानकों पर किया जाता है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले ने जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

शिकायतों के समाधान के बाद प्राप्त सकारात्मक फीडबैक के कारण जिले को जून माह की रैंकिंग में 10 में से 9.43 अंक प्राप्त हुए और प्रदेश में पहला स्थान मिला। रामपुर ने 10 में से 9.41 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने और सीएम डैशबोर्ड से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का सकारात्मक परिणाम रैंकिंग में दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि रामपुर पिछले कई महीनों से प्रदेश के शीर्ष दस जिलों में लगातार शामिल है। बरेली ने 9.30 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इसका श्रेय शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को दिया। जून माह की रैंकिंग में महराजगंज (9.25 अंक) चौथे स्थान पर रहा। आजमगढ़ और मैनपुरी ने समान रूप से 9.24 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। सोनभद्र और हमीरपुर को 9.23 अंक मिले, जबकि बागपत (9.20 अंक) और लखीमपुर खीरी (9.19 अंक) भी शीर्ष दस जिलों में शामिल रहे। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से विकसित एक ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की रीयल-टाइम समीक्षा करती है। खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों को सुधार के निर्देश दिए जाते हैं, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को रैंकिंग में स्थान मिलता है। इससे जिलों के बीच बेहतर कार्य करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है।

यूपी में पूर्व खिलाड़ियों को मिल रहा सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 223 पूर्व खिलाड़ियों को मिली आर्थिक सहायता
- अर्जुन पुरस्कार विजेताओं से लेकर राज्य स्तरीय खिलाड़ियों तक को लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले भूतपूर्व खिलाड़ियों के सम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए भी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में खेल विभाग की भूतपूर्व खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता योजना पूर्व खिलाड़ियों के लिए बड़ा संबल बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 223 पूर्व खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

इस योजना का लाभ अर्जुन, द्रोणाचार्य, ध्यानचंद और खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को भी मिल रहा है। इस तरह सरकार की इस पहल से न केवल खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि उनके योगदान को सम्मान भी प्राप्त हो रहा है। खेल जगत इसे खिलाड़ियों के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण उदाहरण मान रहा है।

प्रदेश सरकार की ओर से अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों तथा खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर पद्मश्री एवं पद्मभूषण सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित खिलाड़ियों के लिए किसी प्रकार की आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 52 अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को प्रतिमाह 20-20 हजार रुपये की सहायता दी गई। इसी प्रकार 9 द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं, 5 ध्यानचंद पुरस्कार विजेताओं और 2 पद्मश्री सम्मानित खिलाड़ियों को भी प्रतिमाह 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। योजना का लाभ केवल राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों तक ही सीमित नहीं है।

राज्य सरकार ने उन खिलाड़ियों को भी इस योजना में शामिल किया है जिन्होंने विभिन्न स्तरों पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसके तहत राज्य स्तर के 126 भूतपूर्व खिलाड़ियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये, राष्ट्रीय स्तर के 24 खिलाड़ियों को 6 हजार रुपये प्रतिमाह और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 5 भूतपूर्व खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी गई। इन खिलाड़ियों के लिए कुछ पात्रता शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए उनकी मासिक आय 20 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही खिलाड़ी का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है।

योजना के संचालन की प्रक्रिया भी पूरी तरह पारदर्शी बनाई गई है। खेल विभाग संबंधित जिलों के खेल अधिकारियों को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराता है।

जनपद स्तर के खेल अधिकारी लाभार्थी खिलाड़ियों के बैंक खातों में सीधे आर्थिक सहायता हस्तांतरित करते हैं। इसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, नेटबाल, टेनिस, हॉकी, तैराकी, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वुशू, फुटबाल, हैंडबाल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, कुश्ती और शूटिंग समेत कुल 31 खेल शामिल हैं।

यूपी के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के सम्मान, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ इस योजना का संचालन कर रहा है और पात्र खिलाड़ियों के बैंक खातों में प्रतिमाह सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक पात्र भूतपूर्व खिलाड़ी को इस योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से मिले।

यह योजना खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

20 आईएएस अफसरों के तबादले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में गुरुवार की देर रात एक बार फिर बड़े पैमाने पर सचिव और विशेष सचिव स्तर के 20 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। तीन जिलों आजमगढ़, बलिया व इटावा के मुख्य विकास अधिकारियों को भी बदला गया है। इसके साथ ही पीसीएस से आईएएस बने कुछ अफसरों को भी तैनाती दी गई है। सुधा वर्मा को सचिव राजस्व से श्रमायुक्त बनाया गया है।

मार्कंडेय शाही के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त था। डा. सारिका मोहन महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा से महानिरीक्षक निबंधन बनाई गई हैं। नेहा शर्मा महानिरीक्षक निबंधन से महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा, अरुण कुमार अपर महानिदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म से मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन बनाए गए हैं।

जे रीभा विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म को वर्तमान पद के साथ अपर निदेशक का प्रभार भी दिया गया है। दीपा रंजन मिशन निदेशक राज्य आजीविका मिशन से विशेष सचिव संस्कृति विभाग, संजय कुमार प्रथम विशेष सचिव संस्कृति एवं निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव संस्कृति के प्रभार से कार्यमुक्त उन्हें निदेशक संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विशाल सिंह विशेष सचिव सस्कृति, निदेशक सूचना एवं निदेशक संस्कृति विभाग से विशेष सचिव संस्कृति तथा निदेशक संस्कृति के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है। संदीप भागिया अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्धनगर तथा अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद द्वितीय से प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बनाए गए हैं। संदीप को लेकर वहां काफी विवाद चल रहा था। परीक्षित खटाना मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ से अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्ध नगर, राकेश कुमार पटेल अपर आयुक्त लखनऊ मंडल से मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़, रेणु तिवारी विशेष सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा सचिव राज्य महिला आयोग को विशेष सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। जग प्रवेश नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन से विशेष सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु प्रवर्तन विभाग, ओजस्वी राज मुख्य विकास अधिकारी बलिया से नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन, आलोक कुमार एडीएम (वि/रा) से मुख्य विकास अधिकारी बलिया बनाए गए हैं। अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी इटावा से अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद प्रथम, संजय कुमार सिंह एडीएम (प्रशासन) से मुख्य विकास अधिकारी इटावा, मनिकंदन ए प्रतीक्षारत से अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद बनाए गए हैं। डा. वंदना वर्मा विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग तथा संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम को संयुक्त प्रबंध निदेशक सहकारी चीनी मिल्स संघ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

'वाइल्ड विज्डम ग्लोबल चैलेंज 2026' से जुड़ेगी नयी पीढ़ी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार विद्यालयी शिक्षा को वैश्विक प्रतिस्पर्धा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की दिशा में नई पहल करने जा रही है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया) की ओर से आयोजित 'वाइल्ड विज्डम ग्लोबल चैलेंज-2026' के माध्यम से कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरणीय चुनौतियों को समझने के लिए वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है। प्रतियोगिता में समुद्री जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 15 अगस्त 2026 तक पंजीकरण किया जा सकेगा। प्रतिभागियों को तैयारी के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया की ओर से ई-लर्निंग सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को विषय की बेहतर समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश सरकार का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने सभी जिलों को 15 अगस्त तक अधिकतम पात्र विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने और प्रतियोगिता में व्यापक सहभागिता कराने के निर्देश दिए हैं।

पौधरोपण महायज्ञ के लिए अफसरों की तैनाती

12 जुलाई को अभियान की निगरानी करेंगे वरिष्ठ अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

- सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 12 जुलाई को आयोजित होने वाले पौधरोपण महायज्ञ-2026 को सफल बनाने के लिए शासन स्तर पर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभियान के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए प्रदेश के सभी जिलों में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी संबंधित जनपदों में पहुंचकर पौधरोपण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे और जनप्रतिनिधियों व वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से राज्यव्यापी पौधरोपण महायज्ञ का शुभारंभ करेंगे। गोरखपुर में खेल सचिव सुहास एल.वाई. को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रमुख सचिव (सहकारिता) अजय कुमार शुक्ल को प्रयागराज, प्रमुख सचिव (कृषि) रविंद्र को सहारनपुर, प्रमुख सचिव (नियुक्ति) एम. देवराज को लखनऊ तथा प्रमुख सचिव (स्टांप एवं पंजीयन) अमित गुप्ता को अयोध्या का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा खाद्य सुरक्ष.ा एवं औषधि प्रशासन की सचिव डॉ. रोशन जैकब को बस्ती, परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन को बलिया, महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. को जौनपुर, प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को बहराइच, प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम को आगरा, संयुक्ता समद्दार को फिरोजाबाद, सौरभ बाबू को बरेली, मनीष चौहान को शाहजहांपुर, अनिल कुमार तृतीय को मुरादाबाद और कामिनी रतन चौहान को गाजियाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव (हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग) अनिल कुमार सागर रायबरेली, प्रमुख सचिव (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) पंधारी यादव उन्नाव, प्रमुख सचिव (आवास एवं शहरी नियोजन) पी. गुरु प्रसाद सीतापुर, प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन) डॉ. शनमुगा सुंदरम एमके कानपुर नगर, प्रमुख सचिव (राजस्व) अपर्णा यू कन्नौज, अनिल गर्ग नोएडा तथा रंजन कुमार बागपत में अभियान की निगरानी करेंगे। सरकार के अनुसार, सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने जनपदों में पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारियों, पौधों की उपलब्धता, रोपण स्थलों की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ को सफल बनाया जा सके।

स्पेशल ट्रेन से 71 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से सफल ट्रायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- गोंडा कचहरी स्टेशनों के बीच नई विद्युतीकृत लाइन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

लखनऊ। गोंडा कचहरी स्टेशनों के बीच नई विद्युतीकृत तीसरी रेल लाइन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस नई लाइन का संरक्षा निरीक्षण शुक्रवार को पूर्वोत्तर परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल, प्रणजीव सक्सेना सहित अन्य अधिकारियों ने किया। कार्य पूरा होने पर गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर यात्री सुविधाओं में विस्तार और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन पर स्पीड ट्रायल किया गया।

निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मोटर ट्राली से गोण्डा कचहरी-गोण्डा जं. रेलखण्ड के मध्य ब्रिज सं0 354, 362 तथा एलएचएस का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। इसके उपरान्त समपार सं. 261ए पर पहुॅचने के उपरान्त रेल संरक्षा आयुक्त ने समपार का अवलोकन किया तथा डयूटी पर तैनात गेटमैन से संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर संरक्षा कार्य कुशलता परखी। निरीक्षण के अंतिम चरण में, रेल संरक्षा आयुक्त ने गोण्डा जं.-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य तृतीय विद्युतकर्षण युक्त रेल लाइन पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन द्वारा 71 किमी प्रति घंटे की अधिकतम अनुमेय गति से सफल स्पीड ट्रायल किया।

आस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट : दीपेन्द्र सिंह हुड्डा

कांग्रेस सांसद ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर भाजपा-आरएसएस पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यसमिति के सदस्य एवं सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधा।

दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि तीन बड़े सवाल हैं, जब ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ, तो इस घोटाले की जवाबदेही कौन लेगा? अगर सब कुछ ठीक था, तो चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे क्यों हुए? अगर कुछ गलत नहीं हुआ, तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से डर किस बात का है? भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर

जुटाया गया चंदा और चढ़ाया आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया? यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है। अब तक सामने आए तथ्य अत्यंत गंभीर हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सामने जवाब दें, इतने गंभीर आरोपों के बाद वे अब तक मौन क्यों हैं। तत्काल गिरफ्तारी चंपत राय, अनिल मिश्रा और इस पूरे घोटाले में शामिल सभी प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच पूरे प्रकरण की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस कथित लूट के पीछे कौन लोग हैं और किसके संरक्षण में यह सब वर्षों तक चलता रहा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर धमार्चार्यों, प्रतिष्ठित नागरिकों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और स्वतंत्र सदस्यों के साथ एक नया, पारदर्शी और जवाबदेह ट्रस्ट गठित किया जाए। चढ़ावे और चंदे का पूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट राम मंदिर के लिए प्राप्त समस्त चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद, आयोजनों और व्ययों का स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। भगवान राम किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं हैं। वे करोड़ों भारतीयों की आस्था हैं। भगवान राम के नाम पर जुटाए गए धन की कथित लूट और उस पर पर्दा डालने की हर कोशिश देश की धार्मिक चेतना का अपमान है।

अजय राय ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोगों ने चंदा और चढ़ावा चोरी किया और उसे छिपाने का प्रयास कर रहे हैं कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है कुछ चंद छोटे कर्मचारियों को जेल भेजकर बड़ों को बचाने का प्रयास भाजपा की सरकार कर रही है।

सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए पंकज चौधरी

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को अपने गृह जनपद और संसदीय क्षेत्र महराजगंज में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए भाजपा सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ लोगों से अपना सीधा जुड़ाव भी मजबूत कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस आयोजन को राजनीतिक नजरिये से भी अहम माना जा रहा है।

भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भेदभाव चरम पर : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भेदभाव चरम पर है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। देवरिया में भाजपा के वर्चस्ववादियों द्वारा पीडीए समाज के एक युवक राजू विश्वकर्मा की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दिए जाने और बचाने गए अन्य 6 परिजनों पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय है। इस हमले में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सपा के नेता व प्रवक्ता इंजीनियर संदीप विश्वकर्मा जब पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तो भाजपा सरकार के प्रश्रय प्राप्त प्रभुत्ववादियों ने प्रशासन के सामने अभद्रता करते हुए, उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे है। यह बेहद चिंतनीय एवं निंदनीय हैं। उन्होंने कार्रवाई किये जाने की मांग की है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। सत्ता के संरक्षण में अपराधी और दबंग गरीबों को प्रताड़ित कर रहे हैं। प्रदेश में हर दिन निर्मम हत्याएं हो रही है। पीड़ितों को न्याय मांगने पर लाठियां मिलती है।

राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर राजधानी में हुए धार्मिक, सामाजिक और सेवा कार्यक्रम

हनुमान सेतु पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत सरकार के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा शहर भर में धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम हनुमान सेतु पार्किंग स्थल पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने श्रीराम दरबार एवं हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने समाजसेवी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सुभाष अग्रवाल, अजय अरोड़ा, बृज किशोर द्विवेदी, साधना वर्मा, माधुरी शुक्ला, ओम प्रकाश धानुक, डॉ. विवेक, राम रतन मौर्य एवं रामचंद्र चौरसिया को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनाथ सिंह का सार्वजनिक जीवन सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा को सशक्त बनाने के साथ ही लखनऊ के विकास को नई गति प्रदान की है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने लखनऊ के विकास का जो सपना देखा था, उसे राजनाथ सिंह निरंतर साकार करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा और संगठन के क्षेत्र में जो पौधा रोपा था, वह आज विशाल वटवृक्ष बन करके साकार हो रहा है। उनके नेतृत्व और प्रयासों से लखनऊ में विश्वस्तरीय योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को गति मिली है।

कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि उन्हें राजनाथ सिंह के साथ लंबे समय तक कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनका व्यक्तित्व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि राजनाथ सिंह लखनऊ के विकास, कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनकल्याण के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं। उनके जन्मदिन पर लखनऊ महानगर द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की जा रही है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में उपविजेता अंजनी कुमार द्वारा बुद्धेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर महामंत्री सत्येंद्र सिंह, विमल चौधरी, रामशंकर राजपूत, धर्मेंद्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने रक्षा मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान के आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।

इसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी अवनीश कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की।

आदर्श कुष्ठ आश्रम में सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ भोजन वितरण किया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, नानक चंद लखवानी, संयुक्ता भाटिया, सत्यबीर सिंह राजू एवं राजेंद्र सिंह बग्गा ने आश्रमवासियों को भोजन कराया।

सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा साहिब, नाका हिंडोला में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए अरदास कराई गई। इस अवसर पर सरदार दिलप्रीत सिंह विर्क, सरदार रणवीर सिंह कलसी, सरदार जसकरण सिंह कोहल, सरदार कुलबीर सिंह सोढ़ी, सरदार जसपाल सिंह एवं सरदार लखविंदर पाल सिंह उपस्थित रहे।

शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय, लालकुआं में बटुकों के साथ आशीर्वाद मंत्रों का उच्चारण कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जुलाई 2026 से शुरू हो रही है। अभ्यर्थी 04 अगस्त 2026 की रात्रि 12 बजे तक वेबसाइट http://www.scvtup.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की मांग के अनुरूप आधुनिक बनाया है। इस सत्र में अभ्यर्थी राजकीय एवं निजी आईटीआई में संचालित सभी व्यवसायों के साथ-साथ टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित हो रहे 10 नए दीर्घकालीन व्यवसायों में भी प्रवेश ले सकेंगे। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक एवं विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को वेबसाइट http://www.scvtup.in पर दिए गए प्रवेश के लिंक पर क्लिक करना होगा।

जीपीओ में आधार सेवाएं अब प्रतिदिन उपल

इंदिरानगर-खुर्रम नगर नाला निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक बरकरार

नगर निगम को समाधान निकालने के निर्देश

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इंदिरा नगर से खुर्रम नगर तक प्रस्तावित आरसीसी नाला निर्माण कार्य पर लगी रोक को बरकरार रखते हुए नगर निगम को स्थानीय निवासियों की आपत्तियों पर विचार कर व्यवहारिक समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं।

न्यायालय ने कहा है कि सभी संबंधित पक्ष आपसी समन्वय से इस समस्या का हल निकालने का प्रयास करें। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जस्टिस आलोक माथुर एवं जस्टिस अमिताभ कुमार राय की पीठ ने उषा सक्सेना एवं अन्य स्थानीय निवासियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

याचिका में कहा गया है कि पॉलीटेक्निक चौराहे से मुंशी पुलिया होते हुए खुर्रम नगर तक बने फ्लाईओवर के साथ-साथ इंदिरा नगर चौराहे से खुर्रम नगर तक आवासीय मकानों के सामने नाले का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रस्तावित आरसीसी नाला मुख्य सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन के ऊपर बनाया जा रहा है, जिससे भविष्य में जलापूर्ति व्यवस्था और पाइपलाइन के रखरखाव में परेशानी उत्पन्न हो सकती है। याचियों की ओर से न्यायालय को बताया गया कि पहले नाले और मकानों के बीच करीब एक मीटर जगह पाइपलाइन के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के लिए छोड़ी गई थी, लेकिन अब उसी स्थान पर आरसीसी नाला निर्माण किया जा रहा है। इससे भविष्य में पाइपलाइन की मरम्मत और रखरखाव का कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष यह तथ्य आया कि स्थानीय लोगों के विरोध के चलते फिलहाल निर्माण कार्य रुका हुआ है। इस पर नगर निगम के संबंधित अधिशासी अभियंता न्यायालय में उपस्थित हुए और उन्होंने कहा कि निगम स्थानीय निवासियों की आपत्तियों पर विचार करने तथा सभी पक्षों के साथ बैठक कर व्यवहारिक समाधान निकालने के लिए तैयार है। न्यायालय ने नगर निगम को निर्देश दिया कि अधिशासी अभियंता, संबंधित अधिकारियों और स्थानीय निवासियों की बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान निकाला जाए। साथ ही अधिशासी अभियंता को याचियों की शिकायतों पर विचार करते हुए अगली सुनवाई तक विस्तृत रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सेवा कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के महामंत्री टिंकू सोनकर के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टिंकू सोनकर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनके जन्मदिवस पर सेवा कार्यों का आयोजन उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों ने रक्षा मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष सौरव वाल्मीकि, महानगर मंत्री आनंद पांडे, मंडल अध्यक्ष रिंकू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र की ओर से पंचायती राज सभागार, पुरनिया चौराहा, लखनऊ में भारत के महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की ओर से दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके राष्ट्रहित में किए गए योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण के आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक दूरदर्शी शिक्षाविद और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत के संकल्प को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका संघर्ष और त्याग युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाजसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाबू बनारसी दास, सिटी लॉ कॉलेज सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

युवाओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा की। इस अवसर पर अवध क्षेत्र युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, अमित गुप्ता, संजय गुप्ता, विनोद कुमार सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

एनएसए ने संभाली जिम्मेदारी, जेएडएसओ को फील्ड में उतरने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम के नवनियुक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने शुक्रवार को जोनल सेनेटरी ऑफिसरों और सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टरों के साथ पहली औपचारिक बैठक कर शहर की सफाई व्यवस्था, जलभराव और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड निरीक्षण करने, जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखने तथा जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि बारिश के मौसम में संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जाए और जलभराव की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने बिना उचित कारण अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ चेतावनी जारी करने और अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में प्रतिदिन फॉगिंग, एंटी-लार्वा अभियान और अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े नालों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक पत्राचार करने को कहा।

बैठक के दौरान अधिकारियों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके समाधान का भरोसा दिया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसाधनों की कमी के कारण किसी भी कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर 110 वार्डों में चला मेगा सफाई अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम ने शहर के सभी 110 वार्डों में एक साथ मेगा सफाई अभियान संचालित किया। अभियान के तहत नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट (सीएनडी वेस्ट) के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सुबह मॉल एवेन्यू रोड का निरीक्षण कर नालियों की सफाई का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालियों से निकाली गई सिल्ट एवं कचरे का समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि सफाई के बाद क्षेत्र में दोबारा गंदगी न फैलने पाए। इसके बाद नगर आयुक्त बटलर कॉलोनी, डालीबाग पहुंचे, जहां उन्होंने नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कार्यों का असर धरातल पर स्पष्ट दिखाई देना चाहिए और नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित डेयरियों की शिकायत नगर आयुक्त से की। उन्होंने पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा को तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने नालियों की सफाई के दौरान हटाए या क्षतिग्रस्त किए गए स्लैबों को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित कर शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

सड़क किनारे पड़े निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट (सीएनडी वेस्ट) पर भी नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे सभी अपशिष्टों को तत्काल हटाया जाए तथा भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर सीएनडी वेस्ट जमा न होने दिया जाए। मेगा सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम का पूरा प्रशासनिक अमला मैदान में उतरा। अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, महाप्रबंधक जलकल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, जोनल सेनेटरी अधिकारी, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्व निरीक्षक, एसएफआई तथा अवर अभियंताओं सहित सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्यों की निगरानी की और कमियां मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। नगर निगम की कार्यदायी संस्थाओं लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए), लायन एनवायरो तथा नगर निगम के सफाई कर्मियों ने संयुक्त रूप से पूरे शहर में अभियान को गति दी।

नेहरू इन्क्लेव में विरोध के बीच हटाये कब्जे

लखनऊ। राजधानी के पॉश इलाके गोमतीनगर में शुक्रवार को सड़क और पटरियों पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ एलडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बड़ा अभियान चलाया। दोपहर करीब 3 बजे प्रशासनिक टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान कई स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। कुछ लोग बुलडोजर के सामने खड़े होकर अभियान रोकने का प्रयास करने लगे। इस दौरान एलडीए अधिकारियों, नगर निगम कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की। विरोध के बावजूद पुलिस की मौजूदगी में प्रशासनिक टीम ने अभियान जारी रखा और सड़क पटरी पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक भूमि और सड़क पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाने का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और आम नागरिकों की आवाजाही को आसान करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि, सड़क और फुटपाथ पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। एलडीए और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई से गोमतीनगर क्षेत्र में दिनभर हलचल बनी रही। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अवैध निर्माण या कब्जा न करें, जिससे कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न न हो।

समय की पाबंदी में एअर इंडिया दुनिया में चौथे स्थान पर

लखनऊ। एअर इंडिया ने समय की पाबंदी के मामले में वैश्विक स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जून 2026 में दुनिया की चौथी सबसे समयनिष्ठ एयरलाइन का स्थान प्राप्त किया है। एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम की ऑन-टाइम परफॉर्मेंस रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइन की 15,135 उड़ानों में से 86.85 प्रतिशत समय पर अपने गंतव्य पर पहुंचीं, जबकि 86.23 प्रतिशत उड़ानें तय समय पर रवाना हुईं। एयरलाइन का कंप्लीशन फैक्टर 99.7 प्रतिशत दर्ज किया गया।

सफाई कर्मचारियों के अधिकारों पर आयोग सख्त

तय मानदेय, ईपीएफ और ईएसआईसी हर हाल में दें : आयोग सदस्य

विशेष संवाददाता (vol)

● नगर निगम में आयोग सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में सफाई कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा बैठक कर अधिकारियों और निजी कार्यदायी संस्थाओं को कर्मचारियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को शासन की नवीनतम निर्धारित दरों के अनुसार समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मैनपावर उपलब्ध कराने वाली निजी एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। आयोग सदस्य ने सफाई कर्मचारियों की सेवा शर्तों, मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए ईपीएफ और ईएसआईसी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को नियमानुसार सभी देय लाभ तत्काल उपलब्ध कराए जाएं।

साथ ही कार्यदायी संस्थाओं लखनऊ स्वच्छता अभियान और लायन एनवायरो को कर्मचारियों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने तथा सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद आयोग सदस्य ने सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम मुख्यालय की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

साहित्य सप्ताह में विद्यार्थियों ने दिखायी रचनात्मक प्रतिभा

लखनऊ। चिनहट स्थित उत्कर्ष इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अंग्रेजी/हिंदी साहित्य सप्ताह का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। पांच दिवसीय साहित्यिक आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रति आजीवन रुचि विकसित करना तथा साहित्य के माध्यम से उनकी कल्पनाशीलता और भाषा कौशल को समृद्ध करना था। साहित्य सप्ताह के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए लघु कथा लेखन, कॉमिक बुक लेखन, कविता पाठ, पुस्तक समीक्षा और पुस्तक लेखन जैसी अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लेकर अपनी लेखन क्षमता और साहित्यिक समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि कनक रेखा चौहान रहीं।

अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की ओर बढ़ रहा दंपतियों का रुझान : सीएमओ

● विश्व जनसंख्या दिवस आज

लखनऊ। अस्थायी परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के पिछले तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि इंटरवल आईयूसीडी, प्रसवोत्तर आईयूसीडी तथा अंतरा इंजेक्शन जैसी आधुनिक परिवार नियोजन सेवाओं को बड़ी संख्या में दंपतियों ने अपनाया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. एनबी सिंह ने दी। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने कहा कि मां और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना आवश्यक है, इससे मां के शरीर को पर्याप्त समय मिलता है, जिससे एनीमिया, समयपूर्व प्रसव, कम वजन वाले शिशु के जन्म तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। यह अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम, बच्चों के बेहतर पोषण एवं विकास तथा परिवार की प्रभावी योजना बनाने में भी सहायक है।

उन्होंने बताया कि 'बास्केट ऑफ चॉइस' की अवधारणा के अनुसार पात्र दंपतियों को इंटरवल आईयूसीडी, प्रसवोत्तर आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन सहित विभिन्न अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी, परामर्श एवं निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि इंटरवल आईयूसीडी अपनाने वाली महिलाओं की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023-24 में 12,547, वर्ष 2024-25 में 15,036 तथा वर्ष 2025-26 में 19,159 महिलाओं ने इस सेवा का लाभ उठाया। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (1 अप्रैल से 30 जून) में ही 5,023 महिलाओं ने इंटरवल आईयूसीडी अपनाया। उन्होंने बताया कि त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन 'अंतरा' की स्वीकार्यता में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023-24 में 10,197, वर्ष 2024-25 में 12,429 तथा वर्ष 2025-26 में 13,805 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन की सेवा प्राप्त की।

हाइजीन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एक स्वस्थ समाज जरूरी : चिराग

लखनऊ। अच्छी हाइजीन से बेहतर और स्वस्थ जीवन की शुरूआत होती है। डिस्पोजेबल हाइजीन प्रोडक्ट्स मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के साथ हम लगातार नए प्रोडक्ट्स ला रहे हैं और बेबी केयर, महिला हाइजीन तथा एडल्ट केयर में अपने प्रोडक्ट्स का दायरा बढ़ा रहे हैं। यह जानकारी निरालानगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में पान हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चिराग पान ने दी। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड की सोच के साथ हम न सिर्फ भारत के लोगों के लिए बेहतर हाइजीन प्रोडक्ट्स बना रहे हैं, बल्कि भारत को इस क्षेत्र में एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में भी अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्माइल मैटर्स-पीरियड की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत मेंस्ट्रुअल हाइजीन जागरूकता कार्यक्रम, सैनिटरी पैड वितरण अभियान और अन्य सामुदायिक पहलों के जरिए कंपनी लोगों तक हाइजीन का महत्व पहुंचा रही है। हाइजीन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एक स्वस्थ समाज और बेहतर हेल्थकेयर व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। इसी मकसद से शहर के अलाव ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं, ताकि लोग हाइजीन के प्रति जागरूक हो सकें।

लोहिया संस्थान में पांच सौ रोबोटिक सर्जरी पूरी करने में मिली सफलता

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान ने मात्र साढ़े 15 माह में पांच सौ रोबोटिक सर्जरी पूरा करने में सफलता मिली है, इनमें सबसे अधिक 394 ऑपरेशन यूरोलॉजी विभाग में किए गए हैं। इसके अलावा गॉलब्लैडर कैंसर सहित अन्य जटिल बीमारियों की भी रोबोटिक सर्जरी की गयी। यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं मुख्य सर्जन डा. ईश्वर राम धायल ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी शुरू होने के बाद मरीजों को अत्याधुनिक, सुरक्षित और अधिक सटीक उपचार मिल रहा है। संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह के अनुसार 15 माह में पांच सौ रोबोटिक सर्जरी होना डॉक्टरों की काबलियत, टीमवर्क के कारण हुआ। लोहिया संस्थान विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

मंत्री सतीश शर्मा ने पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

लखनऊ। सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर शुक्रवार को वन महोत्सव एवं पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने विद्यालय परिसर में पौधा रोपित कर पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सतीश शर्मा व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का यह जन्मदिवस समारोह जनमानस को पर्यावरण संवर्धन का संदेश देने का सुअवसर है। वास्तव में, वृक्ष हमारे जीवन के संरक्षक हैं, जो हमें आक्सीजन प्रदान कर और कार्बन डाईआक्साइड को अवशोषित कर मनुष्यता को प्रतिपल नवजीवन प्रदान करते हैं। प्रो. किंगडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में देश ने रक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां एवं आत्मनिर्भरता हासिल की है।

खुशहाल परिवार से ही सशक्त समाज का निर्माण सम्भव

लखनऊ। 21 साल की उम्र के बाद ही बेटी को विवाह के बंधन में बाँधने की योजना बनाएं। शादी के दो से तीन साल के बाद ही परिवार बढ़ाने या संतानोत्पति के बारे में विचार करें। शादी के दो-तीन साल तक पति-पत्नी एक-दूसरे को भलीभांति समझें और परिवार को बढ़ाने के लिए कुछ जरूरी पूँजी भी जुटा लें। यह जानकारी देते हुए पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश शर्मा ने बताया कि परिवार यदि स्वस्थ और खुशहाल बनेगा, तभी सशक्त समाज के सपने को साकार किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि परिवार नियोजन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर ही है।

पॉलीटेक्निक के द्वितीय चरण की काउंसिलिंग का परिणाम घोषित

लखनऊ। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक) की द्वितीय चरण की काउंसिलिंग का सीट आवंटन परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है। परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्र ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि द्वितीय चरण के सफल अभ्यर्थियों में से फ्रिज ऑप्शन का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (अभिलेख सत्यापन) की कार्यवाही दिनांक 11 जुलाई से 14 जुलाई के मध्य आयोजित की जा रही है। सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए इस अवधि में आने वाले सभी अवकाश दिवसों, शनिवार और रविवार को भी सभी निर्धारित सहायता केंद्र डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी निर्धारित समय-सीमा के अंदर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर उपस्थित होकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

बीबीएयू में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया 14 से होगी शुरू

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश विवरणिका जारी कर दी है। विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा अनुमोदित इस विवरणिका के अनुसार 14 जुलाई, 2026 से समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होगा। प्रवेश प्रक्रिया कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर सम्पन्न की जाएगी।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने बीबीएयू के बारे में बताते हुए कहा कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आज अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण के कारण देश के अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। साथ ही नैक ए ++ मान्यता, एनआईआरएफ में देशभर में 37वीं रैंकिंग, आधुनिक अधोसंरचना, हरित एवं समावेशी परिसर तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम हमारी प्रमुख ताकत हैं। एडमिशन सेल कमेटी के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 1528 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें लखनऊ परिसर के 20 पाठ्यक्रमों में 958 सीटें तथा अमेठी सैटेलाइट परिसर के 7 पाठ्यक्रमों में 570 सीटें शामिल हैं। प्रवेश विवरणिका में सभी पाठ्यक्रमों की पात्रता, सीटों की संख्या, शुल्क, आरक्षण, आवश्यक दस्तावेज एवं प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया गया है।

साथ ही अभ्यर्थियों को बीए (ऑनर्स) पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीएससी, बीटेक सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन का अवसर मिलेगा।

लविवि ने नेपाल के लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ किया एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों को सुदृढ़ करने और वैश्विक स्तर पर ज्ञान व अनुसंधान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने नेपाल के लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और लुंबिनी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नेपाल के कुलपति प्रो. बिनोद प्रसाद धकाल के नेतृत्व में औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य दोनों प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान सहयोग, नवाचार और संस्थागत समन्वय को एक नई ऊंचाई प्रदान करना है।

यह समझौता ज्ञापन दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच विभिन्न रचनात्मक और विकासात्मक गतिविधियों के लिए एक बेहद मजबूत और व्यापक ढांचा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत मुख्य क्षेत्रों में मिलकर कार्य किया जाएगा। इसमें दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को एक-दूसरे के परिसरों में जाकर वैश्विक शैक्षणिक वातावरण को समझने और अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। दोनों देश के शोधकर्ता समसामयिक विषयों, तकनीकी नवाचारों और सतत विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से अनुसंधान करेंगे और अकादमिक शोध पत्र प्रकाशित करेंगे।

आधुनिक उद्योग और बाजार

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

ट्रक में घुसी डीसीएम, चालक की मौत, केबिन काटकर निकाला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काकोरी के हरदोई रोड स्थित कुशमौरा मोड़ के पास गुरुवार देर रात सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक से पीछे से डीसीएम टकरा गई। भीषण हादसे में डीसीएम का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान रामपुर जिले के मसिढ़ा रतन निवासी अरुण यादव के रूप में हुई है। वह पेशे से डीसीएम चालक था। गुरुवार को वह डीसीएम में माल लादकर संडीला से सुल्तानपुर जा रहा था। रात करीब 12 बजे काकोरी क्षेत्र के कुशमौरा मोड़ के पास हरदोई रोड पर सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक से उसकी डीसीएम पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक केबिन में फंस गया।

राहगीरों की सूचना पर काकोरी पुलिस

मौके पर पहुंची और तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकलकर्मियों ने रेस्क्यू उपकरणों की मदद से करीब डेढ़ घंटे तक अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त केबिन को काटा और गंभीर रूप से घायल चालक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल एरा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक और डीसीएम को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया।

मृतक अरुण अविवाहित था। परिवार में दो भाई हैं। उसके पिता हीरालाल भी डीसीएम चालक हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि सड़क किनारे खराब खड़ा ट्रक सुरक्षा मानकों के अनुरूप खड़ा किया गया था या नहीं।

दूसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में गुरुवार देर रात छत पर सो रहा मजदूर तेज बारिश होने से भागा। भागते वक्त मजदूर दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। जिससे उसके बांए पैर में सरिया घुस गई। जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे केजीएमयू लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुशांत गोल्फ सिटी के फतेहपुर वक्सा गांव निवासी सुखराम (49) मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी राजरानी, दो बेटे और दो बेटी है। मृतक के भतीजे नितिन ने बताया कि सुखराम रोज की तरह गुरुवार रात छत पर सो रहे थे। परिजनों ने उन्हें फौरन गोसाईगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए केजीएमयू रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में सुखराम ने दम तोड़ दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शुक्रवार को सुखराम का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र के बंथरा गाँव निवासी महिला ममता ने मोहल्ले के ही रजत सिंह, आकाश सिंह, अंशुमान सिंह, हिमांशु सिंह और उनके अन्य अज्ञात साथी के खिलाफ बेटे के साथ गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ममता के मुताबिक उनका बेटा आशुतोष यादव कार्य से घर से निकला था। इसी दौरान रजत सिंह, आकाश सिंह, अंशुमान सिंह, हिमांशु सिंह व साथी ने आशुतोष की बेरहमी से पिटाई कर दी।

सड़क किनारे मिला युवक का शव

लखनऊ। दुबग्गा के कटौली गांव में खेल मैदान के पास बीते मंगलवार दोपहर सड़क किनारे मिले करीब (26) वर्षीय अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिवारीजनों ने युवक के दाहिने हाथ पर लिखा 'एम ए' पहचान अंकित होने के आधार पर उसकी पहचान की। पहचान होने के बाद मृतक के पिता ने पड़ोसी गांव के एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया बीते मंगलवार को कटौली गांव के बाहर खेल मैदान के पास सड़क किनारे युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आसपास के लोगों और ग्राम प्रधान नवीन यादव की मदद से पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह मृतक के पिता गुरुचरण पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने दाहिने हाथ पर एम ए लिखा सहित कपड़ो ओर चप्पलों से पहचान की।

मासूम का अपहरण कर की अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

- एडीसीपी ने किया घटनास्थल का किया निरीक्षण
- मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर उसके साथ अश्लील हरकत किए जाने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद लोगों में गहरा आक्रोश है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले की जानकारी मिलने पर एडीसीपी उत्तरी टि्वंकल जैन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात चार वर्षीय बच्ची अपनी मां और भाई-बहनों के साथ चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति कथित रूप से सोती हुई बच्ची को उठाकर ले गया। कुछदेर बाद शौच से लौटी मां ने बच्ची को बिस्तर पर नहीं पाया तो उसके होश उड़ गए। परिवार और ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला।

पीड़िता की मां ने बताया कि दिन में उमरावल गांव निवासी अमित नामक युवक उनके घर के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया था। इसी शक के आधार पर ग्रामीण उसके घर पहुंचे, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। बताया जाता है कि गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक तालाब के किनारे आरोपी अमित उर्फ रजनीश उर्फ कृष्णा बच्ची के साथ अश्लील हरकत करते हुए मिला। मां के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

दबंगों ने ट्रक चालक व क्लीनर को पीटा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दबंगों ने ट्रक बैक करते समय थार गाड़ी में टक्कर लग जाने के बाद ट्रक चालक व क्लीनर को जमकर पीटा और उसे बंधक बनाकर रात भर अस्पताल की दूसरी मंजिल पर रखा सुबह जब परिजनों को घटना का पता चला तो मौके पर पहुंचकर उन्हें छुड़वाया और पुलिस में शिकायत की। पीड़ित चालक शिवा सिंह ने बताया कि वह वृंदावन कॉलोनी के सेक्टर 5 के लौगा खेड़ा का निवासी है वह अपने परिचालक आशीष के साथ बीते 8 जुलाई को ट्रक पर समान लाद कर बंथरा से खुर्दही बाजार आया था। ट्रक बैक करते ए. एस. हॉस्पिटल के सामने रोड पर खड़ी थार से टकरा गई थी। जिसके बाद गौरव तिवारी, समीर सिंह, गौरव पप्पू व मैनेजर अरुण ने मिलकर पीटा और एक लाख रुपये की डिमांड की। रात करीब तीन बजे जब मारपीट के बाद कमरे में बंद करके जब वापस चले गए तो पीड़ित ने अपनी माँ को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर 9 जुलाई की सुबह पहुंची माँ ने परिचितों व पुलिस को बुलाकर बंधक से मुक्त कराया। बंधक मुक्त होने के बाद पीड़ित ने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंचकर अस्पताल संचालक थार मालिक समेत पिटाई करने वाले सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया।

ससुरालीजनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना में मृतका के परिजनों ने पति, जेठ व ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मामा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि ससुराल में पति द्वारा डंडे से पीटे जाने के बाद मोहनलालगंज के खुजौली पुलिस चौकी पर समझौता कराने के अगले दिन गुरुवार को गुड़िया (32) का शव संदिग्ध हालात में घर में फंदे से लटकता मिला था। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। एसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मायकेवालों को शांत कराया था। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति, जेठ सहित ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला की हत्या का प्रयास, पांच पर मुकदमा

लखनऊ। ठाकुरगंज के बरौरा हुसैन बाड़ी इलाके में रहने वाली लल्ली मिश्रा ने पांच लोगों पर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लल्ली मिश्रा ने बताया कि जेठानी सुभाषिनी ने एक पिल्ला पाला है। वह आए दिन उनके गेट के सामने गंदगी करता है। आरोप है कि छह जुलाई की दोपहर 12 बजे जब उन्होंने जेठानी से पिल्ला को बांध कर रखने को कहा तो वह गाली-गलौज करने इतना ही नहीं वहां पहुंचे जेठानी के बेटा सत्यम, पात तत्पप्र, ससुर रामआसरे और सास सुमन ने उन्हें बाल पकड़ कर उन्हें पीटा। मगर परिवार सदस्य होने के कारण पीड़िता ने पुलिस में शिकायत नहीं की। आरोप है कि इसके अगले दिन सुबह करीब 6:30 एक बार फिर जेठानी ने पिल्ला जानबूझकर उनके गेट के सामने पहुंचा दिया। उसने गंदगी कर दी। लल्ली ने बताया कि उन्होंने गंदगी साफ करने के बाद जब दोबारा जेठानी से शिकायत की तो वह और अन्य आरोपी फिर से उन्हें पीटने लगे। आरोपियों ने दुपट्टे से उनका गला कसना शुरू कर दिया। किसी तरह से उन्होंने खुद को बचाया। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी घर पहुंचे। पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मारपीट के दौरान उनके काफी चोटें आई। इंस्पेक्टर ओमद बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विवेचना के दौरान जो भी साक्ष्य मिलेंगे उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टैक्सी सवार युवक की जेब से मोबाइल व 9 हजार रुपये चोरी

लखनऊ। मड़ियांव में टैक्सी से सफर कर रहे एक युवक की जेब से मोबाइल फोन और 9 हजार रुपये चोरी हो गए। टैक्सी में बैठे तीन युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। सीतापुर के अटरिया निवासी नसीम सोमवार को का से दुबग्गा आए थे। लौटते समय टैक्सी में मौजूद तीन युवको ने बातों में उलझाकर उनकी जेब से मोबाइल फोन और 9 हजार रुपये चोरी कर लिए। सीतापुर रोड पर उतरने पर उन्हें चोरी का पता चला। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर टप्पेबाजों का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

अधिवक्ता समेत दो के खातों से उड़ाये पांच लाख

लखनऊ। राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने अधिवक्ता समेत दो के खातों से करीब 5.05 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने यूपीआई की मदद से रुपये निकाले तो कहीं क्रिप्टो के माध्यम से ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले तालकटोरा व गोमतीनगर के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

राजाजीपुरम डी-ब्लॉक निवासी प्रदीप पांडेय का खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने 2 जुलाई को यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से छह बार में 4,85,996 रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख प्रदीप के पैरों तले जमीन खिसक गयी। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करने के बाद पीड़ित ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, गोमतीनगर के विराटखंड-2 निवासी अधिवक्ता प्रणव मिश्र ने बताया कि साइबर जालसाज ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर उनके खाते से 19,500 रुपये गायब कर दिए।

सूचना

सूचित हो कि मैने अटल बिहारी बाजपेयी हाईस्कूल ढिकुन्नी जिला हरदोई से वर्ष 1989 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 1303456 कहीं खो गया है। **सतीश कुमार पुत्र स्व. दयाशंकर नि.- मोहल्ला बस्ती धनवंतराय कस्बा, परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश उसका नाम Yashashvi Verma दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में उसका सही नाम Yasashwee Verma दर्ज है। हाईस्कूल मार्कशीट में भी मेरी पुत्री का सही नाम दर्ज किया जाये। **स्वराज प्रकाश वर्मा (Swaraj prakash Verma) पुत्र स्व. राम जगत वर्मा नि.- विशाल खण्ड-1, गोमती नगर, लखनऊ।**

विद्यार्थियों को बांटे गये प्रमाण-पत्र

लखनऊ। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित क्राफ्टशाला पायलट परियोजना के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसण्ड, लखनऊ में आयोजित चिकनकारी शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन अवसर पर आज विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन कटियार, उप-प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी त्रिवेदी, कला शिक्षक एवं क्राफ्टशाला परियोजना के विद्यालय समन्वयक श्री रामाशिष यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश शुक्ल, हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, लखनऊ के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) राजा आलम तथा हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी इन्द्रेश कुमार यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने लखनऊ की पारंपरिक चिकनकारी शिल्प का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा शिल्प की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक विशेषताओं से परिचित हुए।

'क्राफ्टशाला' पायलट परियोजना का उद्देश्य विद्यालयी विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध हस्तशिल्प परम्पराओं से परिचित कराना, उनमें पारंपरिक शिल्पों के प्रति रुचि एवं सम्मान विकसित करना तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी रचनात्मक क्षमता और कौशल का संवर्धन करना है। इस परियोजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को अनुभवी शिल्पकारों के मार्गदर्शन में हस्तशिल्प की मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

एटीएम कार्ड से वृद्धा के खाते से उड़ाये 57 हजार

लखनऊ। माताजी एटीएम स्क्रीन पर बैलेंस दिख रहा है। कार्ड लगाकर कैंसिल कर दीजिए। कुछ इस तरह का झांसा देकर एटीएम बूथ पर उचक्कों ने कार्ड बदलकर वृद्धा के खाते से 57 हजार रुपये पार कर दिए। ठगी की जानकारी होने पर पीड़िता ने कार्ड ब्लॉक कराने के बाद गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बैंक से एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मांगे गए हैं।

विरामखंड-2 निवासी बुजुर्ग माधुरी ओझा ने बताया कि वह विरामखंड-1 के जीवन प्लाजा निकट इंडसइंड बैंक के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गयी थी। इसी दौरान एक युवक ने कहा कि माता जी आपका बैलेंस एटीएम स्क्रीन पर दिख रहा है। उसे कार्ड लगाकर कैंसिल कर दीजिए। इसपर माधुरी ने मशीन में दोबारा कार्ड लगाकर कैंसिल करने का प्रयास करते हुए मोबाइल बगल में रख दिया और मशीन से कार्ड निकालकर एटीएम बूथ से बाहर आ गयी।

विनोद कुमार अध्यक्ष व सुभाष सिंह महामंत्री बने

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन कार्यालय में शुक्रवार को नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। समारोह में एडवोकेट विनोद कुमार तिवारी ने अध्यक्ष पद तथा एडवोकेट राम कुमार सिंह (सुभाष सिंह) ने महामंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने संगठन की एकजुटता, न्यायिक गरिमा के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

- ट्रांसपोर्ट बार एसो. की नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ

नवगठित कार्यकारिणी में एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, एडवोकेट अशोक द्विवेदी एवं एडवोकेट अनिल कुमार मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मंत्री पद की जिम्मेदारी एडवोकेट सुरेश कुमार शर्मा, एडवोकेट ज्ञान बहादुर सिंह एवं एडवोकेट अंकित शर्मा को सौंपी गई। एडवोकेट मुकेश मन्ध्यान व एडवोकेट विजय शंकर त्रिपाठी संगठन मंत्री बने। एडवोकेट मुकेश, विजय शंकर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष, एडवोकेट शिवनन्दन यादव, शैलेश कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी व चन्द्र सिंह लेखा परीक्षा, वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में एडवोकेट दीपक कुमार सिंह राठौर, निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव, बृजेश कुमार अग्निहोत्री, प्रभात श्रीवास्तव, एडवोकेट सैयद हसन मेहदी जैदी, आशुतोष मिश्रा एवं एडवोकेट प्रवीण तिवारी को शामिल किया गया।

दोस्त के घर आयी युवती ने लगायी फांसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के गोवर्धन एनक्लेव में गुरुवार शाम एक युवती का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान गोंडा निवासी प्रतिभा मिश्रा के रूप में हुई है। वह गोंडा में संविदा नर्स थी। बुधवार को वह गोंडा से नोट्स लेने के लिए लखनऊ आई थीं और अपने पुरुष मित्र विकास त्रिपाठी के कमरे पर रुकी थीं। विकास संजय गांधी पीजीआई संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर हैं।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर विकास ड्यूटी पर चले गए थे। शाम को ड्यूटी से लौटकर उन्होंने चाबी से कमरे का दरवाजा खोला तो प्रतिभा दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी मिलीं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रात करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि प्रतिभा बुधवार को गोंडा से लखनऊ नोट्स लेने आई थी। पुलिस ने बताया कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी : चिनहट इलाके में गुरुवार रात नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने खुदकुशी कर ली। रात में मां खाना खाने के लिए बुलाने गई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो बेटा फंदे से लटक रहा था। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा और उसे फंदे से उतारकर फौरन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुरलीपुरा कॉलोनी निवासी विष्णु वर्मा (19) नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र की मां अनीता ने बताया कि पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। घर पर सिर्फ मां-बेटे ही रहती है। वह शिक्षिका है। विष्णु उनका इकलौता बेटा था। गुरुवार रात मां ने खाना खाने को कहा। उसने थोड़ी देर बाद खाना खाने के लिए कहा। इसके बाद मां छत पर टहलने चल गई। रात करीब साढ़े बजे वह नीचे आई और विष्णु को खाना खाने के लिए बुलाने गई। तो कमरा अंदर से बंद था। अनीता ने कई आवाजें लगाई, लेकिन कमरे से कोई उत्तर नहीं मिला। अनीता ने कमरे में लगी खिड़की से झांककर देखा कि विष्णु पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रहा था। बेटे को फंदे से लटका देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे।

पड़ोसियों ने विष्णु के कमरे का दरवाजा तोड़ा और उसे फंदे से नीचे उतारा। पड़ोसी उसे फौरन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने विष्णु को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही चिनहट पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि विष्णु ने अभी हाल में नीट की परीक्षा दी थी। परीक्षा रद्द हो गई थी। इसके बाद दोबारा नीट की परीक्षा दी थी। तब से वह काफी परेशान रहने लगा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिनहट पुलिस ने बताया कि छात्र के कमरे से कोई सुराइड नोट नहीं मिला है।

नाबालिगों को रोब्लॉक्स समेत ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर रोक की मांग, हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म रोब्लॉक्स और ऐसे ही अन्य समान प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र व राज्य सरकार समेत अन्य विपक्षीगणों से जवाब तलब किया है। अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए रोबोनाक्स व अन्य संबंधित पक्षों को भी नोटिस जारी कर शीघ्र जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने स्थानीय अधिवक्ता रानी सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

कोर्ट ने जिन विपक्षीपक्षकारों केा नोटिस जारी किया है उनमें राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण नई दिल्ली, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भारत ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली, रोब्लॉक्स इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र तथा प्रबंध निदेशक, रोब्लॉक्स इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि रोब्लॉक्स तथा अन्य समान ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म नाबालिग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार और साइबर सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म तक नाबालिगों की पहुंच पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए जाएं।

ऑटो चालक को फर्जी मुठभेड़ में फंसाने के आरोपों की जांच की मांग वाली याचिका वापस

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में विकासनगर क्षेत्र में एक युवती के ऑटो से कूदने के बाद ऑटो चालक को कथित रूप से झूठे मुकदमें और फर्जी मुठभेड़ में फंसाए जाने के आरोपों की जांच की मांग वाली आपराधिक रिट याचिका मंगलवार केा वापस ले ली गई। अदालत ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देते हुए याची को विधि के अनुसार अन्य उपयुक्त कानूनी उपाय अपनाने की स्वतंत्रता प्रदान की। यह आदेश न्यायमूर्ति रजनीश कुमार एवं न्यायमूर्ति बबीता रानी की पीठ ने सावित्री की ओर से दायर याचिका पर पारित किया।

इस पर कोर्ट ने पुलिस की सच्चाई जानने के लिए गत 7 जुलाई को जगरानी अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने तथा घटना स्थल से अस्पताल तक के मार्ग के उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। मंगलवार को आदेश के अनुपालन में जगरानी अस्पताल के निदेशक अमिताभ गौरव व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सीसीटीवी फुटेज केवल 15 दिन तक ही सुरक्षित रखा जाता है। इसी कारण 30 मई, 2026 का फुटेज उपलब्ध नहीं है।

हिन्द चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थाओं के निदेशक दंपति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाराबंकी और सीतापुर के हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक दंपति के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर गाजीपुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। आरबीएल बैंक इंदिरा नगर शाखा प्रबंधक मलय मोहन की ओर से दर्ज एफआईआर में आरोप है कि निदेशक डॉ. आमोद कुमार सचान और उनकी पत्नी ऋचा मिश्रा ने फर्जी ट्रस्ट डीड के आधार पर उनके बैंक में खाता खुलवाया। जांच में खुलासा होने और खातों में लेनदेन का संचालन रोकने पर आरोपी डॉक्टर ने जान से मारने की शखा प्रबंधक ने आरोप लगाया कि गाजीपुर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह कोर्ट गए। कोर्ट के आदेश पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

उधर, इस सबंध में हजरतगंज रॉयल कैफे में प्रेसवार्ता कर मनीवेंद्र सिंह और विकास कुमार वर्मा ने भी डॉ. आमोद सचान पर आर्थिक अनियमितताओं, बैंक ऋण प्रकरणों, वित्तीय गड़बडियों के आरोप लगाए।

आरबीएल बैंक इंदिरा नगर शाखा प्रबंधक मलय मोहन के मुताबिक वर्ष 2022 में हिन्द चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थाओं हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सफेदाबाद बाराबंकी और अटरिया सीतापुर के नाम से बैंक में खाते खोले गए थे। डॉ. अमोद कुमार सचान और उनकी पत्नी ऋचा मिश्रा ने स्वयं को ट्रस्ट का अधिकृत पदाधिकारी बताते हुए खाते खुलवाए थे। इसके 2026 में बैंक को ट्रस्ट के संबंध में कैसरबाग थाने में दर्ज एक आपराधिक मामले की जानकारी हुई। इसके बाद कैसरबाग थाने में दर्ज मामले में विवेचना अधिकारी के निर्देश पर ट्रस्ट के खातों को नो डेबिट की श्रेणी में डाल दिया गया। उनके खातों के संचालन पर रोक लगा दी गई।

फर्जी लविप्रा की रसीद वाट्सअप पर भेजी

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहायक चकबन्दी अधिकारी-अर्जन ने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर धोखाधड़ी कर फर्जी रशीद वाट्सअप के जरिये भेजने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सहायक चकबन्दी अधिकारी-अर्जन तुलसीराम ने आरोप लगाते हुए बताया कि मुझे मोबाईल व्हाटसएप नम्बर पर व्हाटसएप दूसरे मोबाईल नंबर से एक फर्जी पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके कूटरचित ढंग से लखनऊ विकास प्राधिकरण के अहित में फर्जी तरीके से सहायक चकबन्दी अधिकारी-अर्जन, लविप्रा के नाम से जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त कूटरचित फर्जी पत्र में वर्णित है कि प्रश्नगत ग्राम-अरदौनामऊ, तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ की भूमि खसरा संख्या-239 एवं 240 का अधिग्रहण अगर शहीद पथ गोमतीनगर विस्तार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2000-01 में किया जा चुका है।

सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर करते ठगी, चार गिरफ्तार

लखनऊ। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और अधिक पैसा कमाने का प्रलोभन देकर लोगों के नाम का सिम एक्टिवेट कराकर उससे यूपीआई आईडी बनाकर विभिन्न गेमिंग एप के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने अभियुक्त अभिषेक वर्मा, नीरज वर्मा, रवि दीप कुमार व आदेश वर्मा के पास से कई अहम दस्तावेज मार्को फिंगर मशीन, कई बैंकों के एटीएम कार्ड, बरामद किए हैं। एसटीएफ ने सभी अभियुक्तों को थाना कोतवाली क्षेत्र सदर जनपद खीरी से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उनका एक गिरोह है जो लोगों को विभिन्न सरकारी योजना के लाभ दिलाने एवं अन्य माध्यमों पैसा दिलाने के नाम पर ठगी करता है। एसटीएफ ने पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 26/ECTC(L)/2026-27 अधोहस्ताक्षरी

साधारण सास-बहू वाली कहानी नहीं है शो 'तू ही रे दिल' : प्रियांशी यादव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पांड्या स्टोर और डोरी के बाद अब अभिनेत्री प्रियांशी यादव तू ही रे दिल धारावाहिक में वृंदा की भूमिका निभा रही हैं। प्रियांशी के अनुसार, जी टीवी पर प्रसारित होने वाला यह शो पारंपरिक सास बहू वाले से अलग प्यार और रिश्तों की कहानी है। तू ही रे दिल में धारावाहिक को लेकर प्रियांशी कहती हैं, मैंने अभी तक जो भी काम किया है, वृंदा की भूमिका उनसे पूरी तरह से अलग है। मॉक शूट के दौरान जब मुझे पहली बार स्क्रिप्ट मिली तो मैंने देखा कि यह इतनी बारीकी से लिखी गई है कि उसमें हर सीन की भावनाएं झलक रही हैं। वृंदा भले ही सिर्फ 19 साल की है, लेकिन गंभीर परिस्थितियों को भी वह परिपक्वता से संभालना जानती है। यह साधारण सास बहू वाली कहानी नहीं है। हमारी कहानी में रिश्ते, जुड़ाव, भावनाएं और परिवार से जुड़ी बातें दिखाई गई हैं। हमारे शो में हर पात्र का सफर, उससे जुड़े सही कारणों के साथ दिखाया जा रहा है।

भाग्य से ज्यादा भगवान पर भरोसा: धारावाहिक में भाग्य वृंदा का हमेशा साथ देता है, लेकिन निजी जिंदगी में भाग्य के भरोसे को लेकर प्रियांशी कहती हैं, अक्सर लोग कहते हैं कि आपको वही मिलता है, जो आपके भाग्य में लिखा होता है। हालांकि, मेरा सोचना है कि आपके साथ वही होता है, जो भगवान चाहेंगे। अगर मेरे भाग्य में कुछ गलत भी लिखा होगा, लेकिन भगवान मेरे साथ हैं तो वह गलत लिखा भी ठीक कर देंगे। मैंने अपनी जिंदगी में देखा है कि अगर मेरे साथ कभी कुछ बुरा भी हुआ है तो आगे चलकर मुझे उसके अच्छे ही परिणाम मिले हैं। हाल ही में मैंने यूथ नाम की एक फिल्म की है। मुझे उस फिल्म में अपनी कास्टिंग को लेकर बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी, लेकिन पता नहीं कैसे भगवान की कृपा हुई कि मेरे पास वो प्रोजेक्ट आ गया। मैंने उसमें परफॉर्म किया और उसके लिए मुझे बहुत प्यार मिला।

ये हैं प्यार के पैमाने: प्यार को लेकर अपनी प्राथमिकताओं पर प्रियांशी कहती हैं, प्यार को लेकर मेरी प्राथमिकताएं यही हैं कि वो इंसान मेरी तरह धार्मिक स्वभाव वाला, ईमानदार, वफादार, झूठ न बोलने वाला हो। अगर मैं भगवान के बताए सही रास्ते पर जा रही हूं तो कोई रोक-टोक न करे, बल्कि उसमें मेरा साथ दे। इसके साथ थोड़ा मस्ती-मजाक करने वाला व्यक्ति भी होना चाहिए।

काम नहीं कला में संघर्ष: प्रियांशी अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, युवावस्था में मेरी मम्मी का सपना अभिनेत्री बनने का था। हालांकि, कुछ पारिवारिक कारणों से वह नहीं बन पाईं। फिर उन्होंने सोचा कि अगर उनकी बेटी हुई तो वह उसे अभिनेत्री बनाएंगी। मॉडलिंग और विज्ञापनों में एक्टिंग तो मैं बचपन से ही करती आई हूं। मेरे सफर में बहुत अलग-अलग तरह के मोड़ आए। धारावाहिक पांड्या स्टोर के ऑडिशन के लिए पहली बार मुंबई आई थी और भगवान की कृपा से उसमें चुन ली गई। तब मुझे कुछ भी उम्मीद नहीं थी। उस समय मैं बहुत अपरिपक्व थी, न मैंने कोई थिएटर किया है, ना ही तब मुझे अच्छी तरह एक्टिंग आती थी। मैं अपने पहले धारावाहिक में काम करते हुए काफी कुछ सीखा। फिर दूसरा धारावाहिक मैंने डोरी किया। उसमें मैंने भावनाओं को गहराई से व्यक्त करना सीखा। अपने सफर में मैंने सिर्फ अपनी कला को बेहतर करने के लिए संघर्ष किया है, बाकी काम पाने को लेकर मैंने कोई संघर्ष नहीं किया है।

अपना अधिकार पाने के लिए लड़कियों को अपनी आवाज उठाना जरूरी

समाज में महिलाओं और लड़कियों के समानाधिकार की लड़ाई पर प्रियांशी कहती हैं, आज के दौर में अपना अधिकार पाने के लिए लड़कियों को अपनी आवाज उठाना जरूरी है। मैंने अपनी मम्मी और उनकी जान-पहचान की दूसरी औरतों को भी देखा है कि अगर कोई चीज खराब लगती है तो भी वे अपनी आवाज दबाकर रखती हैं। ऐसी परिस्थितियों में यह बताना बहुत आवश्यक है कि फलां चीज मुझे नहीं पसंद है तो मैं नहीं करूंगी। हम स्वयं को अपने सोच से सशक्त बनाते हैं। इसलिए महिलाओं को अपना सोच मजबूत करना होगा। समाज को यह बताना आवश्यक है कि अपनी जिंदगी के निर्णय लेने के अधिकार हमारे हाथों में हैं। अपने पहले शो में कोई कुछ भी करे, मैं चुप रहती थी। कारण, तब मेरी उम्र सिर्फ 16-17 साल की रही होगी। फिर मैंने असहज करने वाली चीजों पर बोलना शुरू किया। अगर कभी किसी सहकलाकार के साथ कोई समस्या होती थी या किसी सीन में कुछ सुधार करना होता था तो उन चीजों पर बोलना शुरू किया। इससे मुझे इस इंडस्ट्री में अपनी शर्तों पर टिके रहने में बहुत मदद मिली।

राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर लंच के पैकेट्स बांटे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षामंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आदर्श कुष्ठ आश्रम में 200 लोगों को दोपहर के लंच के पैकेट्स बँटवाए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन सदर लखनऊ व्यापार मंडल व खालसा चौक सेवा समिति द्वारा करवाया गया। यह जानकारी पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी सतबीर सिंह राजू द्वारा दी गई। राजू ने बताया की कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों ने राजनाथ सिंह जी की दीर्घ आयु के लिए प्रार्थना की तथा उनके उज्जवल राजनैतिक भविष्य की कामना की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आनंद द्विवेदी व पूर्व एम एल सी अरविंद त्रिपाठी ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा को नई दिशा देने में राजनाथ जी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। लखनऊ को एक स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में हमेशा आपका पूर्ण आशीर्वाद हम सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ है। पूर्व महापौर लखनऊ संयुक्ता भाटिया व सिंधी अकैडमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना की। प्रखर वक्ता एवं जनप्रिय राजनेता और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सरदार रजिंदर सिंह बग्गा अध्यक्ष खालसा चौक सेवा समिति ने कहा आपके अनुभव और कार्यकुशलता से भारत की रक्षा शक्ति निरंतर सुदृढ़ हो रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओंकार सिंह पनेसर, संजय अग्रवाल, मनमोहन सिंह मोनी, विक्की बग्गा, तेजपाल सिंह बग्गा, विपिन वैश दयाल, कुलदीप सिंह, शाह कोहली, आदि मुख्य रूप से थे।

भातखंडे के दीक्षांत समारोह में मेडल पाने वालों में 69 प्रतिशत लड़कियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षांत समारोह 15 जुलाई को कलामंडपम में भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और मुख्य अतिथि के रुप में पद्मश्री पंडित कुमार बोस एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को उनकी अचीवमेंट्स के लिए 48 मेडल दिए जाएंगे, जिसमें 30 गोल्ड मेडल, 9 सिल्वर मेडल और 9 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

इस साल सबसे ज्यादा 7 मेडल यूनिवर्सिटी में एमपीए (कथक) की स्टूडेंट श्वेता गुप्ता को दिए जाएंगे। इसके साथ ही 3 रिसर्चर्स को पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में जो 48 मेडल स्टूडेंट्स को दिए जा रहे हैं, उन्हें हासिल करने वालों में 69 परसेंट गर्ल्स कैंडिडेट्स हैं जबकि 31 परसेंट ब्वॉयज हैं। वहीं, ग्रेजुएशन में 60 परसेंट गर्ल्स और 40 परसेंट ब्वॉयज, पीजी में 50 परसेंट गर्ल्स और 50 परसेंट ब्वॉयज, पीएचडी में 33 परसेंट गर्ल्स और 67 परसेंट ब्वॉयज शामिल हैं। कुल मिलाकर इस बार दीक्षांत समारोह में गर्ल्स का पलड़ा भारी है। एमपीए कथक की श्वेता गुप्ता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मुझे बचपन से ही डांस से लगाव रहा है। 2019 में मैंने कथक जॉइन किया क्योंकि मुझे लगता है कि ये मेरी संस्कृति से जुड़ा है, जिसे मैं आगे बढ़ाना चाहती हूं। फ्यूचर में भी मैं कथक में ही आगे बढ़ूंगी और साथ ही छोटे बच्चों को भी कथक सिखाऊंगी ताकि ये कल्चर आगे बढ़ता रहे।

एमपीए गिटार की नेहा काजी ने कहा कि दीक्षांत समारोह में मुझे 5 मेडल मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। इससे पहले इस कैटेगरी में किसी फीमेल को गोल्ड मेडल नहीं मिला था, जो दोगुनी खुशी की बात है। इससे पहले मुझे बीपीए में भी गोल्ड मिला था। मेरा सफर 9 साल पहले शुरू हुआ था। अभी मुझे काफी कुछ एक्सप्लोर करना है। मैं फ्यूजन म्यूजिक प्रोडक्शन करना चाहती हूं। बीपीए गायन की प्रिया दुबे ने कहा कि मुझे दीक्षांत समारोह में 4 मेडल मिल रहे हैं, जिसको लेकर मैं बहुत खुश हूं और अपने पेरेंट्स, टीचर्स और ईश्वर को थैंक्स कहती हूं। मुझे बचपन से ही गाने का काफी शौक था, लेकिन मेरा बैकग्राउंड म्यूजिक का नहीं था तो मुझे काफी चीजें फेस करनी पड़ीं, पर फिर भी मैंने अपने पैशन को नहीं छोड़ा और आज मैं बहुत अच्छा फील कर रही हूं।

एमपीए गायन के स्पर्श कुमार कश्यप ने कहा कि मुझे बचपन से ही गाने का शौक था और 2018 में मैंने भातखंडे जॉइन किया था, जिसके बाद मैंने काफी मेहनत की जिसकी वजह से मुझे 4 मेडल्स मिल रहे हैं। ये मेरे लिए बहुत स्पेशल मोमेंट है। मुझे इसी फील्ड में रहना है। मैं पीएचडी करके प्रोफेसर बनना चाहता हूं। एमपीए गायन के आलोक कुमार मिश्रा ने कहा कि दीक्षांत समारोह में 4 मेडल्स मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आजमगढ़ के हरिहरपुर संगीत घराने से बिलॉन्ग करता हूं और मेरे यहां सभी म्यूजिक से जुड़े हैं। संगीत तो मुझे विरासत में मिला है। अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मैं इंटरनेशनल आर्टिस्ट बनना चाहता हूं। एमपीए भरतनाट्यम की दीप्ति सिंह ने कहा कि भरतनाट्यम से मुझे बेहद प्यार है क्योंकि इसे करने से मुझे बहुत अच्छा महसूस होता है। मैंने अपनी पूरी पढ़ाई करने के बाद टीचिंग की जॉब छोड़कर दोबारा बीपीए, एमपीए किया और भरतनाट्यम शुरू किया। अब दीक्षांत समारोह में मुझे 3 मेडल मिल रहे हैं, जो मेरे लिए बहुत हैप्पी मोमेंट है।

16 को भ्रमण पर निकलेंगे श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा, भाई बलदेव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण पर भक्तो से मिलने के लिए निकलेंगे और भक्तो ने भी दिल खोलकर सुनेरी झड़ूकर फूलो की वर्षा के साथ इत्र के छिड़काव कर जगन्नाथ रथ का स्वागत करेगे। भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र चांदी के भव्य मुकुट एवं आकर्षक बनारसी वस्त्र धारण कर दिव्य सजे हुए रथों पर विराजमान होंगे। रथ यात्रा के दौरान तीनों विग्रहों का अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। भगवान जगन्नाथ महाआरती के समय उज्जैन की तर्ज पर डमरू बजाकर उद्घोष किया जाएगा फिर भगवान जगन्नाथ, माई सुभद्रा, भाई बलदेव को 56प्रकार के भोग लगाकर रथ पर विराजमान करके रथ की रस्सी खींचकर श्रीयात्रा शुभारंभ किया जाएगा। श्याम जी साहू ने बताया कि 65 वा श्री माधव मन्दर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 2026 की शुरूआत पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजत का 13 जुलाई को वृक्षारोपण, 14 जुलाई सुंदरकांड, 15 जुलाई को वैदिक हवन यज्ञ, 16 जुलाई जगन्नाथ रथ यात्रा, 17 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन लईया मण्डी में आयोजित जाएगा।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम: वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम 16 जुलाई को सायं 4 बजे डालीगंज श्री माधव मन्दिर से प्रारम्भ होकर नजीगंज, शंकरनगर, राम कृष्ण मठ के समाने होते हुए अयोध्या रोड रामाधीन सिंह लॉन, डॉ पन्ना लाल चौराहा, डालीगंज पुल से मुड़कर हसनगंज कोतवाली, डालीगंज बाजार श्री माधव मन्दर पर सम्पन्न होगी

विंटेज कार में निकलेगी झांकी: घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि विंटेज कार पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान, शंकर भगवान सबको आकर्षित करेगे, नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगा हुए दिखाई देगे। वही प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद भोग सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा। उपाध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया कि रथ यात्रा में सम्मिलित समाजसेवी एवं पार्षद रंजीत सिंह की पर्यावरण सेवा द्वारा स्वच्छ गोमती निर्मल गोमती द्वारा जागरूकता करते हुए दिखाई देगे। यात्रा में सबसे आगे 15 फीट हनुमान ध्वजा रथ यात्रा में लहराएगा। उपाध्यक्ष ओमकार जयसवाल बताया कि इस बार लाइव प्रसारण फेजबुक पेज पर किया जाएगा। वही राकेश साहू ने बताया कि मोबाइल के शौकीन फोटोग्राफर ने जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की यादगार झलकियां अपने मोबाइल में कैद करेंगे।

रथ यात्रा के प्रचार के लिए निकाली यात्रा

लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी जी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 16 जुलाई को आयोजित होने वाली श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के व्यापक प्रचार हेतु श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ के दिशा निर्देशन मे रथ यात्रा मार्ग पर इस्कॉन लखनऊ के भक्तों ने उत्साहपूर्वक नाचते-गाते हुये हरिनाम संकीर्तन रविंद्रालय चारबाग से प्रारम्भ किया और यात्रा मार्ग मे सभी को जागृत करते हुए श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में आमंत्रित किया गया। इस्कॉन भक्तवृंद द्वारा किये गये हरिनाम संकीर्तन से श्री जगन्नाथ जी का रथ यात्रा मार्ग आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। रथ यात्रा रविंद्रालय चारबाग से प्रारम्भ होकर बासमंडी चौराहा से हीवेट रोड पर चलकर दाहिने कैंट चौराहा (बलिंगटन) से बांये नावेल्टी सिनेमा होते हुए हलवासिया तिराहे से दाहिने हजरतगंज चौराहा होकर वापस चौराहे मुड़कर हलवासिया होते हुए जहांगीराबाद पैलेस लॉन में समाप्त होगी।

पारिवारिक मूल्यों पर विचार रखेंगे विद्वान

लखनऊ। समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहे अवध फाउण्डेशन की की ओर से रविवार 12 जुलाई को जानकीपुरम सेक्टर-एफ स्थित कार्यालय सभागार में शाम चार बजे से स्वामी धीरेन्द्र वशिष्ठ के मार्गदर्शन में परिवार एवं सामाजिक संबंधों का वर्तमान स्वरूप संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

प्रेसवार्ता में आयोजन की जानकारी देते हुए फाउण्डेशन के अध्यक्ष सूरजदेव शुक्ल ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य रूप से काशीनाथ पाण्डेय, जीआरपी शुक्ल, शिवकुमार पाण्डेय व छठ कुमार शुक्ल इत्यादि विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि सामाजिक दृष्टिकोण से परिवार के महत्व और पारिवारिक समस्याओं पर समाज की संवेदनशीलता के रूप में विस्तृत विचार-विमर्श की जरूरत को महसूस करते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में पारिवारिक संबंधों को कैसे सुदृढ़ किया जाये और किस तरह समाज में फैली विकृतियां परिवार को प्रभावित कर रही है, इस पर विचार होगा। नियमित कार्यक्रमों की श्रृंखला में अगला कार्यक्रम वृक्षारोपण का जुलाई अंत तक निर्धारित है। इसी क्रम में फाउण्डेशन आगे शिक्षा, बाल प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य शिविर, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण और स्वच्छता की दिशा में कार्य करेगा।

नाटक 'शेर-ए-हिन्द' में दिखा राजनाथ सिंह के जीवन का संघर्ष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ के सांसद एवं भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का 75वां जन्म दिन टीडी गर्ल्स इण्टर कालेज के प्रागण में भव्य व दिव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयवीर सिंह पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री रहे।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने तुम जियो हजारो साल-साल के दिन हो पवास हजार एवं वन्दे मात्रम गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर राजनाथ सिंह जी की लम्बी उम्र की कामना की। उनके जन्मदिन पर नाट्य प्रस्तुति भी आयोजित हुई जिसमें उनके बचपन से लेकर आज तक के जुझारू जीवन को दशार्या गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने कहा कि उनका जन्मदिन हम सभी को कर्म पर तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में आज तक कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा बल्कि लगातार आगे बढ़कर भारत का भविष्य संवारने में लगे हुए है। विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी सिंह ने उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि राजनाथ सिंह भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे प्रदेश के शिक्षामंत्री मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गृहमंत्री और आज भारत सरकार के रक्षामंत्री है। जिसके कारण भारत की सीमाए सुरक्षित हुयी है। ऐसे युग पुरुष का जन्मदिन मनाकर विद्यालय परिवार और हम सभी धन्य हो गये है। मैं अपने विद्यालय परिवार की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना करती हूँ। अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक महादेव प्रसाद यादव ने कलाकरों को प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान कर टीम प्रमुख अमित दीक्षित को भी सम्मानित करते हुए सभी लोगों का धन्यवाद दिया।

ऋषि का सद्ज्ञान नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानन्द शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत चन्द्रा हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर नर्सिंग कॉलेज के सन्दर्भ पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 466वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह सम्पूर्ण साहित्य पुत्रवधु श्रीमती किरन श्रीवास्तव एवं पुत्र ओपी श्रीवास्तव ने अपने माता-पिता स्व. प्रेमलता श्रीवास्तव एवं स्व. भृगुनाथ सहाय की स्मृति में ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान के प्रधानाचार्य श्री अभिषेक नोएल डेनियल ने भी अपने विचार रखे एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री अमित ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, सरोज श्रीवास्तव, अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव एवं संस्थान के प्रधानाचार्य अभिषेक नोएल डेनियल, प्रशासनिक अधिकारी अमित सहित संकाय सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना है : डॉ. सरिता श्रीवास्तव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर, लखनऊ में आज उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करना, संस्कृत को व्यवहार की भाषा के रूप में स्थापित करना तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लीना मिश्र ने मुख्य अतिथि डॉ. सरिता श्रीवास्तव, सहायक आचार्य, नारी शिक्षा निकेतन पी.जी. कॉलेज, लखनऊ एवं जनपद संयोजक, संस्कृत प्रतिभा खोज तथा शिविर की प्रशिक्षक सुश्री प्रेरिका अग्रवाल का विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, ज्ञान-परम्परा और जीवन-मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी गृहे गृहे संस्कृतम्-योजना का उद्देश्य संस्कृत को जन-जन तक पहुँचाना तथा उसे व्यवहारिक जीवन से जोड़ना है। उन्होंने छात्राओं से संस्कृत सीखने के साथ-साथ उसके व्यावहारिक प्रयोग को भी अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या डॉ. लीना मिश्र ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान-परम्परा के पुनर्स्थापन में संस्कृत भाषा की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर छात्राओं में भाषा-कौशल, सांस्कृतिक चेतना तथा भारतीय परम्पराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। शिविर की प्रशिक्षक सुश्री प्रेरिका अग्रवाल ने उद्घाटन सत्र के उपरांत छात्राओं को खेल-खेल में सरल एवं व्यवहारिक संस्कृत सिखाने का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। उन्होंने संवादात्मक पद्धति के माध्यम से दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले संस्कृत शब्द, सरल वाक्य, अभिवादन, संख्याएँ, सुभाषित, सामान्य ज्ञान तथा संस्कृत वार्तालाप का अभ्यास कराया। छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ प्रशिक्षण में सहभागिता की। इस 12 दिवसीय शिविर में लगभग 35 छात्राएँ प्रतिभाग कर रही हैं। शिविर के दौरान संस्कृत भाषा को सहज एवं रोचक ढंग से सीखने के लिए विविध गतिविधियों, भाषायी खेलों, संवाद-अभ्यास, गीत, श्लोक, प्रश्नोत्तरी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्नान-दान का प्रतीक आषाढ़ अमावस्या 14 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या कहलाती है, जिसे पितरों की शांति, स्नान-दान, तर्पण और देवी-देवताओं की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। आषाढ़ मास की अमावस्या का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि इस दिन पितृ तर्पण के साथ मां लक्ष्मी और शनिदेव की पूजा करने से विशेष पुण्य फल प्राप्त होने की मान्यता है। पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की अमावस्या तिथि 13 जुलाई 2026, सोमवार को शाम 6:49 बजे प्रारंभ होगी और 14 जुलाई 2026, मंगलवार को दोपहर 3:12 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर आषाढ़ अमावस्या 14 जुलाई 2026, मंगलवार को मनाई जाएगी। इसी दिन स्नान, दान, तर्पण, श्राद्ध और पूजा-पाठ करना शुभ माना जाएगा।

आषाढ़ अमावस्या का धार्मिक महत्व: आषाढ़ अमावस्या को सनातन परंपरा में अत्यंत पुण्यदायी तिथि माना गया है। कई क्षेत्रों में इसे हलहारिणी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन किसान खेती के उपकरणों और हल की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस तिथि पर पितरों का स्मरण, तर्पण और श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही मां लक्ष्मी की पूजा करने से आर्थिक सुख-समृद्धि और शनिदेव की आराधना करने से जीवन की बाधाओं एवं कष्टों में कमी आने की मान्यता है।

आषाढ़ अमावस्या की पूजा विधि: आषाढ़ अमावस्या के दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और पितरों का स्मरण करते हुए पूजा का संकल्प लें। यदि संभव हो तो पवित्र नदी या तीर्थस्थल में स्नान करें। घर में गंगाजल मिले जल से स्नान भी शुभ माना जाता है। पूजा के दौरान दीपक जलाकर भगवान का पूजन करें, पितरों के निमित्त तर्पण करें। अपनी श्रद्धा के अनुसार दान-पुण्य करें।

आषाढ़ अमावस्या पर क्या करें: पितरों की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करें। जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, तिल, छाता, जल और दक्षिणा का दान करें। पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाकर पितरों का स्मरण करें। शनिदेव की कृपा प्राप्त करने के लिए काले तिल, उड़द या सरसों के तेल का दान करें। कुत्ते, गाय, कौवे और अन्य जीवों को भोजन कराएं। मां लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करें और श्रीसूक्त या लक्ष्मी मंत्र का जप करें।

आषाढ़ अमावस्या पर क्या नहीं करना चाहिए: इस दिन क्रोध, झगड़ा और अपशब्दों से बचें। तामसिक भोजन, शराब और मांसाहार का सेवन न करें। बाल, दाढ़ी और नाखून काटने से बचना चाहिए। दिन में अधिक देर तक सोने से बचें। किसी का अपमान न करें और जरूरतमंद व्यक्ति को खाली हाथ न लौटाएं।

आषाढ़ अमावस्या का महाउपाय: यदि आर्थिक परेशानियां लंबे समय से बनी हुई हैं तो आषाढ़ अमावस्या की संध्या में मां लक्ष्मी के सामने घी का दीपक जलाकर श्रीसूक्त या 'ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' मंत्र का कम से कम 108 बार जप करें। इसके बाद अपनी क्षमता के अनुसार अन्न या धन का दान करें। धार्मिक मान्यता है कि इस उपाय से घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और आर्थिक संकट धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं।

संक्षेप

दीवार तोड़ने में पांच के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में दीवार तोड़ने व महिलाओं को मारने की धमकी देने वाले पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी कलावती देवी पत्नी अनुज कुमार को गुरुवार को गांव के गोविंद कुमार, दिलीप कुमार,किशन कुमार ने भू विवाद को लेकर उसकी दीवार को तोड़ दिया। जब कलावती व उसकी पुत्री समो ने विरोध किया तो उक्त लोगो ने दोनों महिलाओं को गाली- गलौज देते हुए मारने पीटने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार शाम को सुल्तानपुर गांव के दिलीप, गोविंद, किशन, मनोज समेत पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

करंट से अधेड़ की मौत

आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरौली टोडरपुर गांव में गुरुवार को खेत की सिंचाई के लिए एक किसान पास स्थित सरकारी नलकूप पर गया था। स्विच आन करने के दौरान वह करंट की चपेट में आया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अनधिकृत व स्कूली वाहनों के विरुद्ध चला अभियान

मीरजापुर। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में 1 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक शिक्षण संस्थाओं के वाहनों का सघन जांच अभियान 'मिशन सेफ फ्यूचर' संपादित किया जा रहा है।प्रथम चरण में सभी विद्यालयों को नोटिस, सूचना तथा अनफिट वाहनों की जांच की गयी तथा दूसरे चरण में 8 जुलाई 2025 से 15 जुलाई तक अनफिट विद्यालयी वाहनों के विरूद्ध सतत चेकिंग कार्यवाही की जा रही है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मीरजापुर के पर्यवेक्षण में जनपद के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रो में चेकिंग अभियान चलाकर नियमो की अनदेखी करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही की गयी। उक्त अभियान के अन्तर्गत 22 स्कूली वाहनों का चालान किया गया तथा जनपद मे विभिन्न थानों में 11 वाहनों की सीज किया गया। अवैध एवं डग्गामार संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 44 वाहनों का चालान करते हुए 34 वाहनों को निरूद्ध किया गया।

हेड कांस्टेबल पर धमकी देने का आरोप

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट ड्रमंडगंज निवासी द्वारिका प्रसाद केशरी ने ड्रमंडगंज थाने के एक हेड कांस्टेबल पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। द्वारिका प्रसाद केशरी ने बीते 29 जून को ड्रमंडगंज घाटी हनुमान मंदिर के पास तथा लहुरियादह, भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में देह व्यापार का धंधा किए जाने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। वायरल हो रहे वीडियो में शिकायतकर्ता यह कह रहा है कि देह व्यापार का धंधा करवाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई। ऊपर से ड्रमंडगंज थाने के दीवान नारायण शर्मा दो सिपाहियों और दारोगा के साथ मेरे घर आए और धमकी देने लगे कि तुम्हें दारू गांजा के धंधे में फर्जी मुकदमा लगाकर फंसा देंगे। वीडियो में बता रहे हैं कि देह व्यापार का धंधा करवाने वाले युवक द्वारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है।

बुजुर्ग और उसके पोते की गला रेतकर हत्या

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के ग्राम हेवती में शुक्रवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। अज्ञात हमलावरों ने एक बुजुर्ग और उनके पोते की गला रेतकर हत्या कर दी। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी फूलपुर, पवई के साथ आसपास के थाना की पुलिस फोर्स तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। मृतकों में 72 वर्षीय जगदम्बा प्रसाद यादव और उनके चचेरे पोते अंकित यादव हैं। जगदंबा घर से दूर ट्यूबवेल पर सोए थे जबकि अंकित घर पर दादी और दो भाइयों संग सोया था। दादी फूलमती को रात में आहट हुई तो दो भाइयों को उठाया। तब देखा कि अंकित खून से लथपथ है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच कर रही थी तभी जगदंबा का शव भी मिला। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, दोहरे हत्याकांड के शीघ्र खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन का कहना है कि घटना के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। आस-पास के लोगों से पूछताछ के साथ अन्य तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है। दावा किया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रथम दृष्टया मामले में पारिवारिक लेनदेन और क्लेश की आशंका जताई जा रही है।

वहीं इस बावत एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा पवई थाना क्षेत्र के हेवती डीहवा गांव में हुए दोहरे हत्याकांड के खुलासे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि शुरूआती जांच में पारिवारिक लेनदेन और आपसी क्लेश की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

मुकदमे से बरी पत्रकार ने ठोका मानहानि का दावा

जौनपुर। पारिवारिक रंजिश के चलते दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोपों में फंसाए गए पत्रकार महर्षि कुमार सेठ को उच्च न्यायालय से राहत मिलने के बाद अब उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा की क्षति का हवाला देते हुए जौनपुर दीवानी न्यायालय में मानहानि का वाद दायर किया है। इस वाद में वाराणसी के चैबेपुर थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 10 लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है।पत्रकार महर्षि कुमार सेठ का आरोप है कि पारिवारिक विवाद के कारण उन्हें उनकी पत्नी श्वेता सोनी, भाई आदेश सेठ व बहनोई राजेन्द्र स्वर्णकार के साथ सुनियोजित तरीके से झूठे दुष्कर्म के साथ साथ घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न के संगीन मामलों में बिना जांच थानाध्यक्ष चौबेपुर ने केस पंजीकृत किया। जबकि वाराणसी न्यायालय से यह पारित हुआ था कि जांचकर विवेचना की जाय। 6 जनवरी 2025 को सायं 6.30 बजे थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी उनके कार्यालय पर आये और पूछताछ के लिहाज से ले जाने की बात करते हुए कहा कि एक मामले में आपको चलना है। पत्रकार ने निष्पक्ष और निर्भीक होते हुए उनके साथ चले गये। पत्रकार ने बताया कि उन्हें थानाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा चौबेपुर थाना ले गये और गंभीर धारा में केस पंजीकृत कर चालान भेज दिया। आरोप बेबुनियाद साबित होने के बाद 22 दिन बाद वाराणसी जिला सत्र न्यायालय से पत्रकार की जमानत अर्जी मंजूर कर ली गयी। उधर पत्रकार के बड़े भाई आदेश सेठ ने उक्त केसं के विरूद्ध उच्च न्यायालय में अर्जी डाल दी थी। पूरे मामले की गहनता से उच्च न्यायालय ने जांच कर सबूतों को देखते हुए पत्रकार समेत उनके परिजन पर हुए एफआईआर को 10 मार्च 2026 को रद्द कर दिया। जिसके बाद पत्रकार ने अपने अधिवक्ता बृजेश सिंह रघुवंशी के जरिये मानहानि का वाद दीवानी न्यायालय में दाखिल किया। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि झूठे मुकदमे और कथित दुर्भावनापूर्ण पुलिस कार्रवाई से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, पत्रकारिता की साख तथा व्यक्तिगत सम्मान को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने न्यायालय से थानाध्यक्ष चौबेपुर, वाराणसी, रानी सेठ पुत्री ओमप्रकाश सेठ निवासी जाल्हूपुर, थाना चौबेपुर, वाराणसी, विवेक खत्री उर्फ सोनू पुत्र शैलेन्द्र खत्री, ओमप्रकाश सेठ उर्फ मुन्ना पुत्र स्व. भोला सेठ, प्रियंका सेठ पत्नी विवेक खत्री, दीपक सेठ पुत्र ओमप्रकाश सेठ, प्रियांशी सेठ पत्नी दीपक सेठ, निवासी जाल्हूपुर, थाना चैबेपुर, वाराणसी, दीपा सेठ पत्नी अजय सेठ निवासी काटा, थाना सैयदराजा, जिला चन्दौली, रेनू सेठ पत्नी सुनील उर्फ सीताराम सेठ, निवासी राबर्ट्सगंज, थाना शाहगंज, सोनभद्र और शुभम सेठ पुत्र आर. सेठ निवासी नंदी तिराहा थाना जैतपुरा वाराणसी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई तथा क्षतिपूर्ति की मांग की है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

जौनपुर। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के लक्षनपुर गांव में बृहस्पतिवार रात को विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत।मृतका की मा किशुना देवी पत्नी शोभनाथ ने लिखित तहरीर देकर दहेज न देने पर हत्या करने का आरोप लगाया है।पुलिस शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। पुलिस के अनुसार, लक्षनपुर गांव की 24 वर्षीय विवाहिता शांति गौड़ पत्नी अमन गौड़ की मौत हो गई।वही मृतका की छोटी बहन सरिता का आरोप है कि बड़ी बहन शांति देवी की शादी 22 अप्रैल 2023 मे अमन गौड़ से हुई थी कुछ दिनों बाद से ही दहेज के लिए बहन शांति देवी को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित करना और आए दिन मारना पीटना शुरू कर दिए,जिसके लिए कई बार पंचायत भी हुई लेकिन सुधार नहीं हुआ।बृहस्पतिवार रात 11 बजे बहन शांति ने फोन किया था वह पूरी तरह घबराई हुई थी उसने कहा सरिता ये लोग दौड़ा दौड़ाकर मारपीट रहे है आज मुझे जान से मार देंगे इतने में जीजा अमन ने फोन छीनकर फोन काट दिया सरिता ने बताया कि मैं बार बार फोन किया लेकिन मोबाइल फोन बंद आने लगा।शुक्रवार भोर करीब 3 बजे भोर में दीदी की ननद अनीता ने फोन करके बताया कि तुम्हारी दीदी शांती देवी ने घर के बगल एक अमरूद के पेड़ में साड़ी के फंदे बनाकर फंदे से झूलकर जान दे दी। बस इसी सूचना पर जब छोटी बहन सरिता और मां किशुना देवी मौके पर पहुंची तो शांति देवी का शव जमीन पर पड़ा था। मृतिका एक बच्ची की माँ हैजो एक वर्ष की है। सरिता ने घटना की सूचना 112 और नेवढ़िया पुलिस को दिया।सूचना पाके मौके पर नेवढ़िया थानाध्यक्ष पुलिस के पहुंचने पर भी शव जमीन पर पड़ी थी।ससुराल पक्ष फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात बता रहे थे। वही मायके पक्ष की मां किशुना देवी ने लिखित तहरीर देकर ससुराल पक्ष के पति अमन गौड़, जेठ पिंटू गौड़, जेठान संगीता, सास बेला देवी, ननद अनीता पर दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है।

हत्याकांड में एक लाख के इनामी का सरेंडर

जौनपुर। जिले के बहुचर्चित दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। लंबे समय से फरार चल रहा और एक लाख रुपये का इनामी मुख्य आरोपी प्रदीप बिंद ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी और उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। ज्ञात हो कि 1 मई को खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव के पास बारात लेकर जा रहे दूल्हा आजाद बिंद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी और शादी का माहौल पलभर में मातम में बदल गया था। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और कई टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया।जांच के दौरान तीन मुख्य आरोपियों के नाम सामने आए। इनमें एक लाख रुपये का इनामी रवि यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है, जबकि एक अन्य एक लाख का इनामी भोले राजभर कुछ दिन पहले अदालत में आत्मसमर्पण कर चुका है। अब तीसरे और मुख्य आरोपी प्रदीप बिंद के भी अदालत में सरेंडर करने के बाद इस चर्चित हत्याकांड ने नया मोड़ ले लिया है।

उद्यान विभाग ने पौधों का किया गया वितरण

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी डॉ सीमा सिंह राणा द्वारा अपने गोंद लिए गए विद्यालय कंपोजिट विद्यालय चाँदपुर सिकरारा पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। 500 जामुन, सहजन, शहतूत, अमरूद, आँवला, गुलाब, नीबू, चाँदनी, सावनी, अमलतास, टिकोमा आदि के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण महाअभियान में भाजपा जिला मंत्री डॉ देवीप्रसाद सिंह, केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी समिति के चेयरमैन सुधाकर उपाध्याय, अरविंद सिंह सभापति साधन सहकारी समिति, उमेश सिंह राणा, सत्यभान सिंह सहायक उद्यान निरीक्षक, विद्यालय के सभी बच्चों, सभी शिक्षकों, रसोइयों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एक पेड़ माँ के नाम लगाया। वृक्षारोपण से पूर्व विद्यालय पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा विषयक एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिला उद्यान अधिकारी ने बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया कि बच्चे अपने जन्मदिन, माता, पिता शादी के सालगीरह या अन्य विशेष आयोजन पर गिफ्ट के रूप में एक पौधा अवश्य भेट करें व रोपित करे। शिक्षक अरुंजय सिंह, आर के मौर्य, सभाजीत यादव, विद्याधर पाठक, सुनीता यादव, आंगनबाड़ी ममता सिंह, बीना उपाध्याय, सुनीता सिंह उपस्थित रहीं। जनपद के इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाये अगर वो भी इस अभियान से जुड़ कर पौध रोपण करना चाहते है तो विभागीय राजकीय पौधशालाओं (प्रभारी पौधशाला के मो0नं0- 7007284234, 8840121592) में निःशुल्क बीजू अमरूद, आवंला, बेल, नींबू सहजन जामुन, कटहल, करौंदा सहित कई प्रजातियों के पौध प्राप्त कर सकते है या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर में सम्पर्क कर पौध प्राप्त कर सकते है।

आग लगाने में दो भाइयों को 10 साल की कैद

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रुपाली सक्सेना की अदालत ने 12 साल पुराने आगजनी के एक मामले में दो भाई रामलोचन और रामजनम को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना नेवढ़िया थाना क्षेत्र के जेठपुरा गांव में हुई थी। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह जुमार्ने की राशि वादी को मुआवजे के तौर पर देने का आदेश दिया गया है।जेठपुरा निवासी दिल मोहन ने 1 दिसंबर 2014 को नेवढ़िया थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि शाम करीब 6बजे जमीन के पुराने विवाद के कारण रामलोचन, रामजनम और छोटेलाल ने उनके रिहायशी मड़हे में मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी थी। इस आगजनी की घटना में दिल मोहन का रजाई, गद्दा और चारपाई जलकर राख हो गए थे। इसके अलावा, दो गर्भवती भैंसों की भी झुलसने से मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की गहन विवेचना की और केस डायरी अदालत में दाखिल की।अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद रामलोचन और रामजनम को दोषी करार दिया। इसके उपरांत उन्हें सजा सुनाई गई।

छतों पर उतरी सौर क्रांति, प्रतिदिन एक लाख यूनिट से अधिक हो रहा मुफ्त बिजली उत्पादन

मीरजापुर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले में बिजली का बिल अब लोगों की जेब पर भारी नहीं पड़ रहा है। इस योजना से जुड़कर 7 हजार से अधिक लोग मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा योजना के तहत दी जा रही सब्सिडी ने लोगों के घरों तक आसानी से सौर ऊर्जा पहुंचा दी है। सीएमयोगी के निर्देश पर अधिकारी योजना के क्रियांवयन पर जोर दे रहे हैं। सौर क्रांति से जुड़कर अब आमजन का प्रतिमाह आने वाला बिजली का बिल काफी कम हो गया है। परियोजना प्रभारी यूपीनेडा संदीप कुमार ने बताया कि योजना के तहत जनपद में 7440 घरों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे प्रतिदिन 1 लाख यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। बताया कि 6494 लाभार्थियों के खाते में योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी पहुंच चुकी है। शेष लाभार्थियों की लंबित सब्सिडी भी जल्द ही अवमुक्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में 9525 घरों को इस हरित क्रांति से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसके क्रम में अप्रैल में 563 लाभार्थियों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा गया।

भारत-ब्रिटेन में हुए व्यापार समझौते का लाभ उठायें उद्यमी : आलोक

मीरजापुर। जिले के उद्यमियों के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद के एक होटल में केंद्र सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) व जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र व अन्य के संयुक्त तत्वावधान में निर्यात सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा मीरजापुर के उद्यमियों को भारत-ब्रिटेन के बीच हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के बारे में विस्तार से बताते हुए इसका लाभ उठाने के टिप्स दिए गए। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, सहायक महानिदेशक विदेश व्यापार राजन जोशी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र संदीप कुमार, सहायक निदेशक फियो आलोक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक एमएसएमई-डीएफओ वैभव खरे, बीएम ईसीजीसी लिमिटेड की ओर से मुरलीधर महतो, आईआईए के डिविजनल चेयरमैन मोहनदास अग्रवाल, आईआईए के चैप्टर चेयरमैन आशीष बुधिया, प्रतिनिधि लघु उद्योग भारती एवं निर्यातक आशीष सिंह, उद्यमी और ट्रेड एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि 15 जुलाई से लागू होने वाले भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुक्त व्यापार समझौता उत्तर प्रदेश और भारत के लिये नए अवसर खोलेगा जिससे यूनाइटेड किंगडम को समान और सेवाओ के निर्यात में भी फायदा होगा और इन्वेस्टमेंट के अवसर भी खुलेंगे। इसका उद्देश्य पेशेवर गतिशीलता को बढ़ावा देना, नियामक सहयोग को मजबूत करना और सीमा पार निवेश को बढ़ावा देना है। भारतीय उत्पादों के निर्यात पर ब्रिटेन में शुल्क शून्य कर दिया गया है जिससे भारत के उत्पादों का एक बड़ा बजार ब्रिटेन होने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार ने कहा कि मिजार्पुर ऐतिहासिक रूप से उद्योग का प्रमुख केंद्र रहा है।

अभाविप ने व्यक्तित्व व जीवन-दृष्टि को प्रदान की नयी दिशा : सहजानंद

आजमगढ़। अभाविप ने स्थापना दिवस पर आयोजित छात्र महोत्सव के माध्यम से परिषद के 78 वर्षो की ध्येय यात्र, संगठन की कार्यदृष्टि एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण के संकल्प से मौजूद लोगों को परिचित कराया गया। इस अवसर पर परिषद द्वारा समय-समय पर संचालित आंदोलनों, रचनात्मक कार्यक्रमों व विद्यार्थी और समाजहित में किए गए विभिन्न प्रयासों से आए सकारात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्र, समाज और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता अंशुल विद्यार्थी ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के मन में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और चरित्र निर्माण के संस्कारों का संचार करती रही है।

मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सहजानंद राय ने अपने विद्यार्थी जीवन में अभावियों से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि परिषद ने उनके व्यक्तित्व और जीवन-दृष्टि को नई दिशा प्रदान की। विद्यार्थी परिषद की ही देन है कि उनके जैसे सैकड़ों विद्यार्थी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विभिन्न क्षेत्रों में समाज और राष्ट्र की सेवा में समर्पित हैं। आज समाज और शिक्षा जगत में दिखाई देने वाले अनेक सकारात्मक परिवर्तन विद्यार्थी परिषद के सतत संघर्ष, रचनात्मक कार्यों और राष्ट्रहित के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के 78 वर्षों का इतिहास केवल आंदोलनों का नहीं, बल्कि रचनात्मक परिवर्तन का इतिहास रहा है। शिक्षा सुधार, छात्रहित, सेवा कार्य और राष्ट्रीय एकात्मता के क्षेत्र में परिषद ने निरंतर उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रमुख डॉ. रामजन्म दुबे, जिला संयोजक आदित्य गुप्ता, अंशिता सिंह समेत काफी संख्या में लोग व छात्र मौजूद रहे।

विधायक ने 3 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चैबे द्वारा डूडा विभाग की मुख्यमंत्री अल्पविकसित शहरी विकास योजना अंतर्गत राबर्ट्सगंज नगर पालिका परिषद में 05 कार्य, चुर्क नगर पंचायत में 03 कार्य एवं डाला नगर पंचायत में 02 कार्य सहित कुल 10 कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसकी कुल धनराशि 02.93 करोड़ की है। उक्त कार्य में सीसी रोड/ईंटरलाकिंग एवं नाली कार्य शामिल हैं। उक्त कार्य से नगरीय क्षेत्र के लोगों को आवागमन एवं ड्रेनेज कार्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उक्त अवसर पर विधायक भूपेश चैबे द्वारा यह कहा गया कि राबर्ट्सगंज के जनप्रतिनिधी के रुप में अपने क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध रहा हूं और आगे भी रहूंगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन उतर प्रदेश उतम प्रदेश बन गया है। इसी प्रकार राबर्ट्सगंज भी नित प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है और आगे भी विकास की कड़ी आप सभी के आशिर्वाद से जारी रहेगा। उक्त अवसर पर स्थानीय लोग, सभासद, पत्रकार बंधु तथा डूडा विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 01 की महिलाओं और बच्चों ने विधायक का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

सोनभद्र। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पात्र बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए वर्ष 2026-27 की निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो, वे 20 जुलाई,2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण और टूलकिट के लिए आवेदन आमंत्रित

सोनभद्र। उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चैधरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद के पारंपरिक कारीगरों से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत लाभार्थियों को उनके व्यवसाय के अनुरूप आधुनिक टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 11 सितम्बर, 2026 तक विभागीय वेबसाइट कपनचउेउमण्नचेकबण्हवअण्पद पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए आवेदक के पास पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। शिक्षित अभ्यर्थियों के लिए शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं तकनीकी योग्यता होने पर उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न किया जा सकता है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह जनपद का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम अथवा ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी को रू10 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र देना होगा कि उसने अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूलकिट या मानदेय का लाभ प्राप्त नहीं किया है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में सहायक आयुक्त उद्योग विजय कुमार एवं कृष्ण कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

नवीनीकरण न कराने वाले 544 स्कूली वाहनों का पंजीकरण निलंबित

आजमगढ़। जनपद में स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। परमिट, फिटनेस सहित जरूरी दस्तावेजों का नवीनीकरण न कराने वाले 544 स्कूली वाहनों क रजिस्ट्रेशन निर्लबित कर दिया गया है। साथ ही ऐसे वाहनों के खिलाफ विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन को वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, कर, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, पंजीयन, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, जीपीएस, स्पीड गवर्नर तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए लगातार निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग की ओर से विभिन्न विद्यालयों को कम से कम छह बार नोटिस भेजे गए। इसके अलावा 1 अप्रैल से 31 मई तक विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यालयों का निरीक्षण कर वाहन संबंधी कमियों से भी अवगत कराया। इसके बावजूद कई विद्यालय प्रबंधनों ने वाहनों के परमिट और फिटनेस का नवीनीकरण नहीं कराया। ऐसे लगभग 544 वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान के दौरान जिन स्कूली वाहनों के दस्तावेज अधूरे या अवैध पाए जाएंगे या जो निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान, वाहन सीज करने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रबंधन की होगी। परिवहन विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को केवल उन्हीं स्कूली वाहनों से विद्यालय भेजें जिनके सभी दस्तावेज वैध और पूर्ण हों। विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की सूची सार्वजनिक की जा रही है, जिनके दस्तावेज अधूरे हैं। विद्यालय प्रबंधनों को निर्देश दिया गया है अपूर्ण प्रपत्र वाले किसी भी वाहन का संचालन किसी भी स्थिति में न किया जाए।

सोन महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक था

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा जिलाधिकारी से मिलकर सोन महोत्सव की तर्ज पर सोनभद्र में मेगा पर्यटन एवं उद्योग महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव प्रेषित किया। श्री शर्मा ने कहा कि सोनभद्र में सोन महोत्सव 2009-10 में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना जिले की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत, और कला को सुरक्षित एवं प्रोत्साहित करना। स्थानीय और जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और बाहरी कलाकारों से सीखने

संक्षेप

मां बगलामुखी मंदिर में लगी आग, सामान जलकर राख

मथुरा। मथुरा-वृन्दावन मार्ग स्थित मिजार्पुर धर्मशाला के सामने स्थित मां बगलामुखी मंदिर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।मंदिर के पुजारी आशीष पांडेय के अनुसार बगीची का कमरा बंद करने के बाद अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा। वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इस हादसे में माता रानी की पोशाक सहित कमरे में रखा अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

महंत संतराम दास को दी श्रद्धांजलि

चौमुहां-मथुरा। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ, जनपद मथुरा के तत्वावधान में शुक्रवार को असगरपुर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री श्री 1008 महंत श्री संतराम दास की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत संत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महंत संतराम दास जी ने अपना संपूर्ण जीवन धर्म, समाज सेवा और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श, सरल व्यक्तित्व और आध्यात्मिक जीवन सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प भी लिया।

गोलीकांड में वांछित 4 आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। थाना जैंत पुलिस ने जौनाई गांव में हुए गोलीकांड के मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई को ग्राम जौनाई में हुए विवाद के दौरान एक व्यक्ति को गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में थाना जैंत पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। थानाध्यक्ष जैत सोनू बैसला के निर्देशन में पुलिस टीम ने गुरुवार शाम सनसिटी से देवी आर्ट्स होते हुए नगला रामताल जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर धनीराम, विवेक, विशाल और अमित, सभी निवासी ग्राम जौनाई, को गिरफ्तार कर लिया।

दो छात्राओं को जबरन कार में बैठाने और छेड़छाड़ की घटना

मथुरा। महावन और बलदेव क्षेत्र में दो दिन में दो छात्राओं को जबरन कार में बैठाने, मारपीट, गला दबाने, छेड़छाड़, धमकी देने और सामान छीनने की घटना हो गई। दोनों घटनाओं में कार का नंबर एक ही है। दोनों छात्राओं के स्वजन ने महावन और बलदेव थाने में अलग-अलग मुकदमा दर्ज कराया है। वारदात के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपित की पहचान कर ली है। कार मथुरा की है। सीसीटीवी फुटेज में भी कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। सीओ महावन ने एक टीम लगाकर आरोपित की निगरानी शुरू कराई है। पुलिस आरोपित को रंगेहाथ पकड़ने की तैयारी है।

उप्र अंतर्देशीय जलयान नियमावली 2026 के प्रारूप पर बैठक

मथुरा। उप शासन द्वारा प्रस्तावित उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलयान नियमावली-2026 के प्रारूप के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रस्तुतीकरण एवं विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनपद स्तर पर प्रस्तावित नियमावली के विभिन्न प्रावधानों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के नाविकों ने भी प्रतिभाग किया तथा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में अन्तर्देशीय जल परिवहन, नौकायन संचालन, यात्री सुरक्षा, लाइसेंसिंग व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, जलमार्गों के सुरक्षित संचालन, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में संचालित समस्त नौकाओं एवं नाविकों का नियमानुसार पंजीकरण, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, निर्धारित मानकों का अनुपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए। साथ ही संबंधित विभागों को शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा नियमावली के प्रारूप पर अपने सुझाव एवं विचार भी प्रस्तुत किए गए, जिन्हें शासन स्तर पर प्रेषित किए जाने हेतु संकलित किया गया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि प्रस्तावित नियमावली लागू होने के उपरांत अन्तर्देशीय जल परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध होंगी। डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि जनपद मथुरा यमुना नदी तटवर्ती क्षेत्र होने के कारण जलजनित आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील है। ऐसे में नाविकों एवं गोताखोरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि नाविकों की सुरक्षा, नावों के संचालन, श्रद्धालुओं की सुविधा, आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य आदि हेतु नियमावली आवश्यक है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी नाविकों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप नाव/ स्टीमर के संचालन हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि अपने फोन में दामिनी व सचेत ऐप डाउनलोड करें। नाविक अपनी नाव में प्राथमिक स्वास्थ्य किट, लाइफ वाय व अन्य सुरक्षा उपकरण रखें। सभी नाविक वैध पहचान पत्र व लाइसेन्स अवश्य रखें। लाइफ जैकेट सभी के लिए अनिवार्य है (नाविक एवं यात्री)। सुरक्षा को लेकर यात्रियों को ब्रीफ करें। नाव का रख-रखाव करें। तैरने वाले उपकरण साथ लें। आपदा संकेत संबंधी उपकरण साथ लें। मौसम संबंधी जानकारी लेते रहें। ज्वलनशील वस्तु को सुरक्षित जगह रखें।

आगरा हादसा : मलबे में दबी वृद्धा अब भी लापता, दो मंजिला दुकान ढहने में जेई दोषी

आगरा। सुभाष बाजार में दो मंजिला दुकान गिरने के मामले में नगर निगम की जांच में क्षेत्र के अवर अभियंता ललित अग्रवाल को दोषी माना गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है, जबकि नगर निगम के प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नाले के ऊपर बनी दुकान के गिरने के मामले में नगर निगम की कार्यप्रणाली और रखरखाव पर कई सवाल उठे थे। नगर आयुक्त ने इस मामले की जांच के आदेश अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को दिए थे। जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि क्षेत्र के अवर अभियंता ललित अग्रवाल पर जिम्मेदारी थी कि वे समय-समय पर दुकानों और संरचनाओं की तकनीकी स्थिति का निरीक्षण कर जर्जर भवन को नोटिस जारी करते। उन्होंने सुभाष बाजार कमेटी की 9 जून की मांग पर 16 जून को निरीक्षण भी किया, लेकिन इसकी रिपोर्ट नहीं दी। तकनीकी संरचना का आकलन नहीं किया गया। अपर नगर आयुक्त की रिपोर्ट में इसे गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। क्षेत्रीय अवर अभियंता ललित अग्रवाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है। नगर आयुक्त ने बताया कि नाले पर बने भवनों, दुकानों और अन्य परिसंपत्तियों तथा सार्वजनिक भवनों की स्थिति का भी परीक्षण कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नाले पर बने पूर्व में चिह्नित भवनों को नोटिस जारी किए गए हैं। जांच रिपोर्ट में जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इंजीनियरों को नियमित परीक्षण के लिए कहा गया है। दुकान के धंसने के मामले में सुभाष बाजार और मुखर्जी मार्केट बृहस्पतिवार को बंद रहा। जामा मस्जिद के पीछे बनी सभी दुकानों के शटर नहीं खुले। यहां रेलवे पुल की ओर से आ रही सड़क पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी। नाले के ऊपर बनी दुकानों और नाले के पास किसी को भी नहीं जाने दिया गया। यहां पोकलेन और चेन मशीन चलने के कारण कंपन होता रहा, जिससे सीसी प्लेटफॉर्म के गिरने की आशंका पर सभी को पुलिस बार-बार हटाती रही। आगरा के जामा मस्जिद के पास सुभाष बाजार में बुधवार को नाले में समाई दो मंजिला दुकान के मलबे में दबीं महिला सिपाही की मां गंगा देवी (60) का दूसरे दिन भी पता नहीं चला।

स्कूली बस की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी दो महिलाओं की मौत, 24 लोग घायल

मथुरा। थाना राया क्षेत्र के गांव बिरहना के पास शुक्रवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। पीछे से आ रही एक स्कूली बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली पलट गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि 24 लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई गई है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजस्थान के गांव अधैया खुर्द निवासी प्रताप सिंह अपने परिवार के करीब दो दर्जन लोगों के साथ गांव मोनिया हरदपुर में रिश्तेदार के निधन पर शोक व्यक्त करने जा रहे थे। सभी लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे। दोपहर करीब 12 बजे राया अलीगढ़ मार्ग पर बिरहना गांव के पास पीछे से आ रही स्कूली बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई और मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में प्रताप नरेंद्र विक्रम रंगीला रजनी अनीता शशि सहित 24 लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रॉली के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल एक महिला को आगरा रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शशि और रजनी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। राया थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि हादसे में घायल सभी लोगों को अस्पताल भेज दिया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूली बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

बिना फिटनेस व परमिट वाहनों पर कार्यवाही 7 स्कूली वाहन सीज, 15 वाहनों के चालान

फिरोजाबाद। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को परिवहन विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अनियमित रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। प्रवर्तन टीम ने जांच के दौरान 9 अनाधिकृत रूप से संचालित स्लीपर बसों को पकड़कर फिरोजाबाद डिपो में खड़ा कराया। वहीं बिना फिटनेस एवं बिना परमिट संचालित दो स्कूली वाहनों को सीज कर दिया गया।इसके अलावा जांच में पाया गया कि पांच निजी ईको वाहन नियमों के विपरीत स्कूली बच्चों के आवागमन में प्रयोग किए जा रहे थे। इन वाहनों के विरुद्ध भी सीज की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों के चालान भी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा बिना फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के संचालित वाहनों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रवर्तन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

एम्स रायबरेली के अस्पताल अटेंडेंट पर हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। नगर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक अस्पताल कर्मी पर ड्यूटी समाप्त होने के बाद कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एम्स के प्रवक्ता सौरभ कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित प्रशांत शर्मा (26) संस्थान में अस्पताल अटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार देर शाम अस्पताल परिसर न्यूरोलॉजी विभाग में पर्चा लगवाने को लेकर एक व्यक्ति से उनका विवाद हुआ था। इसके बाद ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय भदोखर थाना क्षेत्र में पहले से घात लगाए बैठे 6-7 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावर कार से आए थे और उन्होंने लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से प्रशांत की पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

बिजली चोरी पकड़ने गयी टीम पर हमला लाठी-डंडों से की पिटाई, दो कर्मी घायल

आगरा। थाना शाहगंज के कमाल खां में बिजली चोरी पकड़ने गई टोरेंट टीम पर हमला बोला गया। लाठी-डंडों से पीटकर दो कर्मचारी घायल कर दिए गए। मामले में छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना सात जुलाई की दोपहर करीब एक बजे की है। टोरेंट की टीम कमाल खां क्षेत्र में जांच के लिए पहुंची थी। भूमिगत केबल से तार जोड़कर मोहम्मद इकबाल के मकान में बिजली सप्लाई होती मिली। टीम ने केबल को हटा दिया और टेपिंग कर दी गई। तभी कुछ लोग आ गए और टीम पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला बोल दिया। इस हमले में टेक्नीशियन रोहित और महिला सुरक्षाकर्मी मिथिलेश घायल हो गई। कर्मचारियों ने किसी तरह भाग कर खुद को बचाया। इसके बाद थाना ताजगंज में तहरीर दी गई। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि रोहित, मोहम्मद इकबाल, मौहसीन, बोना, रहीश और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

डेढ़ वर्षीय मासूम के हत्यारे को फांसी की सजा

सोमेंद्र पौनिया

फिरोजाबाद। जनपद के चर्चित आरव हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अभियुक्त विराज उर्फ जितेन्द्र पुत्र विशेन्दर पाल पाठक निवासी शेखूपुर, जनपद बदायूं को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड (फांसी) की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत के फैसले के बाद पूरे जिले में इस मामले की चर्चा रही। अभियोजन पक्ष के अनुसार अभियुक्त विराज अपनी रिश्ते की भाभी रति से एकतरफा प्रेम करता था। 30 मई 2026 को वह शिकोहाबाद स्थित रति के घर पहुंचा और उस पर अपने साथ रहने का दबाव बनाने लगा। रति ने स्वयं के शादीशुदा होने तथा अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र आरव का हवाला देते हुए उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया। भाभी द्वारा इंकार किए जाने से नाराज विराज ने प्रतिशोध की भावना में एक मासूम को अपना निशाना बना लिया। वह डेढ़ वर्षीय आरव को टॉफी दिलाने का बहाना बनाकर घर से बाहर ले गया और गली में जमीन पर पटक-पटक कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना इतनी भयावह थी कि जिसने भी इसके बारे में सुना, उसकी रूह कांप उठी।

हत्याकांड की पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। शहर से लेकर गांव तक हर ओर मासूम आरव के लिए न्याय और आरोपी को फांसी देने की मांग उठने लगी थी।

मामले की गंभीरता और जनाक्रोश को देखते हुए थाना शिकोहाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया, और विवेचना को प्राथमिकता पर पूरा करते हुए मात्र छह दिनों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया था। इसके बाद अदालत में लगातार सुनवाई हुई।

49 दिन में आया फैसला

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सीसीटीवी फुटेज समेत विभिन्न साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी माना और घटना को अत्यंत जघन्य अपराध करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

अदालत के इस फैसले को मासूम आरव के लिए न्याय और समाज में ऐसे अपराधों के विरुद्ध एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। निर्णय के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली, वहीं आम लोगों ने भी अदालत के फैसले का स्वागत किया है।

फतेहपुर सीकरी की ऐतिहासिक झील और पहाड़ियों पर एनजीटी सख्त

आगरा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुरुवार को फतेहपुर सीकरी की ऐतिहासिक पहाड़ श्रृंखला, सीकरी झील और उससे जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में उत्तर प्रदेश सरकार सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। यह मामला ओरिजनल एप्लिकेशन संख्या-389/2026, अजय प्रताप सिंह एडवोकेट बनाम मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य के रूप में एनजीटी में विचाराधीन है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान एनजीटी ने सभी विपक्षीगणों को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर 2026 निर्धारित की। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सुनवाई के दौरान बताया कि आगरा के फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में विंध्य पर्वतमाला की दो समानांतर पहाड़ियां हैं, जिन्हें फतेहपुर सीकरी रेंज और बदरौली रेंज के नाम से जाना जाता है। इन दोनों पर्वत श्रृंखलाओं के बीच ऐतिहासिक सीकरी झील स्थित थी, जिसमें खारी नदी का पानी आता था। उन्होंने न्यायालय को बताया कि ऐतिहासिक सीकरी झील को पूरी तरह नष्ट कर उसके क्षेत्र में खेती की जा रही है। वहीं फतेहपुर सीकरी रेंज पर स्थित विश्व प्रसिद्ध फतेहपुर सीकरी किले के आसपास लगातार अवैध निर्माण हो रहे हैं। झील के समाप्त होने और अवैध निर्माण के कारण क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव लाल बलुआ पत्थर से निर्मित विश्व धरोहर फतेहपुर सीकरी किले पर पड़ रहा है। किले की सतह पर काली परत जमने जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि सीकरी झील का ऐतिहासिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। बाबर और अकबर के काल के विवरणों में इसका उल्लेख मिलता है। इसके अलावा वर्ष 1884 में प्रकाशित र३३२३ूंह्ल, ऊी२१ख्र३५ी ंल्लि ल्ल२३ङ्ख३ूंह्ल अङ्ख४ल्ल३ के वॉल्यूम-7 तथा वर्ष 1905 के आगरा गजेटियर में भी सीकरी झील और पहाड़ियों का विस्तृत वर्णन दर्ज है। गजेटियर के अनुसार सीकरी झील लगभग दो मील चौड़ी और छह मील लंबी थी, जो फतेहपुर सीकरी रेंज और बदरौली रेंज के बीच फैली हुई थी। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि खारी नदी का अस्तित्व सीकरी चार हिस्सा, पत्सल, पाली किरावली और मोहम्मदपुर गांवों के क्षेत्र में लगभग समाप्त कर दिया गया है। पहाड़, झील और नदी मिलकर एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते थे, जिसके नष्ट होने से पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ा है। इसका प्रभाव न केवल फतेहपुर सीकरी क्षेत्र बल्कि ताज ट्रिपेजियम जोन पर भी पड़ रहा है।

- यूपी सरकार समेत आठ पक्षों को नोटिस; संरक्षण की लड़ाई को मिली बड़ी कानूनी बढ़त

आंगनवाड़ी चयन व मातृ वंदना योजना में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

फरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला परिषद समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों पर सही समय पर चयन न होने पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और जल्द से जल्द नियमानुसार चयन कार्य पूरा किया जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के फॉर्म भरवाने में ढिलाई और लापरवाही पाए जाने पर भी जिलाधिकारी का रुख बेहद कड़ा रहा। उन्होंने संबंधित सुपरवाइजर्स को अंतिम चेतावनी दी और साफ कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी खुद गांवों में जाकर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के फॉर्म भरवाने का कार्य सुनिश्चित करेंगे। कोटला और शिकोहाबाद के सीडीपीओ द्वारा कार्य में बरती गई लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि देने की बात कही।बैठक के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आदेश दिया कि ऊपर दिए गए सभी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट परिसर स्थित औषधि वन में पौधरोपण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विकसित किए गए औषधि वन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परिसर में नवरोपित औषधीय पौधों के स्थल पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश दिया। जिलाधिकारी द्वारा जिले में लगातार विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कड़े रुख में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल पौधारोपण करना ही काफी नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नवरोपित पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई एवं समुचित देखरेख सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक पौधा स्वस्थ, सुरक्षित और पूर्ण रूप से विकसित हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। पौधारोपण के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में औषधीय पौधे या फलदार वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। इससे न केवल हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा, बल्कि जनसामान्य को भी इसके औषधीय और आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकेंगे।

वृंदावन में अवैध निर्माण से धंसा मकान

मथुरा। वृंदावन क्षेत्र के तराश मंदिर कॉलोनी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ मानकों को ताक पर रखकर एक तीन मंजिला मकान की नींव उठाने का कार्य चल रहा था। लापरवाही की हद यह रही कि नीचे निर्माण जारी था और ऊपर किरायेदार रह रहे थे। इस अवैध निर्माण की वजह से आसपास के घरों की दीवारें चटक गईं और एक मकान जमीन में धंस गया। सड़क पर मलबा फैलने से पूरी कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी अरुण कुमार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत काम रुकवाकर मकान को खाली करने का नोटिस चस्पा कर दिया है। ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जन्मभूमि मामले में सुलहवार्ता विफल

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में समझौते की संभावनाओं को तलाशने के लिए आयोजित सुलहवार्ता विफल हो गई है। न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इस संबंध में गुरुवार को आदेश पारित कर दिया गया। मुस्लिम पक्ष को समझौते के लिए दो बार अवसर दिए जाने के बावजूद वह सुलहवार्ता में उपस्थित नहीं हुआ। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर मथुरा में विशेष लोक अदालत (सुलहवार्ता) का आयोजन किया गया था। इसमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण से संबंधित विशेष अनुमति याचिकाओं (एसएलपी) में आपसी सहमति से समाधान की संभावना तलाशने का प्रयास किया गया। सुलहवार्ता की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-11) सुरेंद्र प्रसाद ने की। निर्णय के दौरान सचिव और सदस्य भी मौजूद रहे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद केस के हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि न्यायालय की ओर से मुस्लिम पक्ष को समझौते की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए दो बार बुलाया गया, लेकिन मुस्लिम पक्ष की ओर से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुलहवार्ता की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आदेश पारित कर दिया। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिंदू पक्ष की ओर से न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि हिंदू पक्ष का प्रस्ताव था कि यदि मुस्लिम पक्ष विवादित स्थल से अपना दावा छोड़कर ढांचा हटाने को तैयार होता है तो अन्य स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिंदू पक्ष विवादित स्थल को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य स्थल मानता है और इसी आधार पर न्यायालय के समक्ष अपने तथ्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया कि अब सुलहवार्ता से संबंधित पत्रावली सर्वोच्च न्यायालय भेजी जा सकती है।

पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी कोर्स कर बनायें भविष्य उज्ज्वल

मथुरा। बर्तमान दशक को भारत में हॉस्पिटैलिटी उद्योग का स्वर्णिम युग कहा जा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि वर्ष 2030 तक लाखों नए रोजगार की संभावना है। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ टूरिज्म और हास्पिटैलिटी से पढ़कर विद्यार्थियों ने देश और दुनिया की प्रसिद्ध श्रंखला के होटलों, रिसोर्टों में उच्च वेतनमान पर नौकरी पाई है।

संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी के डीन डा. रतीश शर्मा बताते हैं कि इसी बढ़ती मांग को देखते हुए संस्कृति विवि के स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी में विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, व्यक्तित्व विकास एवं प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाती है। आज संस्कृति विवि के विद्यार्थी और पूर्व छात्र संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, मालदीव, कतर, कुवैत, दुबई तथा तुर्की सहित अनेक देशों में प्रतिष्ठित होटलों एवं रिसॉर्ट्स में कार्यरत हैं। डा. शर्मा के अनुसार तेजी से बढ़ते इस उद्योग को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाला दशक प्रशिक्षित हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स का दशक होगा। ऐसे समय में बी.एससी. (हॉस्पिटैलिटी एंड होटल मैनेजमेंट) केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि भारत और विश्व स्तर

पर सम्मानजनक, बहुआयामी और वैश्विक करियर का प्रवेश द्वार बन चुकी है। भारत का पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग तेजी से विस्तार के दौर में है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2030 तक यह देश के सबसे बड़े रोजगार सृजक क्षेत्रों में शामिल होगा। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क, बढ़ता घरेलू पर्यटन, धार्मिक एवं मेडिकल टूरिज्म, वैश्विक होटल ब्रांडों का निवेश तथा बढ़ती आय के कारण प्रशिक्षित हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार भारत में वर्ष 2030 तक 1,00,000 (एक लाख) से अधिक नए ब्रांडेड होटल रूम विकसित होने की संभावना है। इसके साथ ही देश में सैकड़ों नए होटल, रिसॉर्ट और आतिथ्य परियोजनाएँ शुरू होंगी, जिनके संचालन के लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता होगी। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत का ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र लगभग 6.3 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर सकता है। यह भारत के सबसे बड़े रोजगार क्षेत्रों में से एक होगा। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले वर्षों में हॉस्पिटैलिटी शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए अवसर केवल होटलों तक सीमित

राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती

यह घटना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सिर्फ गंभीर चिंता ही नहीं बल्कि उन लोगों के लिए चेतावनी भी है, जो चीनी सामान को खरीदते हैं या उस पर भरोसा करते हैं। जिस तरह चाइनीज एप के माध्यम से ई-रिक्शा को बीच सड़क पर जाम किया गया, उसने यह गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है कि अगर दुश्मनी में चीन ने अपने उत्पादों को वेपन की तरह इस्तेमाल किया तो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो जायेगी। हैकिंग की एक हालिया घटना के बाद चीन के तीन स्मार्टफोन ऐप्स को प्रतिबंधित किया गया। इसने वाहन उद्योग की साइबर सुरक्षा चिंताओं को रेखांकित किया है। बीएटी-बीएमएस, लॉसिजी और इपॉच-आई-ऑयन नामक इन ऐप्स को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बैटरी प्रबंधन के लिए बनाया गया था, लेकिन उनका दुरुपयोग करके वाहनों को दूर से निष्क्रिय किया जा सकता है। जैसा कि हाल की घटनाओं से साबित हुआ है। केंद्र सरकार ने ऑटोमोबाइल और उनके कलपुर्जा निर्माताओं से कनेक्टेड कारों और ईवी में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर और उपकरणों की जांच करने को कहा।

कनेक्टेड वाहन वे होते हैं जो इंटरनेट से सीधे या स्मार्टफोन से ब्लूटूथ के माध्यम से जुड़े होते हैं। साइबर सुरक्षा के बिना ऑटोमोबाइल गंभीर सुरक्षा कमजोरियों के शिकार हो सकते हैं। पीडब्ल्यूएन2ओडब्ल्यूएन ऑटोमोटिव एक ऐसा वैश्विक वार्षिक साइबर सुरक्षा कार्यक्रम है जो वाहनों में कमजोरियों को प्रदर्शित करने पर केंद्रित है। जनवरी 2026 में, सुरक्षा शोधकर्ताओं ने इस आयोजन के पहले दिन विभिन्न वाहनों में 37 ऐसी कमजोरियां प्रदर्शित की। कनेक्टेड कारों को हैकिंग के जरिये ट्रैक

और हाईजैक किया जा सकता है। जैसे इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चाबियां या निर्माताओं के क्लाउड सर्वर को हैक करके। यहां तक कि टायर प्रेशर जैसे सेंसरों का भी दुरुपयोग किया जा सकता है। हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक मसौदा अधिसूचना में कनेक्टेड वाहनों के लिए 1 अक्टूबर 2026 से चरणबद्ध तरीके से साइबर सुरक्षा मानकों को लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। एआईएस 189 (ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड 189) का साइबर सुरक्षा ढांचा संयुक्त राष्ट्र के आर155 विनियमन पर आधारित है जिसे यूरोपीय संघ ने 2022 में लागू किया था। चीन और कोरिया ने हाल ही में ऐसे ढांचे पेश किए हैं। एआईएस 189 के तहत किसी भी नये वाहन को तय साइबर सुरक्षा मानकों को पूरा करना होगा। साइबर सुरक्षा अनुमोदन प्राप्त करना नये वाहनों को सड़क पर उतारने की पूर्व-शर्त होगी। अक्टूबर 2027 तक नये मॉडलों के लिए एआईएस189 अनुपालन अनिवार्य होगा। अक्टूबर 2028 तक यह सभी नये यात्री वाहनों पर लागू होगा। इससे पुराने मॉडलों की इलेक्ट्रॉनिक संरचना को उन्नत बनाने और उनमें व्यापक बदलाव करने की आवश्यकता पड़ सकती है। रिमोट ऑटो सेवाएं काफी आम हैं। कई वाहन रिमोट ऐप फंक्शन प्रदान करते हैं जिनसे वाहन को गर्म करने, उसमें हवा का प्रवाह तय करने और वातानुकूलन व्यवस्था को नियंत्रित करने जैसे काम किए जा सकते हैं। ईवी में रिमोट बैटरी प्रबंधन की सुविधा होती है। ब्लूटूथ में किसी तरह की सेंध या कमजोरी 10-15 मीटर के दायरे में मौजूद किसी भी व्यक्ति को वाहन पर नियंत्रण पाने में मदद कर सकती है। हालांकि सरकारी परामर्श कनेक्टेड वाहनों पर केंद्रित है, लेकिन हर आधुनिक वाहन साइबर सुरक्षा चिंताओं के दायरे में है। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार सबसे पहले तो सभी वाहनों में साइबर सुरक्षा के मानक तय करे और दूसरे यह कि इस तरह के संवेदनशील साफ्टवेयर अगर वाहन एवं उसके किसी कुल-पुर्जे में इंस्टॉल किया जाता है, तो यह सुनिश्चित किया जाये कि उसमें कुछ भी चाइनीज न हों।

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

दरिंदगी की घटना पर सिर्फ गुस्सा पर्याप्त नहीं

नौशाबा परवीन

सामयिक

एक महिला 22 जून 2026 को श्रीगंगानगर, राजस्थान, की रिको पुलिस पोस्ट पर पहुंची और उसने मौखिक रूप से बताया कि 18 जून 2026 को वह काम के सिलसिले में अपने घर से बाहर गई थी और जब शाम को लौटी तो उसकी 13-वर्षीय नाबालिग लड़की घर पर नहीं थी। महिला के मुताबिक उसने आसपास तलाश किया और अपने रिश्तेदारों से भी मालूम किया, लेकिन वह अपनी बेटी को खोज न सकी। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि उसकी बेटी के पास मोबाइल फोन नहीं था। महिला ने अपनी बेटी की तस्वीर रिको पोस्ट के इनचार्ज को दी, जिन्होंने तुरंत इस घटना के बारे में एसएचओ सदर पुलिस स्टेशन को सूचना दी। मुखबिर से लीड मिलने के बाद एसएचओ ने अपनी टीम के साथ होटल जॉय इन में छापा मारा और शिकायतकर्ता की नाबालिग लड़की को बरामद किया।

महिला पुलिस स्टेशन की एसएचओ ने जब पीड़िता की संवेदनशील काउंसलिंग की तो ऐसा दिल दहला देने वाला भयावह सत्य सामने आया जिसे लिखते हुए भी हाथ कांप रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक रिक्शा चालक ने उसे अगवा करके होटल ऑपरेटर्स को बेचा था, जिन्होंने विभिन्न होटलों में कई दिनों तक उसका 32 व्यक्तियों से जबरन यौन शोषण कराया। इन अधेड़ उम्र के बलात्कारियों, जो पैसे से भी सम्पन्न होंगे कि होटलों में दरिंदगी कर रहे थे, के लिए मन में जबरदस्त गुस्सा और मुंह पर गालियां हैं कि अपनी बेटी या पोती की आयु की नाबालिग लड़की का जबरन यौन शोषण करते हुए उन्हें जरा भी शर्म नहीं आयी। हालात तो इस ओर संकेत दे रहे हैं कि इन बलात्कारियों ने ऐसे कुकर्म पहले भी किये होंगे और होटल ऑपरेटर्स से इनकी सांठगांठ होगी, वर्ना यह कैसे संभव है कि एक नाबालिग लड़की को खरीदा जाये और फिर चंद दिनों में तीन होटलों में उसे 32 दरिंदों के सामने फेंक दिया जाये। यह संगठित अपराध का मामला प्रतीत होता है, जिसकी जांच होना आवश्यक है। वैसे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया गया है। बहरहाल, इस लेख के लिखे जाने तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक होटल का मालिक व 2 होटल मैनेजर भी शामिल हैं। अन्य गिरफ्तारियां भी जल्द होने का अनुमान है। तीन होटलों- खुनगर, जॉय इन व सफायर पर बुल्डोजर कार्रवाई करते हुए उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। होटल में जो दुकानें थीं, उन्हें पहले ही खाली करा लिया गया था। शहर की जिन अन्य होटलों में इस किस्म के धंधे होने का शक है, उन्हें सील कर दिया गया है। पब्लिक को दिखाने या वाह वाही लूटने के लिए यह जो 'बुल्डोजर न्याय' का चलन चला दिया गया है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत, इससे किसी पीड़ित को न्याय नहीं मिलता है बल्कि देश की सम्पत्ति का नुकसान होता है बहुत से लोग संकट में आ जाते हैं। भला होटलों के नीचे जो दुकानें थीं, उनके मालिकों का क्या कुसूर था कि उन्हें फिलहाल के लिए बेरोजगार कर दिया गया? फिर जब किसी बिल्डिंग पर बुल्डोजर चलाया जाता है, उसका कारण उसमें हुए अपराध को नहीं बताया जाता है (उसकी सजा तो अदालत से दी जाती है) बल्कि 'अवैध निर्माण' बताया जाता है।

> यह सोचने की बात है कि संदिग्ध अपराध के बाद ही प्रशासन को यह ख्याल कैसे आता है कि बिल्डिंग का निर्माण अवैध था? जाहिर है यह सब पोलिटिकल स्टंट के अतिरिक्त कुछ नहीं है, जिसकी वजह से पीड़ितों को न्याय मिलना नेपत्य में चला जाता है।

यह सोचने की बात है कि संदिग्ध अपराध के बाद ही प्रशासन को यह ख्याल कैसे आता है कि बिल्डिंग का निर्माण अवैध था? जाहिर है यह सब पोलिटिकल स्टंट के अतिरिक्त कुछ नहीं है, जिसकी वजह से पीड़ितों को न्याय मिलना पृष्ठभूमि में चला जाता है। सितम्बर 2022 में उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल स्थित 'वनतरा रेसॉर्ट' में हुई 19-वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या का मामला तो आपको याद होगा। रेसॉर्ट के एक हिस्से पर बुल्डोजर चला दिया गया था, तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन सीबीआई की जांच (जो चल रही है) से अभी तक उस 'वीआईपी' का नाम सामने नहीं आया है जिसे 'एक्स्ट्रा सर्विस' (अतिरिक्त सेवाएं) न देने की वजह से अंकिता भंडारी की हत्या की गई थी, चीला नहर में धक्का देकर। कहने का अर्थ यह है कि तथाकथित बुल्डोजर न्याय के बावजूद अंकिता भंडारी को अभी तक इंसाफ नहीं मिला है।

इस नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में पुलिस के अनुसार उसके पास तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, साईट जांच, पीड़िता द्वारा आरोपियों की पहचान आदि सभी कुछ है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए यह पर्याप्त है। बेहतर तो यह होगा कि इनके खिलाफ खुली अदालत में मुकदमा चलाया जाये ताकि यह पूरे शहर के सामने शर्मसार हों, जनता को सबक मिले और कोई भी ऐसे घिनौने अपराध करने की हिम्मत न करे। इसके अतिरिक्त पीड़िता के पुनर्वास के लिए इन्हीं आरोपियों से बतौर जुमार्ना मोटी रकम वसूल की जाये। इस अपराध का फैसला अधिक से अधिक दस दिनों के भीतर आ जाना चाहिए क्योंकि देर से मिला न्याय भी न्याय नहीं होता है। इन आरोपियों के संदर्भ में श्रीगंगानगर में यह मांग जोरों पर है कि उन्हें चैराहे पर खड़ा करके गोली मारी जाये। गौरतलब है कि दिसम्बर 2019 में हैदराबाद में एक 27-वर्षीय महिला डॉक्टर के सामूहिक बलात्कार व हत्या की वीभत्स घटना के बाद देशभर में वैसे ही विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये थे जैसे दिल्ली के 16 दिसम्बर 2012 के निर्भया कांड के बाद हुए थे और केंद्र सरकार को जस्टिस वर्मा आयोग की सिफारिशों के अनुसार आपराधिक कानूनों में सख्ती लाने के लिए संशोधन करना पड़ा था। सड़क से संसद तक हो रहे विरोधों का तेलंगाना राज्य सरकार पर जबरदस्त दबाव पड़ रहा था; नतीजतन 6 दिसम्बर 2019 की सुबह 3 बजे चारों संदिग्धों को 'मुठभेड़' में मार गिराया गया। इस 'मुठभेड़' की प्रक्रिया पर अनेक प्रश्न खड़े किये जा सकते हैं (पुलिस रात में सीन क्यों रीक्रिएट कर रही थी? आदि), लेकिन यहां सवाल ही दूसरा है- क्या इस किस्म की कार्यवाही से देश में महिलाओं के खिलाफ निरंतर बढ़ रहे यौन अपराधों पर विराम लगाया जा सकेगा? ध्यान रहे कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर 18 मिनट पर एक महिला के साथ दुष्कर्म होता है। 29,909 बलात्कार पीड़ितों में से एक तिहाई नाबालिग थीं। ऐसा कोई अध्ययन या रिकॉर्ड नहीं है जिससे यह साबित होता हो कि फांसी की सजा या 'मुठभेड़' से इतना डर बैठ जाता है कि अपराध होने बंद हो जाते हैं। दरअसल, अपराधों को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान कानून पर्याप्त हैं, बशर्ते कि उन्हें ईमानदारी, निष्पक्षता व सख्ती से लागू किया जाये। इसके लिए आवश्यक है कि पुलिस महकमे को स्वायत्तता प्रदान करते हुए उसे जवाबदेह व प्रोफेशनल बनाया जाये।

सत्तारूढ़ दल के अधीन होने के कारण पुलिस पर अधिकतर मामलों में राजनीतिक दबाव होता है, जिससे वह निष्पक्षता से काम नहीं कर पाती। सत्तारूढ़ दलों से जुड़े अपराधियों को लगता है कि उन्हें राजनीतिक शरण प्राप्त है, इसलिए कुछ भी कर लें उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। फिर पुलिस का गैर-पेशावर रवैय्या भी काफी हद तक अपराधों के लिए जिम्मेदार है। पुलिस सुधार के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि ट्रायल तेजी से समाप्त हों, लेकिन अदालतों में इतने अधिक मामले लम्बित पड़े हैं कि ऐसा दुर्लभ ही होता है। गवाहों की सुरक्षा विश्वसनीय नहीं है और अदालती कार्यवाही भी लम्बी चलती रहती हैं जिससे असरदार आरोपी अपने आपको कानून के शिकंजे में आने से बचा लेते हैं।

सोशल मीडिया

विश्व के सबसे बड़े छात्र संघ एबीवीपी के स्थापना दिवस पर परिषद के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं। स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों पर चलकर यह संस्था पुनीत कार्य कर रही है।
अमित शाह.

चिंतन प्रक्रिया

अंतर्दृष्टि

मानव मस्तिष्क अति चिंतनशील है। मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

डिजिटल थकान से बाहर निकलें

लोकमित्र

हमारी सुबह अब सूरज की पहली किरण से नहीं, मोबाइल स्क्रीन की चमक से शुरू होती है। दिनभर अंगुलियां स्क्रीन पर दौड़ती रहती हैं और रात का आखिरी स्पर्श भी किसी नोटिफिकेशन या सोशल मीडिया का फीड होता है। ऐसा लगता है जैसे हमने तकनीक को अपने जीवन का सबसे भरोसेमंद साथी बना लिया है। लेकिन क्या कभी हमने यह सोचा है कि सुविधा देने वाली यह तकनीक धीरे-धीरे हमारी मानसिक ऊर्जा, एकाग्रता, रिश्तों और सुकून को भी चुपचाप निगल रही है? जी हां, डिजिटल थकान अब केवल आईटी पेशेवरों या कंप्टीशन की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की समस्याभर नहीं है। घर-परिवार, दफ्तर, शिक्षा, बैंकिंग, मनोरंजन और यहां तक कि सामाजिक रिश्ते भी अब स्क्रीन पर ही सिमटते जा रहे हैं। नतीजा यह है कि शरीर भले आराम करता हुआ दिखाई दे, लेकिन दिमाग दिन-रात व्यस्त रहता है या कहें काम में लगा रहता है। बेचैनी, चिड़चिड़ापन, नींद में कमी, थकान, ध्यान भटकना और अपनों के बीच रहते हुए भी अकेलापन महसूस करना, ये सब ऐसे एहसास हैं, जो हमें बताते हैं कि हम एक ऐसे संकट की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे समय रहते नहीं पहचाना गया तो सामाजिक महामारी का रूप ले सकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम तकनीक से कुछ दूरी बनाएं बल्कि कहना चाहिए संतुलित रिश्ता बनाएं। क्योंकि यदि स्क्रीन हमारे जीवन का साधन है, तो इसे जीवन का केंद्र कभी नहीं बनना चाहिए।


डिजिटल लत बन रही है बड़ी बीमारी

अगर हमसे कोई औचक पूछे कि हमने पिछले एक महीने में कितनी बार पहले सूर्योदय देखा है, इसके बाद अपना मोबाइल फोन? तो शायद ही 5 पर्सेंट ऐसे खुशनसीब लोग हों, जो आज शहरों में रहते हुए मोबाइल स्क्रीन देखने से पहले सूर्योदय देखते हों। क्योंकि हकीकत यही है कि सुबह आंख खुलते ही हमारा हाथ स्वतः मोबाइल पर जाता है। रात को सोने से पहले आखिरी नजर भी स्क्रीन पर टिकती है और दिनभर ई-मेल, व्हाटसएप, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, ऑनलाइन मीटिंग और डिजिटल पेमेंट जैसे अनगिनत नोटिफिकेश के बीच हमारी दिनचर्या के सक्रिय पल गुजरते हैं। यही कारण है कि दिनोंदिन हमारी शांति, हमारी एकाग्रता, हमारी फुर्सत, सब हमारी हथेली में कैद होती जा रही है। आज हिंदुस्तान ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां तकनीक ने जीवन को पहले कभी इससे अधिक सुविधाजनक नहीं बनाया था। लेकिन इस सुविधा के साथ ही मानसिक थकान, तनाव, अकेलापन और ध्यान भटकाने जैसी मानसिक समस्याएं हमें मुफ्त में मिली हैं। सवाल है इस सबसे कैसे निपटें? तो इसकी एक काट निकाली गई है- स्लो लाइफ। जी हां, आज यह जीवनशैली के तौरपर तेजी से लोकप्रिय हो रही है। स्लो लाइफ कोई नया फैशन नहीं है बल्कि जिंदगी की तेज रफ्तारी ने, जिंदगी की आपाधापी में हमने जिस जीवन को नौकरी की तरह जीना शुरू कर दिया है, उसे अब कुछ लोग फिर से एहसास के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं और इसी प्रक्रिया का नाम स्लो लाइफ है। स्लो लाइफ का अर्थ है तेज रफ्तार दुनिया में भी अपने लिए ठहराव के कुछ पल बचाकर रखना। मसलन-

- बिना जल्दबाजी के सुबह की चाय पीना।
- हर दिन की आपाधापी के बीच कुछ पन्ने रोज अपनी पसंदीदा किताब के पढ़ना।
- काम की अधिकता और टारगेट के प्रेशर के बावजूद हर दिन आधे घंटे बच्चों के साथ खेलना।
- हर दिन सुबह पेड़ों के बीच टहलना।
- 24 घंटे में कम से कम एक बार परिवार के साथ बैठकर भोजन करना और इस दौरान बिना किसी डिजिटल व्यवधान के बातचीत करना। वास्तव में यह नई जीवनशैली जिसे स्लो लाइफ के नाम से जाना जाता है, आधुनिक जीवन या नई तकनीक से भागना नहीं है बल्कि सब कुछ इसी के हवाले कर देने की बजाय थोड़ा जिंदगी को भी तव्वजो देने का नाम है या कहें जिंदगी और तेज रफ्तारी के बीच संतुलन साधने की कला है।

क्या है डिजिटल थकान

डिजिटल थकान केवल आंखों की जलन या गर्दन के दर्दभर का नाम नहीं है। यह उस मानसिक बोझ का परिणाम है, जो लगातार स्क्रीन पर पहले से ज्यादा है। हर कुछ मिनट में आने वाली सूचना, संदेश, वीडियो, मस्तिष्क को लगातार सक्रिय रखते हैं। जिस कारण धीरे-धीरे हमारा ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कमजोर होती है और हमारी नींद प्रभावित होती है। नतीजा ये होता है कि मन व्यग्र रहने लगता है और सब कुछ के बावजूद एक अजीब तरह का खालीपन महसूस होने लगता है, जो हमें बिना किसी वजह के उदास करता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं यह स्थिति हमारे मस्तिष्क को जरूरी विश्राम न मिल पाने की वजह से होती है। यही कारण है कि कई लोग छुट्टी के दिन भी थका-थका महसूस करते हैं। हालांकि एक जमाने में लोगों को लगता था कि अगर दफ्तर न जाया जाए तो हमारे पास रिलैक्स का खूब टाइम होता है। मगर हैरानी यह है कि अब जिन लोगों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा है, वो लोग घर में रहते हुए भी आराम नहीं महसूस कर रहे बल्कि उतने ही थके और चिड़चिड़े हो रहे हैं, जितने रोज ऑफिस जाने वाले होते हैं। यही कारण है कि हाल के सालों में बहुत बड़ी तादाद में लोग सप्ताहांत अपने शहर के नजदीकी पहाड़ों, जंगलों और गांव की तरफ निकल जाते हैं ताकि उन्हें जरूरी मानसिक सुकून मिल सके।

सिर्फ आसपास के हिल स्टेशनों तक जाने का ही इन दिनों चलन नहीं बढ़ा बल्कि रनिंग क्लब, साइकिल ग्रुप, योगा कम्युनिटी आदि का भी चलन तेजी से महानगरों में रह रहे, लोगों के बीच हो रहा है। ये सब गतिविधियां लगातार तेज रफ्तार जिंदगी की ऊब से छुटकारा पाने और फिर से बहुत कुछ महसूसने के लिए हो रहा है और इसे ही स्लो लाइफ कहा जा रहा है। हाल के सालों में जैसा कि हम सब जानते है, लोगों में पढ़ने की रुचि और रफ्तार तो बहुत बढ़ी है, लेकिन किताबों में नहीं बल्कि यह सोशल मीडिया और विशेषकर सुनने वाले पॉडकॉस्ट के जरिये ज्यादा बढ़ी है, लेकिन उससे नतीजा यही निकला रहा है कि लोग डिजिटल थकान महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि अब फिर से धीरे-धीरे और सालभर लगातार महत्वपूर्ण किताबों को पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ी है। डिजिटल युग में यही सबसे दिलचस्प बात है कि लोग आज पढ़ने के लिए किताबों की दुनिया की तरफ लौट रहे हैं और हाल के पिछले दो सालों में उपन्यास, यात्रा वृतांत और सबसे ज्यादा आत्मकथाएं छपी हुई किताबों के रूप में पढ़ी गई हैं।

फिर से स्लो ट्रैवल का आकर्षण बढ़ गया है। अब पहले की तरह लोग तीन से पांच शहर देखने वाले ट्रैवल पैकेजों से तौबा कर रहे हैं। अब लोग एक ही जगह चार-पांच दिन रहने के लिए जा रहे हैं। वही स्थानीय भोजन खा रहे हैं, लोगों से मिल-जुल रहे हैं, लोककलाएं सीख रहे हैं, कुल मिलाकर स्लो ट्रैवेल का आनंद ले रहे हैं और यह भी कोशिश करके की गई स्लो लाइफ ही है। आज लोगों के दर्जनों और सैकड़ों नहीं हजारों सोशल मीडिया मित्र हैं। लेकिन महीने में दो चार से भी शायद बात होती हो। जबकि स्लो लाइफ हमें याद दिलाती है कि वो भी दिन थे, जब हमारे गिने चुने दोस्त थे। लेकिन अकसर हम बैठकर गप्पे मारा करते थे, देर तक हंसी-ठट्ठा किया करते थे और दुनियाभर के अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा किया करते थे। लोगों को अब ये सब चीजें बड़ी शिद्दत से याद आ रही हैं और लोग इस लाइफस्टाइल को फिर से पाने की सप्रयास कोशिश कर रहे हैं। आज युवा बदल रहे हैं। वे योग, ध्यान, बागवानी, संगीत और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों की तरफ लौट रहे हैं। क्योंकि स्लो लाइफ का मतलब केवल कम स्क्रीन नहीं है बल्कि फिर से ऐसा आरामदायक जीवन जीना शुरू करना है, जिसमें मारामारी न हो, भागमभाग न हो। यही कारण है कि लोग स्थानीय उत्पाद अब ज्यादा खरीद रहे हैं। अनावश्यक उपभोग में कटौती कर रहे हैं। पैदल या साइकिल से चल रहे हैं। प्लास्टिक के उपयोग में सेल्फ सेंसरशिप लगा रहे हैं।

कुल मिलाकर हर वह कोशिश कर रहे हैं, जिससे लगे कि हम प्रकृति के प्रति और अपने जीवन के प्रति सहज और संवेदनशील हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि आने वाले वर्षों में बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी, डिजिटल तकनीक का प्रभाव और ज्यादा बढ़ेगा। ऐसे में मानसिक संतुलन बनाये रखने के लिए स्लो लाइफ जैसी जीवनशैली केवल एक ऊब से लौटनाभर नहीं है बल्कि यह जीवन को संतुलित बनाये रखने के लिए भी जरूरी है। इसलिए माना जा रहा है कि भविष्य का सफल व्यक्ति वही होगा, जो तकनीक का उपयोग तो करेगा, लेकिन उसका गुलाम नहीं बनेगा। क्योंकि ठहरना भी एक कला है। जीवन की सबसे सुंदर धुनें तेज स्वर में नहीं सुनायी पड़ती, वो तभी सुनायी पड़ती हैं जब हम कुछ पल ठहरें। जब हम अपने आसपास, हमें छूकर गुजर रही हवा को, हमें भिगो रही बारिश की बूंदों को महसूस करें, किसी किताब के पन्नों को पलटते हुए उसकी खुशबू महसूस करें या अपने दोस्तों के साथ बिना घड़ी जब तक मन हो बैठे रहें। वास्तव में डिजिटल दुनिया हमें बहुतों से जोड़ती है। लेकिन शायद खुद से काट देती है। जबकि जीवन जीने के लिए दोनों जरूरी हैं। इसलिए अब लोग स्लो लाइफ के जरिये खुद से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

आप की बात

सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार व प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। भारत और उसके हरेक नागरिक के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये।

प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.

रोजगार के आंकड़े

रोजगार को लेकर आरबीआई ने जो डाटा पेश किया है उस पर तमाम तरह के सवाल हैं। आरबीआई की हालिया रिपोर्ट जिसमें कहा गया है कि बीते तीन-चार सालों में आठ करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं, इसके आने के बाद से ही बीजेपी विपक्ष पर हमलावर है। प्रधानमंत्री ने भी इस रिपोर्ट का हवाला देकर मुंबई में विपक्ष पर हमला बोला। पीएम ने कहा है कि बीते 3-4 साल में करीब आठ करोड़ रोजगार दिए गए हैं। उनके मुताबिक, बुनियादी ढांचे की प्रत्येक परियोजना के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ता है। इस मुद्दे पर फर्जी आंकड़े और बयान देने वालों की जुबान अब बंद हो जानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब भी प्रधानमंत्री के दावे को झूठ करार दे रहे हैं।

अनिल कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

ललितपुर में साइबर ठगी पर पुलिस का बड़ा शिकंजा

ललितपुर। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ललितपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे कथित म्यूल बैंक खातों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिले के तीन थानों कोतवाली ललितपुर, जखौरा और मड़ावरा में कुल 10 खाताधारकों के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सभी मामलों में बीएनएस की धारा 49 एवं 317 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि संबंधित बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। ऐसे खातों को साइबर अपराध की भाषा में म्यूल अकाउंट कहा जाता है। पुलिस अब इन खातों के माध्यम से जुड़े अन्य लोगों और साइबर गिरोहों की भी जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है।

आपदा पीड़ित के साथ खड़ा होना प्रशासन की जिम्मेदारी: डॉ. लालजी

जिला संवाददाता

ललितपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति डा.लालजी प्रसाद निर्मल ने शुक्रवार को ललितपुर दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में

- ललितपुर में दैवीय आपदा प्रबंधन व मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा
- संवेदनशील गांवों में राहत चैपाल और जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश

दैवीय आपदा प्रबंधन की योजनाओं एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जन-धन की हानि कम करने के लिए गांव-गांव में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा ग्राम प्रधानों को नियमित प्रशिक्षण देकर आपदा प्रबंधन के प्रति सक्षम बनाया जाए।

बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सभापति का बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद हुई समीक्षा में डा.निर्मल ने जिले में आकाशीय बिजली, सर्पदंश, डूबने, सूखा, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति, राहत वितरण, जोखिम न्यूनीकरण, पुनर्वास तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपदा के समय प्रभावित व्यक्ति के साथ तत्काल खड़ा होना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में समय-समय पर ग्राम प्रधानों की बैठकें एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं ताकि ग्रामीणों को संभावित आपदाओं और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से आकाशीय बिजली, सर्पदंश और डूबने की घटनाओं को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा संवेदनशील गांवों में राहत चैपाल और जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान सभापति ने दामिनी ऐप, सचेत ऐप, आपदा कंट्रोल रूम, जोखिम न्यूनीकरण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में मौसम विभाग की चेतावनियों का सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, ट्विटर और फेसबुक के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है। साथ ही स्कूलों, महाविद्यालयों, अस्पतालों, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से मॉक ड्रिल आयोजित कर लोगों को आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाती है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने वर्ष 2026-27 में वितरित राहत राशि का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि आकाशीय बिजली, डूबने, सर्पदंश, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि और अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार क्षतिपूर्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2026-27 में 28 जनहानियों, 7 पशुहानियों, 3 घायलों तथा 4 क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि वितरित की गई है। आपदा प्रबंधन की समीक्षा के बाद सभापति ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक जनपद में 9,098 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 1,577 अनुसूचित जाति के लाभार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में बसोड़ समाज के 777 परिवारों को आवास का लाभ दिया जा चुका है, जबकि वर्ष 2026-27 के लिए 425 बसोड़ परिवारों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनके खातों में शीघ्र ही धनराशि हस्तांतरित की जाएगी।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण, तैयारियों की समीक्षा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बारिश के कारण घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो ढेमा, गुनौली, कोयलावर, टिकरी, जलालपुर ग्रामो का नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय ने निरीक्षण किया। इसके उपरान्त खेरी घाट पर बैठक कर आगामी मानसून और संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान संभावित बाढ़ क्षेत्रों में 24 घंटे चलने वाले कंट्रोल रूम सक्रिय करने, बचाव उपकरणों नावों, लाइफ जैकेट और नाविकों की उपलब्धता, बाढ़ प्रभावित गांवों में मेडिकल टीमों, पर्याप्त दवाओं और पशुओं के चारे की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने, बाढ़ के दौरान नावों की तत्काल व्यवस्था करने और प्रभावित लोगों को उचित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त बाढ़ चैकियों और राहत शिविरों की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। इन बैठकों में प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीण मौजूद रहे।

शिक्षा की अलख, उत्साह, जनसहभागिता के साथ निकली स्कूल चलो अभियान रैली

बाराबंकी। स्कूल चलो अभियान-2026 के अंतर्गत एक भव्य जन-जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज से रवाना किया। रैली मे सरस्वती शिशु मंदिर लखपेड़ाबाग के बैंड की मधुर घोष ने पूरे वातावरण को देशभक्ति एवं शिक्षा के उत्साह से सराबोर कर दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षित होकर देश बनाए, बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार, आओ मिलकर अलख जगाएँ, हर बच्चे को स्कूल लाएँ जैसे नारों का उद्घोष किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह, प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, प्रधानाचार्य अरविंद सिंह, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य विजय गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ0 इसरार अहमद, अखिलेन्द्र सिंह, आशीष पाठक, नवनीत त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ0 राकेश कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

- राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर किया अभियान का शुभारंभ

कारों की भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह मज्जिद के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि उनमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव लालपुरा निवासी दिनेश भदौरिया परिवार के साथ कार से मध्य प्रदेश के भिंड जा रहे थे। सुबह उनकी कार जैसे ही इकदिल क्षेत्र में मज्जिद के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

अवैध संचालन पर करायी गयी दुकान बंद, सैंपल जांच को भेजे

ललितपुर। झांसी रोड स्थित कसाई मंडी क्षेत्र में बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रही एक बिरयानी दुकान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। विभागीय टीम ने मौके से बिरयानी के नमूने (सैंपल) लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर के मोहल्ला कसाई मंडी में बड़ी पानी की टंकी के सामने पुराना शाही रोड पर संचालित वजीर बिरयानी के संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दुकान बिना वैध फूड लाइसेंस के संचालित हो रही है तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। शिकायत मिलने के बाद सहायक आयुक्त (ग्रेड-2) के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकान संचालक से खाद्य लाइसेंस, मीट की खरीद से संबंधित बिल तथा अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। संचालक ने मीट झांसी से खरीदकर लाने की बात कही, किंतु खरीद संबंधी बिल या रसीद प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर विभाग ने तत्काल दुकान का संचालन बंद कराने के निर्देश दिए और लाइसेंस प्राप्त होने तक कारोबार न करने की चेतावनी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन, मुख्य खाद्य निरीक्षक कलामुद्दीन सहित विभागीय टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने दुकान से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया।

वृद्ध पिता को बहाने से साथ ले जाकर पैतृक संपत्ति हड़पने का आरोप

ललितपुर। जिले में पारिवारिक संपत्ति विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है। दो भाइयों ने अपने बड़े भाई पर 81 वर्षीय वृद्ध पिता को बहाने से अपने साथ ले जाकर उनकी अस्वस्थता का लाभ उठाते हुए पैतृक कृषि भूमि और मकान बेचने की तैयारी करने का आरोप लगाया है। मामले में

- पिता को वापस दिलाने और जमीन-मकान की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

दोनों भाइयों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर हस्तक्षेप की मांग की है। मड़ावरा के ग्राम गुढ़ा व हाल मोहल्ला रावतयाना निवासी जगदीश कुशवाहा और देशराज कुशवाहा पुत्रगण रघुवर कुशवाहा ने बताया कि उनके परिवार में तीन भाई हैं। उनका कहना है कि उनके 81 वर्षीय पिता रघुवर कुशवाहा ने पूर्व में पारिवारिक सहमति से अपनी चल-अचल संपत्ति तीनों पुत्रों के बीच मौखिक रूप से बांट दी थी और सभी अपने-अपने हिस्से से संतुष्ट थे। दोनों भाइयों का आरोप है कि लगभग चार माह पहले उनके बड़े भाई भोले कुशवाहा, जो मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के कुण्डेश्वर क्षेत्र में रहते हैं, पिता को शादी समारोह में ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। इसके बाद से पिता का परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने कई बार अपने बड़े भाई से पिता के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उनका आरोप है कि जब वे पिता से मिलने गए तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि पिता की उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी स्थिति को लेकर परिवार बेहद चिंतित है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि बड़े भाई द्वारा पिता को हाल ही में मड़ावरा तहसील स्थित उपनिबंधक (सब-रजिस्ट्रार) कार्यालय ले जाया गया था। इससे उन्हें संदेह है कि पिता के नाम दर्ज संपत्तियों के संबंध में कोई दस्तावेज तैयार कराने का प्रयास किया जा रहा है। भाइयों ने आरोप लगाया है कि उनके बड़े भाई की नजर ग्राम गुढ़ा स्थित कृषि भूमि की आराजी संख्या 516 एवं 428 तथा ललितपुर के रावतयाना स्थित पैतृक मकान पर है। उनका कहना है कि इन संपत्तियों को बेचने की तैयारी की जा रही है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया है कि पिता के नाम पर पहले से कई किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाकर ऋण भी लिया गया है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनके वृद्ध पिता की सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों से मिलवाया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर विवादित कृषि भूमि और मकान के किसी भी संभावित विक्रय पर जांच पूरी होने तक रोक लगाने की कार्रवाई की जाए।

अमरनाथ बर्फानी दर्शन के लिए रवाना

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता के नेतृत्व में देवों के देव महादेव बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ बालटाल के लिए रवाना हुए। जिसमें जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता के साथ सभासद संगठन के संगठन मंत्री तेजपाल राजपूत, संजीव राजपूत, राणा राजपूत, भोले राजपूत, मीरा राजपूत, शिवशंकर, योगेश, शिवम पाल, राजीव राजपूत, अजय राजपूत, बाबा के भक्तों को व्यापार मंडल के संरक्षक राजीव अग्रवाल जिला के महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री गुड्डी बाजपेई राजीव वर्मा आदि है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 12 को देंगे गौरक्षा का संदेश

बाराबंकी में गो संरक्षण यात्रा का होगा भव्य स्वागत, पादुका पूजन की तैयारियों में जुटा सनातन समाज

जिला संवाददाता

बाराबंकी। आगामी 12 जुलाई सनातन संस्कृति, वैदिक परंपराओं और गो संरक्षण को समर्पित एक धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती श्रद्धालुओं को आशीवर्चन देंगे। उक्त उद्गार देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यात्रा के जिला प्रभारी दंडी स्वामिश्री असंभव सम्भावनंद सरस्वती और पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव राजू ने संयुक्त रूप से मीड़िया से रुबरु होते हुये दी। प्रेस वार्ता मे उन्होंने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के संकल्प के साथ 81 दिवसीय यात्रा पर निकले हैं। देशव्यापी स्तर पर निकाली जा रही ऐतिहासिक गविष्टि गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध यात्रा रविवार को जनपद की सीमा में दाखिल होगी। इस महायात्रा का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण राष्ट्र में गौ संरक्षण और संवर्धन के प्रति बड़े पैमाने पर जनमानस को जागरूक करना तथा गौ माता को ह्यराष्ट्रीय माताह्न का सर्वोच्च संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग को पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष उठाना है। उन्होंने बताया कि यात्रा का प्रथम पड़ाव हैदरगढ़ विधानसभा में सपा नेता गौतम रावत द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत एवं पादुका पूजन किया जाएगा। देवीगंज चैराहा स्थित श्री हनुमंत जी मंदिर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, दरियाबाद विधानसभा में सुबह 10 बजे भिटरिया चैराहा स्थित कृष्णा मैरिज लॉन में पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह वर्मा, अपराह्न 12 बजे जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक और अंकित भारती सहित कोटवा सड़क, सुशवई चैराहा, सिद्धौर चैराहा, कोठी चैराहा, इसरौली सारी चैराहा सहित अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। अपराह्न 2 बजे सदर विधानसभा के बड़ेल नहर स्थित शान्ति पैलेस में पूर्व एमएलसी राजेश यादव, सदर विधायक सुरेश यादव, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, बबलू बिन्द्रा स्वीट्स द्वारा शंकराचार्य जी का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान पूर्व एमएलसी राजेश यादव द्वारा पादुका पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। तदोपरान्त कुर्सी विधानसभा अन्तर्गत सांसद तनुज पुनिया एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत पटेल चैराहा पर किया जाएगा। इसके बाद यात्रा का अन्तिम पड़ाव सायंकाल 7 बजे रामनगर विधानसभा में लोधेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन व पूजन के उपरान्त मलौली स्थित श्री पंचमुखी हनुमत धाम दण्डी सन्यासी आश्रम एवं जगतगुरूकुलम में होगा।

राजाराम ने मौत से पहले बेटे को सौंपे थे 3 सुसाइड नोट

जिला संवाददाता

ललितपुर। बार थाना क्षेत्र के ग्राम बुरागांव-चिगलौआ निवासी 78 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम गोस्वामी की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खाने से हुई मौत के मामले ने शुक्रवार को बड़ा कानूनी मोड़ ले लिया। मृतक के पुत्र अनुराग गोस्वामी की तहरीर पर बार थाना पुलिस ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एल.वी. एंटनी देवकुमार समेत छह नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला दर्ज होने के बाद पूरे जिले में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

- तत्कालीन एस.पी. एल.वी.एन्टोनी देवकुमार समेत छह पर एफआईआर दर्ज
- आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण व रंगदारी का आरोप
- 24 साल से मानसिक उत्पीड़न, 5 लाख रुपये की मांग और दबाव के आरोप
- तीन सुसाइड नोट पुलिस के कब्जे में, हाई-प्रोफाइल मामले की शुरू हुई विवेचना

पुलिस अभिलेखों के अनुसार दर्ज मुकदमे में बीएनएस की धारा 108 तथा धारा 308(4) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे राजाराम गोस्वामी ने अपने पुत्र अनुराग गोस्वामी को फोन कर घर बुलाया। परिजनों का आरोप है कि जब अनुराग घर पहुंचे तो उनके पिता विषाक्त पदार्थ के सेवन के कारण गंभीर हालत में थे। उन्हें तत्काल उपचार के लिए बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का कहना है कि अस्पताल ले जाते समय राजाराम गोस्वामी ने अपनी जेब से तीन हस्तलिखित सुसाइड नोट निकालकर पुत्र को सौंपे। बताया गया है कि यह पत्र थाना प्रभारी बार, पुलिस अधीक्षक ललितपुर तथा न्यायालय के नाम लिखे गए थे। पुलिस ने इन पत्रों को अपने कब्जे में लेकर जांच का महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए सुरक्षित कर लिया है। अब इन सुसाइड नोटों की सामग्री विवेचना का प्रमुख आधार बनेगी।

चौबीस वर्ष पुराने विवाद का जिक्र

मृतक के पुत्र द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2002 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एल.वी. एंटनी देवकुमार द्वारा राजाराम गोस्वामी को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया था तथा उनके विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। तहरीर में यह भी आरोप है कि राजाराम गोस्वामी ने उस मामले में न्यायालय की शरण ली थी, जिसके बाद से उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। एफआईआर में दावा किया गया है कि बीते कई वर्षों से गांव के कुछ लोग उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे, जिससे वे मानसिक तनाव में रहने लगे थे।

पांच लाख रुपये की मांग का भी आरोप

अनुराग गोस्वामी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा उनके पिता से पांच लाख रुपये की मांग की गई थी और लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। उनका कहना है कि लंबे समय से चल रहे उत्पीड? और कथित धमकियों से परेशान होकर उनके पिता ने आत्मघाती कदम उठाया।

हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि अभी जांच के दौरान की जाएगी और पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

इन छह लोगों को बनाया गया नामजद आरोपी

बार थाना में दर्ज एफआईआर में तत्कालीन एसपी एल.वी. एंटनी देवकुमार, गोकुल प्रसाद पुत्र अजुद्दी बरार, कामता प्रसाद पुत्र अजुद्दी, देवेन्द्र कुमार पुत्र विद्याधर तिवारी, गुलाब पुत्र गोकुल प्रसाद बरार, छोटेलाल पुत्र खंजिया बरार को नामजद किया गया है।

एफआईआर की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

एफआईआर दर्ज होने से पहले शुक्रवार को मृतक के परिजन, ग्रामीण एवं समर्थक बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। परिजनों का कहना था कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। बाद में पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने और मुकदमा दर्ज होने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

उप निरीक्षक संजीव धामा को सौंपी गई जांच

बार थाना पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक संजीव धामा को सौंप दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट, दस्तावेजी साक्ष्य, गवाहों के बयान तथा अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और सभी की नजर अब पुलिस विवेचना तथा सुसाइड नोटों की जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिवक्ताओ ने डीएम को सौपा 4 सूत्रीय ज्ञापन

प्रातः 6 से 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाया जाये पूर्ण प्रतिबंध

बाराबंकी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्व श्री अवध बिहारी मिश्र सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता रितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी को सम्बोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम विवेकशील यादव को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि शहर की आबादी वाले क्षेत्रों में प्रातः 6 से 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये, शहर के प्रमुख मार्गों एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर डिवाइडर का निर्माण शीघ्र कराया जाए, प्रातः 6 से 9 बजे तक स्कूली बच्चों के आवागमन के समय सभी प्रमुख चैराहों एवं स्कूलों के पास पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, हाईवे पर नो एंट्री प्रारम्भ होने से पूर्व सड़कों पर भारी वाहनों के जमावड़े को रोकने हेतु कड़ी कार्यवाही की जाए। इस मौके पर अधिवक्ता श्री मिश्र ने कहा कि दिनांक 7 जुलाई 2026 को प्रातः बंकी नई बस्ती ओम नगर निवासी चंद्रिका प्रसाद तिवारी के इकलौते पुत्र हर्षवर्धन तिवारी जिसकी साइकिल से किंग जॉर्ज स्कूल जाते समय माल गोदाम के पास एक ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। ज्ञापन देने में रितेश कुमार, पवन मिश्र, रजनीश शुक्ला, दिवाकर सिंह, ज्ञान शुक्ला, बलराम यादव, शकील, खुर्शीद खा, राहुल सैनी, अनिल शुक्ला, श्रवण पाल, विष्णु शुक्ला, सूरज कनौजिया, रईस कादरी, शाकिब, नमिता जैन आदि मौजूद रहे।

20 हजार रुपये की मांग पूरी न करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम पटना में एक युवक ने गांव के कुछ लोगों पर रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर 20 हजार रुपये की मांग करने तथा रुपये न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। ग्राम पटना निवासी रसिक बिहारी दुबे पुत्र दुलीचन्द्र दुबे ने बताया कि वह 9 जुलाई 2026 की शाम करीब छह बजे मड़ावरा से मोटरसाइकिल द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि गांव में हरलाल साहू की दुकान के पास पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उनकी बाइक रोक ली और उन्हें चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि तुलसी पुत्र मुन्ना, तुलई पुत्र मगन, संतोष पुत्र तुलई तथा रामकुंअर पत्नी तुलसी ने उनसे 20 हजार रुपये की मांग करते हुए कहा कि पट्टे से संबंधित मुकदमे में खर्च हो रहा है और उन्हें यह रकम देनी होगी।

संक्षेप

सैमसंग का बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स लॉन्च

नई दिल्ली। मानसून के मौसम में बढ़ी हुई उमस और नमी के बीच बेहतर कूलिंग के लिए सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए हैं। पूरे साल आरामदायक माहौल बनाए रखने के लिए तैयार किए गए ये एसी एआई तकनीक, स्वच्छ हवा और लंबे समय तक भरोसेमंद प्रदर्शन जैसी खूबियों के साथ हर मौसम में बेहतर कूलिंग सुनिश्चित करते हैं।मानसून के मौसम में बढ़ी हुई नमी और उमस से घर के भीतर भी परेशानी बढ़ जाती है। सैमसंग एसी के 3-इन-1 मानसून केयर फीचर को इस मौसम की इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह नमी कम करने, एसी को साफ रखने और उसकी उम्र बढ़ाने जैसे तीन अहम फायदे देता है। अधिक सुविधा के लिए सैमसंग बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी में ड्राई कंफर्ट तकनीक दी गई है। एडवांस सेंसर और स्मार्ट रेफ्रिजरेंट फ्लो की मदद से यह तकनीक कमरे की नमी को अपने आप नियंत्रित करती है, जिससे जरूरत से ज्यादा ठंडक के बिना भी आरामदायक तापमान बना रहता है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश 26 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में जून के दौरान शुद्ध निवेश 26 प्रतिशत बढ़कर 28,973 करोड़ रुपये रहा। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, बॉन्ड आधारित योजनाओं से 1.09 लाख करोड़ रुपये की निकासी के कारण जून में म्यूचुअल फंड उद्योग से कुल 52,949 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज की गई। यह मई में हुई 64,131 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी से कम रही। इस बीच, म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) जून के अंत में बढ़कर 82.22 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो मई के अंत में 81.60 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के अनुसार, जून में इक्विटी योजनाओं में 28,973 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जबकि मई में यह 22,908 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल में 38,440 करोड़ रुपये, मार्च में 40,450 करोड़ रुपये, फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये और जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया था। इक्विटी श्रेणी में जून के दौरान मिडकैप फंड में सबसे अधिक 6,090 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। इसके बाद स्मॉलकैप फंड में 5,602 करोड़ रुपये और फ्लेक्सीकैप फंड में 5,231 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। वहीं, लार्जकैप फंड में 2,067 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। वहीं, डिविडेंड वाला फंड और इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) से जून के दौरान शुद्ध निकासी दर्ज की गई। इसके अलावा, जून में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 3,443 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जबकि मई में इस श्रेणी से 725 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी।

सेबी ने नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं करने पर 12 शोध विश्लेषकों का पंजीकरण किया रद्द

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पंजीकरण प्रमाणपत्र को प्रभावी बनाए रखने के लिए अनिवार्य नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं करने पर 12 शोध विश्लेषकों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। सेबी (मध्यस्थ) विनियम, 2008 के तहत यह कार्रवाई की गई। संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद उन्होंने अपना पंजीकरण नवीनीकृत नहीं कराया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को जारी आदेश में कहा कि जिन संस्थाओं का पंजीकरण रद्द किया गया है, उनमें अर्जुन लेनिन, सीएनआई रिसर्च लिमिटेड, ईस्टब्रिज एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, कुशांक कमल पोद्दार और आर के ग्लोबल शेयर्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड शामिल हैं। सेबी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक पंजीकृत शोध विश्लेषक को अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र वैध बनाए रखने के लिए पंजीकरण की तारीख से प्रत्येक पांच वर्ष पर नवीनीकरण शुल्क जमा करना होता है। बाजार नियामक ने पाया कि इन 12 संस्थाओं ने मार्च, 2025 से अप्रैल, 2026 के बीच निर्धारित अपनी-अपनी समयसीमा तक यह शुल्क जमा नहीं किया। सेबी ने इस वर्ष मई और जून में इन संस्थाओं को नोटिस जारी कर पूछा था कि उनका पंजीकरण क्यों रद्द या निलंबित न किया जाए।

सेंसेक्स में 828 अंकों की उछाल

मुंबई। प्रमुख कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 827.57 अंक यानी 1.08 प्रतिशत उछलकर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 900.41 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 77,642.23 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 244.10 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुए। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का शेयर करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.61 प्रतिशत बढ़कर 13,349 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ, इटर्नल (जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली), भारती एयरटेल, सन फार्मा और ट्रेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में सकारात्मक रुख तिमाही नतीजों के सत्र की स्थिर शुरुआत से प्रेरित रहा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी और रुपये में स्थिरता ने भी निवेशकों के भरोसे को समर्थन दिया। हालांकि, बाजार प्रतिभागियों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रम और वैश्विक बाजारों के प्रदर्शन पर टिकी हुई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 76.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.74 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही जबकि पीएसयू बैंक खंड में 3.26 प्रतिशत, फोकस आईटी खंड में 2.29 प्रतिशत और धातु खंड में 1.55 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,883 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,377 शेयरों में गिरावट रही और 174 अन्य अपरिवर्तित रहे।

रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.33 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर होते डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की तरफ से पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ने का स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को कुछ सहारा मिला। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव की स्थिति बन गई है। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिका के सहयोगी देशों को निशाना बनाया। इस गोलाबारी से युद्ध खत्म करने के उद्देश्य से हुए अंतरिम समझौते पर खतरा मंडराने लगा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.27 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.22 से लेकर 95.42 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में 95.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस तरह रुपये में 14 पैसे की मजबूती दर्ज की गई। बृहस्पतिवार को रुपया एक पैसे की मजबूती के साथ 95.47 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर सूचकांक में गिरावट के कारण 95.22 तक मजबूत हुआ, लेकिन बाद में तेल कंपनियों और आयातकों की ओर से डॉलर की मांग आने से यह 95.42 तक गिर गया। हालांकि, जोखिम लेने की बेहतर धारणा और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश जारी रहने की उम्मीद से रुपये को बल मिला। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.86 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.83 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में तेजी से भी रुपये को मजबूती मिली। बीएसई का सेंसेक्स 827.57 अंक यानी 1.08 प्रतिशत चढ़कर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे इसके बाद कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, तीन जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 4.51 अरब डॉलर बढ़कर 545.578 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में दर्शाई जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी गई यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में होने वाली बढ़ोतरी या गिरावट का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.67 अरब डॉलर बढ़कर 105.20 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.62 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित कोष भी 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.79 अरब डॉलर हो गया।

असम के बजट में छोटे चाय उत्पादकों को मिली कर में राहत

गुवाहाटी। असम सरकार ने छोटे चाय उत्पादकों के लिए कर छूट सीमा चार गुना बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने और परंपरागत एवं विशेष श्रेणी की चाय पर दी जाने वाली सब्सिडी में 50 प्रतिशत वृद्धि का शुक्रवार को प्रस्ताव किया। राज्य के वित्त मंत्री जयंत मल्ल बरुआ ने अपना पहला बजट पेश करते हुए निर्यातोन्मुख और प्रीमियम गुणवत्ता वाली असम सीटीसी चाय के लिए भी सब्सिडी देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि मैं, छोटे चाय उत्पादकों को राहत देने के लिए कृषि आयकर छूट की सीमा 2.5 लाख रुपये की वार्षिक कृषि आय से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखता हूं। बरुआ के अनुसार, बड़े करदाताओं के लिए एक अप्रैल, 2026 से कर फिर से लागू किया जाएगा और इससे प्राप्त अतिरिक्त राजस्व का उपयोग केवल चाय बागान समुदायों के कल्याण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परंपरागत चाय का उत्पादन 2021-22 में 4.39 करोड़ किलोग्राम से बढ़कर 2025-26 में लगभग आठ करोड़ किलोग्राम हो गया जो चार वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। मंत्री ने कहा कि असम ने प्रीमियम माचा चाय के सफल उत्पादन के साथ चाय क्षेत्र में मूल्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसकी पहली खेप गुवाहाटी टी ऑक्शन सेंटर में लगभग 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची गई। उन्होंने कहा कि मूल्य संवर्धन को और प्रोत्साहित करने तथा असम की चाय के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए माचा चाय को भी परंपरागत एवं विशेष श्रेणी की चाय की पात्र श्रेणी में शामिल किया जाएगा। परम्परागत और विशेष श्रेणी की चाय पर उत्पादन सब्सिडी 10 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 15 रुपये प्रति किलोग्राम की जाएगी। इसके अलावा, मान्यता प्राप्त निर्यात माध्यमों से सीधे निर्यात की जाने वाली निर्यातोन्मुख और प्रीमियम गुणवत्ता वाली असम सीटीसी चाय के लिए तीन रुपये प्रति किलोग्राम की नई सब्सिडी शुरू की जाएगी।

भारत ने ब्रिटेन से वाहन आयात पर प्रक्रिया अधिसूचित की

नयी दिल्ली। भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत रियायती सीमा शुल्क पर वाहनों के आयात का रास्ता साफ करते हुए कोटा आधारित शुल्क रियायत का लाभ लेने के लिए आयातकों की मंजूरी प्रक्रिया अधिसूचित कर दी है। यह व्यवस्था 15 जुलाई से लागू होगी।

व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत भारत दोनों पक्षों के लिए निर्धारित कोटा के साथ मोटर वाहन आयात पर शुल्क को लगभग 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करेगा। भारत इस व्यापार समझौते के लागू होने के पहले 15 वर्ष के दौरान ब्रिटेन से पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों की 3.78 लाख इकाइयों के आयात की रियायती सीमा शुल्क पर अनुमति देगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने नौ जुलाई की सार्वजनिक सूचना में कहा, भारत-ब्रिटेन (सीईटीए) के तहत कोटा आधारित शुल्क दर (टीआरक्यू) के आवंटन की प्रक्रिया अधिसूचित की जाती है। इसमें कहा गया कि आयातित खेप की सीमा शुल्क निकासी के समय भारत में आयातक को ब्रिटेन के संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी मूल प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन) प्रस्तुत करना होगा। डीजीएफटी ने कहा, केवल ब्रिटेन में विनिर्मित वाहनों के मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम), अथवा उनके विधिवत अधिकृत डीलरशैनल पार्टनर ही टीआरक्यू के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। व्यापार महानिदेशालय ने यह भी कहा कि पात्रता के लिए प्रत्येक आवेदक को ब्रिटेन स्थित वाहन विनिर्माता (ओईएम) द्वारा जारी पूर्व-क्रय समझौता प्रस्तुत करना होगा। इसमें टीआरक्यू वर्ष के दौरान आपूर्ति की जाने वाली वाहनों की संख्या का उल्लेख होगा। डीजीएफटी ने कहा, इन आयातों के लिए वर्ष का अर्थ भारत में एक जनवरी से 31 दिसंबर तक की कैलेंडर अवधि होगा। डीजीएफटी जारी किए गए टीआरक्यू प्रमाणपत्रों की संचयी संख्या पर निगरानी रखेगा। निर्धारित टीआरक्यू सीमा पूरी होने के बाद कोई टीआरक्यू प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। उसने कहा कि ये प्रमाणपत्र अधिकतम 12 महीने या कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, वैध रहेंगे। टीआरक्यू के तहत आयात करने वाले आयातक रियायती सीमा शुल्क का लाभ अंतिम खरीदार या उपभोक्ता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

मोबाइल ऐप 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को नहीं कर सकता ब्लॉकः ट्राई

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी मोबाइल ऐप ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल सरकार एवं विनियमित संस्थाओं की तरफ से आम लोगों के साथ संवाद के लिए निर्धारित हैं। इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को केवल डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर) के तहत 1600 शृंखला से आने वाली कॉल को टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं है। ट्राई के मुताबिक, 1600 नंबर शृंखला का उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) जैसे नियामकों के अधीन आने वाली बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों से सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए करती हैं। इसके अलावा, सरकारी संस्थाएं भी नागरिकों से संवाद के लिए इसी फोन नंबर शृंखला का इस्तेमाल करती हैं। दूरसंचार नियामक ने कहा कि इस तरह की महत्वपूर्ण कॉल के लिए अलग फोन नंबर शृंखला निर्धारित करने का उद्देश्य इन्हें नागरिकों के लिए अधिक विश्वसनीय बनाना है इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर शृंखला का उपयोग पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रचार संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। इन कॉल को किसी ऐप के माध्यम से टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। नियामक के अनुसार, उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी पसंद दर्ज कर किसी एक या सभी क्षेत्रों से आने वाली प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने किसी क्षेत्र की कॉल ब्लॉक कर दी है, तो उसे उस क्षेत्र से 140 शृंखला की कोई भी कॉल नहीं आएगी।

पेज एक का शेष

अलीगंज अग्निकांड

वैधता से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस भवन पर चस्पा करने के साथ उसकी प्रति संबंधित पक्ष को जेल में भी उपलब्ध कराई गई थी। मामले की पहली सुनवाई 7 जुलाई को हुई, जिसमें विपक्षी के अधिवक्ता के अनुरोध पर आपत्ति दाखिल करने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय दिया गया। 8 जुलाई को आपत्ति दाखिल की गई, जिस पर एलडीए के प्रवर्तन जोन-4 ने अपना जवाब प्रस्तुत किया। 9 जुलाई को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था। विहित प्राधिकारी अतुल कुमार ने 10 जुलाई को अपना फैसला सुनाते हुए भवन के व्यावसायिक निर्माण को अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर दिया। आदेश के अनुसार भवन स्वामियों को 15 दिन के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाना होगा। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर एलडीए स्वयं भवन को ध्वस्त करेगा और ध्वस्तीकरण में होने वाला पूरा खर्च संबंधित पक्षों से वसूला जाएगा। एलडीए के प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण आदेश की प्रति भवन पर चस्पा कर दी। अब निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्रवाई करेगा। एलडीए से भवन का मानचित्र आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत कराया गया था, जबकि मौके पर उसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। इसके अलावा भवन में अग्निशमन सुरक्षा से जुड़े आवश्यक इंतजाम भी नहीं थे। रिपोर्ट के अनुसार, बेसमेंट सहित तीन मंजिला इमारत के प्रत्येक तल पर स्वीकृत मानचित्र से अधिक निर्माण किया गया था। पूरे प्लॉट को कवर कर निर्माण करने के कारण आवश्यक सेटबैक नहीं छोड़ा गया, जिससे आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्य प्रभावित हुए। वर्ष 2016 में जारी ध्वस्तीकरण आदेश वापस लेने के बाद भी यह सत्यापित नहीं किया गया कि निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं।

पीएम मोदी

दिन की यात्रा पूरी करने के बाद मोदी न्यूजीलैंड पहुँचे। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ शिखर वार्ता की और दोनों नेताओं ने शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने में द्विपक्षीय साझेदारी की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया।

सपा ने

पहचान आज भी मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो तो नियंता भी साथ देता है। प्रभु राम और पवनसुत के आशीर्वाद से सभी कार्य अपने आप बढ़ते हैं। बीकापुरवासियों ने अच्छा विधायक चुना तो विकास दौड़ता दिखाई देता है। जैसे अयोध्या का वैभव देश में चरम पर दिखाई देता है, वैसे ही बीकापुर में भी विकास की योजनाएं दिखाई दे रही हैं। सक्रिय जनप्रतिनिधि जब विकास में रूचि लेते हैं तो परिणाम वैसे ही सकारात्मक आते हैं, जैसे आज अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, गोसाईगंज, रुधौली में दिखाई दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि 19 जून को हमने रुदौली में विकास योजनाओं की सौगात दी थी। पहले जो असंभव था, वह इन जनप्रतिनिधियों के कारण संभव हो पाया। लंबे समय तक सड़क, बिजली, पानी नहीं मिलने से अयोध्या उपेक्षित होने के साथ विकास से वंचित रहती थी। व्यवस्था न होने से श्रद्धालु मां सरयू का आशीर्वाद लेने में विफल रहता था, लेकिन अब मां सरयू की पवित्र धारा अयोध्या को अभिसिंचित करती है। सीएम ने कहा कि अयोध्या अब वैभवशाली और तीनों लोकों से न्यारी है। सीएम ने सभी का आह्वान किया कि कभी उपेक्षित रहे गुप्तार घाट में अब परिवार के साथ घूमने जाइए। हमने सूरजकुंड का पुनरुद्धार किया। स्थानीय विधायक के प्रस्ताव पर भरतकुंड का सौंदर्यीकरण भी हो रहा है। सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग एयरपोर्ट के नाम पर गुमराह करते थे, लेकिन अब महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है। अयोध्या सभी शहरों के साथ जुड़ गई है। सपा व कांग्रेस वाले कुछ नहीं कर पाए, इसलिए अयोध्या का विरोध कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने निषादराज के नाम पर रैनबसेरा और मां शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाकर समरसता फैलाई। हरिद्वार में हरि की पैड़ी की तरह ही अयोध्या में राम की पैड़ी दिख रही है। रोज सरयू मैया की आरती होती है। सपा जिस वक्फ के नाम पर श्रृंग्वेरपुर में कब्जा करा रही थी, भाजपा सरकार ने वहां भगवान राम व निषादराज के मिलन की भव्य प्रतिमा व स्मारक बनाया है। सपा के लोग जाकर देखें कि श्रृंग्वेरपुर सौंदर्यीकरण की नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा ने मंदिर निर्माण में बाधाएं डालीं, राम के नाम पर प्रश्न खड़ा किया। रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, लेकिन डबल इंजन सरकार आई तो राम मंदिर बन गया। अयोध्या आने वाला हर व्यक्ति अब अभिभूत होकर जाता है। भक्ति पथ, धर्मपथ, रामपथ, जन्मभूमिपथ अयोध्या की पहचान बन रहे हैं। सिंगल लेन की जगह अब फोरलेन व सिक्स लेन हैं। एयर, रेल व रोड कनेक्टिविटी अयोध्या को नई पहचान दिला रही है। बीकापुर, रुदौली, मिल्कीपुर व गोसाईगंज को भी लाभ प्राप्त हो रहा है। जो 500 वर्ष में नहीं हो पाया, अयोध्या अब वह करके दिखा रही है। संतों, राजाओं, युवराजों समेत समाज के प्रत्येक तबके ने रामजन्मभूमि मुक्ति के लिए संघर्ष किया। जो कहते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वे देख लें कि अयोध्या में दर्शन करने लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। सीएम ने विपरीत मौसम में उमड़े जनसैलाब के प्रति आभार जताया। कहा कि कल-परसों से यहां अनवरत वर्षा हो रही है। मुझे शंका थी कि बारिश के कारण यहां लोग आ पाएंगे या नहीं, लेकिन मौसम की चुनौती के बीच भी लोग आए, क्योंकि विपरीत परिस्थितियों में जूझने का जब्बा ही अयोध्या की पहचान है।

सपा ने

करते थे। उन्होंने अन्य विपक्षी दलों पर भी हमला बोलते हुये कहा, यह सपा, बसपा और कांग्रेस इनका यही ठेका था।

इला.हाईकोर्ट

उनके अधिकारों को जारी रख रही है। याचिका में 25 मई, 2026 के उस शासनादेश को भी निरस्त करने की मांग की गई है, जिसके तहत पूरे प्रदेश में प्रधानों को प्रशासक बनाया गया। याची की ओर से दलील दी गई कि वर्ष 2000 में अध्यादेश के जरिए लाए गए इसी प्रकार के प्रावधान को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेमलाल पटेल मामले में असंवैधानिक घोषित कर दिया था। राज्य सरकार ने उस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन बाद में चुनाव संपन्न हो जाने और अध्यादेश के स्थान पर कानून लागू हो जाने के कारण शीर्ष अदालत ने अपील का निस्तारण कर दिया था तथा संवैधानिक वैधता के प्रश्न को हाईकोर्ट के विचार के लिए खुला छोड़ दिया था। इसी आधार पर याची ने तर्क दिया कि बाद में अधिनियम में जोड़ी गई धारा 12(3-क) भी उन्हीं संवैधानिक कमियों से ग्रस्त है, इसलिए इसके आधार पर जारी 25 मई, 2026 का शासनादेश भी निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं, इस मामले में राज्य सरकार के बचाव के लिए विशेष रूप से नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता जे.एन. माथुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को हाईकोर्ट के विचारार्थ खुला छोड़ा है। इसलिए इस प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर निर्णय लेने के लिए पीठ स्वयं सक्षम है और मामले को बड़ी पीठ के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है।

पेट्रोल में

लागू किया गया। उसने कहा कि भारत की एथनॉल मिश्रण पहल की शुरुआत 2001 में प्रायोगिक परियोजनाओं से हुई थी और 2006 तक देश के कुछ हिस्सों में पांच प्रतिशत एथनॉल मिश्रण लागू कर दिया गया था।

मंत्रालय ने कहा कि 2014 तक एथनॉल मिश्रण लगभग 1.5 प्रतिशत पर ही था, लेकिन 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति लागू होने और गन्ने के अलावा अन्य कच्चे माल को भी इसमें शामिल किए जाने के बाद सरकार ने एथनॉल उत्पादन में तेजी लाई। उसने कहा कि भारत ने निर्धारित समय से पहले 2022 में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया और एथनॉल उत्पादन संयंत्रों, भंडारण तथा लॉजिस्टिक्स में निवेश के बाद 2025-26 एथनॉल आपूर्ति वर्ष में 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया।

घटिया उर्वरक

जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985, कीटनाशक अधिनियम-1968 तथा अन्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरेंगे। नई व्यवस्था के तहत भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित कीटनाशकों का वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद तथा कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों की ओर से अनुशंसित कृषि निवेशों और फसल सुरक्षा उत्पादों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी किसान को उसकी मांग और सहमति के बिना उर्वरक या कीटनाशक नहीं दिया जाएगा। व्यावसायिक लक्ष्य पूरा करने के लिए अनावश्यक कृषि निवेश का वितरण प्रतिबंधित रहेगा। कृषि सामग्री केवल किसान की वास्तविक आवश्यकता और गन्ना क्षेत्रफल के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि निवेश की गुणवत्ता और वितरण की पूरी जिम्मेदारी संबंधित चीनी मिल की होगी, चाहे वितरण स्वयं मिल करे या किसी एजेंसी के माध्यम से। जिला गन्ना अधिकारी और उप गन्ना आयुक्त नियमित रूप से निरीक्षण कर इसकी निगरानी करेंगे।

धामी मंत्रिमंडल

गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। मंत्रिमंडल ने उत्तराखण्ड राज्य भंडारण निगम के 68 नियमित कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतनमान का लाभ देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। इस फैसले का खर्च निगम अपने संसाधनों से वहन करेगा, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा।

राजनाथ सिंह

उत्तरदायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्रीमद् दयानंद बाल सदन (अनाथ आश्रम), मोती नगर, लख

अब भारत को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

साउथम्प्टन। ब्रिटेन के दौरे में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचना है तो उसे शनिवार को यहां होने वाले पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई में भारतीय टीम की यात्रा आयरलैंड के बेलफास्ट के उमस भरे और हवादार मौसम से शुरू हुई। इसके बाद टीम ने उत्तरी इंग्लैंड के डरहम शहर में समय बिताया और अब वह दक्षिणी शहर साउथम्प्टन में पांच मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच खेलेगी। इस श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। ब्रिटेन के छह शहरों (बेलफास्ट सहित) में एक बात समान रही है, किस्मत का अय्यर का साथ नहीं देना। कप्तान बनने के बाद उन्हें अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है।

भारतीय टीम के 2006 में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से यह सबसे लंबा अंतराल है जबकि वह कोई मैच नहीं जीत पाई। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच को छोड़कर भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में लचर प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में भारत अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन रवि बिश्नोई के 17वें ओवर ने भारत को जीत से दूर कर दिया। नॉटिंघम में भारत ने अब तक का सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन किया और टीम 76 रन पर आउट हो गई। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे मैच में टीम प्रत्येक विभाग में नाकाम रही। अब भारतीय टीम प्रतिष्ठा बचाने के लिए मैदान पर उतरेगी। अय्यर का कट्टर प्रशंसक उनकी कप्तानी के शुरुआती दिनों में 0-4 की शर्मनाक हार से बेहतर। -3 की हार को ही स्वीकार कर लेगा। जोफा आर्चर और जोश टंग की तेज गति की गेंदों का सामना न कर पाने से भारतीय टीम प्रबंधन निश्चित रूप से चिंतित होगा। इन दोनों के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया है। वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा के चोट के कारण बाहर होने और रवि बिश्नोई के एक ओवर में 29 रन देने के बाद उनकी वापसी की बहुत कम संभावना को देखते हुए भारत के पास गेंदबाजी विभाग में बहुत कम विकल्प रह गए हैं। बल्लेबाजी विभाग में भारतीय टीम प्रबंधन वैभव सूर्यवंशी को लंबे समय तक मौका देना चाहेगा, भले ही शॉर्ट-पिच गेंदों के सामने उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। संजू सैमसन को यहां अंतिम एकादश और जिम्बाब्वे दौरे की टीम से बाहर किए जाने से हर कोई हैरान और नाखुश है। उन्हें खराब फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा को बाहर किए जाने से ही अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है ऐसा करने पर इशान किशन और अय्यर दोनों को एक-एक स्थान नीचे आना पड़ेगा। किशन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें नीचे भेजने से टीम को खास मदद नहीं मिलेगी। इंग्लैंड के लिए न केवल तेज गेंदबाजों बल्कि उसके स्पिनर विल जैक्स, आदिल राशिद और लियाम डॉसन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके विपरीत भारतीय स्पिनर अभी तक जूझते हुए नजर आए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजी विभाग में फिल साल्ट, जोस बटलर, कप्तान हैरी ब्रूक से लेकर युवा जैकब बेथेल ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर भारतीय आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कसर नहीं छोड़ी है।

टीम इस प्रकार हैं:

भारत: श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, सूर्यांश शेडगे, रवि बिश्नोई।

इंग्लैंड: हैरी ब्रूक (कप्तान), फिल साल्ट, जोस बटलर, जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, विल जैक्स, सैम कुरेन, जोश टंग, जोफा आर्चर, आदिल राशिद, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, ल्यूक वुड, साकिब महमूद, सन्नी बेकर, जॉर्डन कॉक्स, जेम्स कोल्स।

मैच शुरू होने का समय: शाम सात बजे।

मंधाना के अर्धशतक से भारत के तीन विकेट पर 122 रन

लंदन। स्मृति मंधाना की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से भारत ने शुक्रवार को यहां एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन शुरूआती झटकों से उबरते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लंच तक तीन विकेट पर 122 रन बना लिए।

ब्रेक तक मंधाना 56 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 14 रन बनाकर क्रीज पर डटी हैं। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसकी गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए भारत के 37 रन तक दो विकेट झटक लिए। शेफाली वर्मा और यास्तिका भाटिया सात ओवर के अंदर आउट हो गईं। लेकिन मंधाना ने फिर जिम्मेदारी से खेलते हुए पारी को संभाला और जेमिमा रोड्रिग्स (38 गेंद में 35 रन) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी निभाई। मंधाना और रोड्रिग्स ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण पर दबदबा बनाया। मंधाना ने तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर पर लगातार दो चौके लगाए और फिर स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन पर मिड विकेट के ऊपर छक्का जड़ दिया। फाइलर ने दूसरे ही ओवर में एक खूबसूरत गेंद पर शेफाली को आउट किया था। भारतीय बल्लेबाज शेफाली उनकी गेंद पर बल्ला छुआ बैठी और विकेटकीपर के हाथों लपकी गईं।

रोड्रिग्स ने दो बार एक्लेस्टोन की गेंद को सीमी रेखा के पार कराया जिससे भारतीय टीम उस समय छह रन प्रति ओवर के हिसाब से आगे बढ़ रही थी। लेकिन रोड्रिग्स ने तेज गेंदबाज इसी वोंग की शरीर से दूर की गेंद को खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया। यह गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर स्टंप पर जा लगी। लेकिन मंधाना और हरमनप्रीत ने सुनिश्चित किया कि पहले सत्र में और कोई विकेट नहीं गिरे।

संक्षेप

हम इसी तरह से खेलते रहे तो हमारा भविष्य उज्जवल है : ओउबी

फॉक्सबोरो (अमेरिका)। फ्रांस ने एक बार फिर मोरक्को का विश्व कप का सपना तोड़ दिया लेकिन उसके कोच मोहम्मद ओउबी ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर वह इसी तरह से खेलते रहे तो उनका भविष्य उज्जवल है। फ्रांस ने चार साल पहले कतर में मोरक्को को सेमीफाइनल में 2-0 से हराया था जबकि इस बार उसने क्वार्टर फाइनल में उसे इसी अंतर से पराजित किया। मोरक्को चार साल पहले विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बना था। ओउबी ने मैच के बाद कहा कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम आज जीतना नहीं चाहते थे। निश्चित रूप से हम आज जीतना चाहते थे। हमने जीतने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन हमारा सामना एक बहुत ही मजबूत प्रतिद्वंदी से था। यह निराशाजनक है लेकिन हम आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे। इस बीच फ्रांस के कोच दिदियेर देसचैम्प्स ने कहा कि मोरक्को के पास अग्रिम पंक्ति में कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं था जो उनकी गति का मुकाबला कर पाता। उनके पास कोई ऐसा फॉरवर्ड खिलाड़ी नहीं था जो अपनी गति का सही इस्तेमाल कर पाता। हमने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और उन्हें कोई मौका नहीं दिया। वह हमारे लिए खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

चेक गणराज्य की दो खिलाड़ियों के बीच खेला जायेगा विंबलडन महिला एकल का फाइनल

लंदन। लिंडा नोस्कोवा ने बचपन में टेनिस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था, जब तक कि उन्होंने 2011 में चेक गणराज्य की अपनी हमवतन पेट्रा क्वितोवा को विंबलडन फाइनल जीतते हुए नहीं देखा। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर पहली बार खेलने वाली 21 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, शायद यही वह पहला क्षण था जब मुझे अहसास हुआ कि टेनिस जैसा कोई खेल भी होता है। लेकिन अब वह विंबलडन के महिला एकल फाइनल में हैं जहां उनका सामना चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा से होगा। नोस्कोवा ने सेमीफाइनल में मार्टा कोस्त्युक को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया जबकि मुचोवा ने कोको गॉफ को 6-2 1-6 7-6(10) से पराजित किया। इसका मतलब यह है कि 2023 में मार्केटा वोंद्रोसोवा और 2024 में बारबोरा क्रेज्सिकोवा के बाद चार साल में ऑल इंग्लैंड क्लब में तीसरी चेक महिला चैंपियन होगी। यह अब एक परंपरा बन चुकी है। वास्तव में इस देश की परंपरा इससे भी कहीं अधिक पुरानी है।

मंत्रालय ने दी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने 23 जुलाई से ग्लास्गो में शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इस दल में 126 खिलाड़ी और 51 टीम अधिकारी शामिल हैं।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति के निर्वाचित सदस्यों की यात्रा एवं अन्य व्यय का वहन सरकार नहीं करेगी। यहां जारी अधिसूचना के अनुसार, दल के भारत लौटने के 30 दिनों के भीतर खेल मंत्रालय को खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विस्तृत रिपोर्ट प्रतियोगिताओं से संबंधित फोटो के साथ प्रस्तुत करनी होगी। भारतीय दल में कुल 126 खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें 78 पुरुष और 48 महिला खिलाड़ी हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, कोई व्यक्ति अगर आईओए की कार्यकारी समिति, किसी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) अथवा किसी अन्य खेल निकाय में निर्वाचित पद पर है और उसका नाम टीम अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है तो उसकी यात्रा एवं अन्य खर्च का वहन सरकार नहीं करेगी। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि टीम अधिकारी की श्रेणी में कोच, सहयोगी स्टाफ, चिकित्सा दल तथा दल के अन्य अधिकारी शामिल होंगे। भारतीय दल के प्रमुख रोहित राजपाल ही ऐसे एकमात्र अधिकारी हैं जो आईओए की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं। ऐसे में अगर मंत्रालय का यह निर्देश उन पर लागू होता है तो ग्लास्गो में उनके प्रवास का खर्च सरकार वहन नहीं करेगी। मंत्रालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल महासंघों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने दलों के सभी सदस्यों का पृष्ठभूमि सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं क्योंकि अतीत में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के विदेशों में लापता हो जाने की घटनाओं को देखते हुए यह कदम आवश्यक है। स्वीकृत सूची के अनुसार नीरज चोपड़ा की अगुवाई वाली 32 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में 10 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके साथ सबसे बड़ा सहयोगी दल भेजा जाएगा। इस दल के सहयोगी स्टाफ का नेतृत्व मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर करेंगे। इसके बाद मुक्केबाजी दल का स्थान है जिसके लिए आठ सदस्यीय सहयोगी दल को मंजूरी दी गई है। एथलेटिक्स दल के साथ पांच कोच, दो फिजियोथेरेपिस्ट, एक चिकित्सक और दो अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ भी ग्लास्गो जाएंगे। मुक्केबाजी दल के सहयोगी स्टाफ में खेल मनोवैज्ञानिक मैथिली भूपतानी को भी शामिल किया गया है। कोचिंग समूह का नेतृत्व स्वीडन के सैंटियागो नीवा करेंगे, जबकि मंदाकिनी चानू कोचिंग दल में शामिल एकमात्र महिला हैं।

तीरंदाजी विश्व कप: धीरज और कीर्ति कांस्य पदक प्ले ऑफ में, भारतीय रिकर्व टीमें हारीं

मैड्रिड। धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा ने रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक प्ले ऑफ में जगह बनाई लेकिन भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में अपनी ऊंची वरीयता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं और बृहस्पतिवार को यहां अमेरिका से हारकर दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं।

पिछले महीने अंताल्या विश्व कप में कुमकुम मोहोद के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले धीरज ने पहली बार कीर्ति के साथ जोड़ी बनाते हुए पहले नीदरलैंड को 6-2 और फिर जापान को 5-3 से हराया लेकिन इस दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ 3-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अब उनका सामना इटली से होगा। कंपाउंड वर्ग में पृथिका प्रदीप और साहिल जाधव की मिश्रित जोड़ी शूट ऑफ में मिगुएल बेसेरा और जिमेना एस्ट्राडा की मैक्सिको की जोड़ी के खिलाफ 153-153 (19-20) से हार गई। अनुभवी और चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी दूसरे दौर में बाहर हो गईं जबकि एशियाई खेलों की टीम में शामिल यशदीप भोगे शुरुआती दौर में ही हार गए। पुरुष और महिला वर्गों में बाकी छह तीरंदाज अपने-अपने व्यक्तिगत वर्ग में बने हुए हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में पहले ही एक पदक पक्का कर लिया है क्योंकि महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और यशदीप भोगे की दूसरी वरीय पुरुष रिकर्व टीम का प्रदर्शन सातवीं वरीय अमेरिकी टीम के खिलाफ खराब रहा और भारतीय टीम सीधे सेट में 0-6 (53-56, 55-59, 56-58) से हार गई। कई बार के ओलंपिक पदक विजेता ब्रैडी एलिसन की अगुवाई वाली अमेरिकी तिकड़ी ने शुरुआत से ही दबाव बनाया क्योंकि भारत शुरुआती सेट में सात और आठ के स्कोर के साथ लड़खड़ा गया। इसके बाद अमेरिकी टीम ने छह तीरों में से पांच बार परफेक्ट 10 का स्कोर करके 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली और फिर एक और शानदार प्रदर्शन के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

दूसरी ओर अंकिता भकत, कीर्ति और कुमकुम की महिला टीम को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद अमेरिकी टीम के खिलाफ 2-6 (52-52, 54-55, 54-54, 51-56) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। व्यक्तिगत वर्ग में भारत के पास अच्छे मौके हैं जहां अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज को दूसरी वरीयता मिली है और वह आठवें वरीय वाले नीरज चौहान और 26वें वरीय अनुभवी अतनु दास के साथ राउंड ऑफ 32 से शुरुआत करेंगे। महिला वर्ग में उभरती हुई तीरंदाज कीर्ति को चौथी वरीयता मिली है। वह कुमकुम (14वीं) और अंकिता भकत (15वीं) के साथ राउंड ऑफ 32 से शुरुआत करेंगी। सोलहवीं वरीय दीपिका को दूसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह शूट-ऑफ में पोलैंड की करीना कोजलोवस्का से 5-6 (9-10) से हार गईं।

भारत को हराकर इंग्लैंड ने शृंखला में विजयी बढ़त बनायी

ब्रिस्टल। कप्तान हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक पर पानी फेरते हुए नौ विकेट की एकतरफा जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहली बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला जीती। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला 0-2 से गंवाई थी जिससे उसे अय्यर की कप्तानी में पिछले छह मैच में से पांच में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट बढ़ गया था। भारत के 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने ब्रूक (नाबाद 79 रन, 35 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) और सलामी बल्लेबाज सॉल्ट (नाबाद 59 रन, 42 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) के बीच दूसरे विकेट की 146 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 13.5 ओवर में एक विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत ने अय्यर की 49 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी और शिवम दुबे (22) के साथ चौथे विकेट के लिए उनकी 53 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 158 रन बनाए थे। अय्यर के अलावा भारत का कोई अन्य बल्लेबाज लय में नजर नहीं आया। कप्तान ने भारतीय पारी में आधे से अधिक रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाजों जोफा आर्चर और जोश टंग ने क्रमशः 20 और 36 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद पर जोस बटलर (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमाया। ब्रूक और सॉल्ट ने हालांकि इसके बाद भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। ब्रूक ने आते ही अर्शदीप पर छक्के से खाता खोला। सॉल्ट ने प्रिंस यादव का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जबकि अगले ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा पर भी तीन चौके मारे। इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 62 रन बनाए। ब्रूक ने आठवें ओवर में वाशिंगटन सुंदर को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 19 रन बटोरे और फिर अगले ओवर में अपना 100वां टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे अक्षर पटेल की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। सॉल्ट ने भी प्रसिद्ध पर दो चौकों के साथ 34 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप की गेंद पर चौका और फिर एक रन के साथ इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया।

बिग बैश लीग का मैच भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेल रोडमैप का मुख्य आकर्षण

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने खेल प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, प्रौद्योगिकी और खेल उद्योग में सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को खेल सहयोग रोडमैप जारी किया, जिसका मुख्य आकर्षण बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र का उद्घाटन मैच चेन्नई में खेला जाना है।

ऑस्ट्रेलियाई पुरुष बिग बैश लीग का पहला मैच दिसंबर में एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में मेलबर्न रेनेगेड्स और मौजूदा चैंपियन पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच खेला जाएगा। यह भारत में आयोजित होने वाला पहला विदेशी क्रिकेट लीग मैच होगा। बिग बैश लीग में आठ टीम भाग लेती हैं और यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की सबसे लोकप्रिय घरेलू क्रिकेट लीग में से एक है। इसे आमतौर पर दिसंबर से फरवरी के बीच आयोजित किया जाता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह मैच दिसंबर में पूरे भारत में आयोजित किए जाने वाले गुड डे नमस्ते नामक सप्ताह भर चलने वाले उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा। इस उत्सव में ऑस्ट्रेलियाई सांस्कृतिक, व्यावसायिक और खेल आयोजन शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीज़ ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेलों के क्षेत्र में सहयोग का रोडमैप जारी किया, जिसका उद्देश्य खेल प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी, और खेल उद्योग और निवेश में साझेदारी को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में विक्टोरिया प्रांत की प्रीमियर (प्रधानमंत्री) जैसिंटा एलन, वनडे विश्व कप विजेता पूर्व पुरुष कप्तान स्टीव वॉ और महिला कप्तान लिसा स्टालेकर भी उपस्थित थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख तत्वों के रूप में खेल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंधों के बढ़ते महत्व को उजागर किया। इस रोडमैप के तहत दोनों देश युवा खिलाड़ियों के बीच अधिक मेलजोल को प्रोत्साहित करने और खेल संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया युवा खेल महोत्सव का आयोजन भी करेंगे। इस पहल का स्वागत करते हुए मोदी ने कहा कि खेलों में लोगों को एकजुट करने की अनूठी क्षमता होती है और यह रोडमैप भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेल साझेदारी में विविधता लाने में मदद करेगा। मोदी ने महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर ऑस्ट्रेलिया को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अंतरराष्ट्रीय खेलों में एक महत्वपूर्ण दशक में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की और ऑस्ट्रेलिया 2032 में ब्रिस्बेन में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। अल्बानीज़ ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार की विज्ञप्ति में कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत खेलों के प्रति अपने प्रेम और जुनून से एकजुट हैं। यह खेल रोडमैप क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान जैसे व्यावहारिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों कर इस आधारशिला को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा, मैं खेलों के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने को लेकर उत्साहित हूं, जिससे न केवल ऑस्ट्रेलियाई लोगों को खुशी मिलती है बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और निवेश को भी बढ़ावा मिलता है। इस दौरान दोनों नेताओं ने कबड्डी, ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल और क्रिकेट के प्रदर्शनी मैचों में भाग लेने वाले युवा खिलाड़ियों से बातचीत भी की। इस नई पहल से दोनों देशों के बीच खेल संबंध और मजबूत होंगे तथा विशेष कर क्रिकेट के साथ ही अन्य खेलों में भी खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

बैंक प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी वित्त मंत्री

विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए चलाये जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की जायेगी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी। बैठक में बैंकों की ओर से विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री 13 जुलाई को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आईडीबीआई बैंक समेत वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इसमें विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी), विदेशी मुद्रा बांड और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) जुटाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने प्रवासी भारतीयों (एनआरआई), भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) से विदेशी मुद्रा जमा आकर्षित करने के लिए तीन से पांच साल की अवधि वाली नई एफसीएनआर (बी) जमाओं पर ब्याज दर सीमा को 30 सितंबर तक हटा दिया था। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब एफसीएनआर (बी) जमा में प्रवाह में तेज गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-16 में इसका शुद्ध प्रवाह घटकर केवल 94.6 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 7.1 अरब डॉलर था। नई व्यवस्था के तहत आरबीआई तीन से पांच साल की अवधि वाली एफसीएनआर (बी) जमाओं पर ब्याज दर सीमा को 30 सितंबर, 2026 तक हटा दिया है। इससे बैंकों को अतिरिक्त विदेशी मुद्रा जुटाने में मदद मिलेगी। इस कदम से बैंकों को एफसीएनआर (बी) जमाओं के लिए रियायती विदेशी मुद्रा जुटाने में मदद मिलेगी। इससे बैंकों को विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए अतिरिक्त लचीलापन मिलेगा।

एफसीएनआर (बी) जमाओं के लिए बैंकों को रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इससे बैंकों की विदेशी मुद्रा जोखिम से बचाव की लागत में काफी कमी आएगी। इसके अलावा, आरबीआई ने 30 सितंबर, 2026 तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) जुटाने के लिए भी रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा देने की घोषणा की है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई) आमतौर पर ईसीबी के जरिये हर साल करीब 10 से 12 अरब डॉलर जुटाते हैं। मौजूदा अवसर और करीब तीन प्रतिशत लागत लाभ को देखते हुए कई कंपनियों द्वारा अपनी उधारी योजनाओं को पहले ही पूरा करने की उम्मीद है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को ईसीबी जारी करने के लिए प्रोत्साहित करने वाली रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा से विदेशी बाजारों से उधारी बढ़ सकती है। इससे कंपनियों को प्रतिस्पर्धी दरों पर धन जुटाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे बाहरी वाणिज्यिक उधारी और विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (एफसीसीबी) के कुल प्रवाह में आई गिरावट को पलटने में मदद मिल सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 में यह प्रवाह करीब 30 प्रतिशत घटकर 42.9 अरब डॉलर रह गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 61.2 अरब डॉलर था। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री बैठक में बैंकों से अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने का आग्रह भी कर सकती हैं।

स्पेन के जंगल में लगी आग, 12 लोगों की मौत, 23 अन्य लापता

मैड्रिड। स्पेन के जंगल में लगी आग ने शुक्रवार तड़के तक 12 लोगों की जान ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आग लगने की इस घटना को स्पेन के इतिहास के सबसे घातक दावानल में से एक बताया जा रहा है।

लोकप्रिय पर्यटन स्थल दक्षिणी प्रांत अल्मेरिया में लगी इस आग में कई लोगों के शव जली हुई गाड़ियों के अंदर मिले। माना जा रहा है कि आग से बचकर भागने की कोशिश के दौरान उनकी मौत हो गई। अंदालूसिया क्षेत्र के प्रमुख जुआन मैनुअल मोरेनो ने बताया कि आग में आठ लोग झुलस गए हैं, जबकि 23 अन्य लापता हैं। आग पर काबू पाने के लिए 150 दमकलकर्मी और स्पेन की सैन्य आपदा इकाई के 220 सैनिक तैनात हैं। अब तक यह आग 3,200 हेक्टेयर से अधिक जंगल और कृषि भूमि को अपनी चपेट में ले चुकी है। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में ब्रिटेन के चार नागरिक तथा कुछ अन्य विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह आग फिलाब्रेस पर्वतमाला के पास स्थित एक छोटे से गांव में भड़की। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की फिलहाल पुष्टि नहीं की है, लेकिन आग की सूचना देने वालों का कहना है कि बिजली के तार से चिंगारी निकली, जिससे आग लगी और वह तेजी से पास के जंगल में फैल गई। देश के अधिकांश हिस्सों में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। अंदालूसिया की आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख एंटोनियो सान्ज़ ने बताया कि अधिकांश लोगों की मौत इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ही रहने संबंधी अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया और भागने का प्रयास किया। कुछ लोग सूखी पड़ी नदी के रास्ते भागे, जो उनके लिए मौत का जाल बन गया। सान्ज़ ने कहा कि सात लोगों ने अपनी कारें छोड़कर पैदल भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित रास्ता तलाशते हुए उनकी मौत हो गई। इस आग के परिणाम बेहद भयावह रहे हैं। प्रारंभिक संकेतों से लगता है कि मृतकों में अधिकतर विदेशी नागरिक हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, अल्मेरिया प्रांत में लगी भीषण आग के दुखद परिणामों से अत्यंत दुख और पीड़ा हुई है।

संक्षेप

राम मंदिर मामले पर पीएम मोदी तोड़ें चुप्पी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जाए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने राम मंदिर चढ़ावा मामले में अपने अभियान को तेज करते हुए शुक्रवार को कई शहरों में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। पार्टी शनिवार को भी कई शहरों में इसी विषय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन करेगी। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी के इस अभियान के तहत उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मोर्चा संभाला और संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) राम मंदिर के नाम पर चंदा एकत्र करते रहे हैं। उनका कहना था कि चढ़ावा मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। मैं केवल एक सवाल पूछना चाहता हूं कि चंदा चोरी के लिए कौन जिम्मेदार है? राम मंदिर ट्रस्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में बनाया गया। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जाए।

सुरंग परियोजना स्थल से 200 मीटर से अधिक दूरी पर हुआ भूस्खलन

वायनाड। वायनाड-कोझिकोड सुरंग निर्माण का समग्र ठेका संभाल रहे कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को दावा किया कि सात जुलाई को हुआ भूस्खलन खुदाई वाले क्षेत्र से करीब 200 मीटर दूर हुआ था, न कि उस स्थान पर जहां स्वीकृत योजना और नक्शों के अनुसार ढलान को सुरक्षित किया गया था।

कोंकण रेलवे की ओर से जारी एक नोट में दावा किया गया कि भूस्खलन सुरंग के ऊपरी हिस्से से 100 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हुआ। ऊंचाई में इस अंतर के कारण संरक्षित ढलान के निचले हिस्सों पर भारी दबाव पड़ा और एक ही झटके में आसपास के पेड़ उखड़ गए तथा मिट्टी बह गई। कोंकण रेलवे ने दावा किया कि घटनास्थल पर जमा मिट्टी और मलबा स्थिर था, लेकिन भूस्खलन के मलबे का बहाव इतना अचानक हुआ कि वहां मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए। जून के मध्य से मानसून शुरू होने के कारण काम पहले ही रोक दिया गया था और उस समय कोई सुरंग निर्माण का कार्य नहीं चल रहा था।

एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था 2029 तक लागू होने की संभावना: संयुक्त समिति प्रमुख

पणजी। संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयकों की समीक्षा कर रही समिति ऐसी व्यवस्था तैयार करने पर काम कर रही है जिससे एक देश, एक चुनाव सुधार को 2029 के आम चुनाव तक पूरी तरह लागू किया जा सके।

गोवा में समिति की दो दिवसीय बैठक से इतर समिति के सदस्य पी.पी. चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि अब तक जिन नागरिक संस्थाओं के हितधारकों से परामर्श किया गया है, उनमें से लगभग 99 प्रतिशत ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। इस प्रस्ताव का मकसद बार-बार होने वाले चुनाव से होने वाले अनुमानित सात लाख करोड़ रुपये के आर्थिक नुकसान को रोकना है। समिति ने गोवा में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा शुरू की। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बातचीत से हुई जिसमें एक साथ चुनाव कराने में आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों पर उनकी राय मांगी गई। हमने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अनौपचारिक बातचीत की जो गोवा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमने इस बात पर चर्चा की कि एक देश, एक चुनाव को कैसे लागू किया जा सकता है, इसमें क्या चुनौतियां हैं और सभी को स्वीकार्य संतुलन बनाए रखते हुए उन चुनौतियों को कैसे कम किया जा सकता है। गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली समेत कई राज्यों का दौरा किया है।

एमसीडी में भाजपा पार्षदों की संख्या 139 हुई, आप को झटका

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) से अलग होकर बनी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के सभी 16 पार्षद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए, जिससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा की स्थिति और मजबूत हो गई।

ये पार्षद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। इस विलय के साथ ही 250 सदस्यीय दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा की संख्या बढ़कर 139 हो गई है, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों की संख्या अब 102 रह गई है। भाजपा ने वर्ष 2022 के नगर निगम चुनाव में 104 सीट जीती थीं, लेकिन बाद में अन्य दलों के पार्षदों के पार्टी में शामिल होने के कारण उसकी संख्या लगातार बढ़ती गई। गुप्ता ने आईवीपी के पार्षदों का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के विकास को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक अच्छा संकेत है, जिससे उनके वार्डों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। गुप्ता ने कहा कि शहर का विकास भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आईवीपी के पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से दिल्ली नगर निगम में पार्टी और मजबूत होगी तथा उनके वार्डों में नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। मल्होत्रा ने कहा कि करीब डेढ़ वर्ष पहले मुकेश गोयल और हेमचंद गोयल के नेतृत्व में पार्षदों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाले नगर निगम प्रशासन के तहत विकास कार्यों के अभाव को देखते हुए इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का गठन किया था। उन्होंने बताया कि आईवीपी के सभी 16 पार्षदों ने भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। आईवीपी के अध्यक्ष मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा में शामिल होने का फैसला इस सप्ताह पार्षदों के बीच विचार-विमर्श के बाद लिया गया। हम पिछले डेढ़ वर्ष से भाजपा के कामकाज को देख रहे हैं। हम सभी का मानना है कि सत्तारूढ़ दल में शामिल होने से हमारे-अपने वार्डों में विकास कार्यों में तेजी आएगी। बदले में नगर निगम में पदों की किसी तरह की व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ दल के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। नगर निगम में हमें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, चाहे वह बड़ी हो या छोटी, हम उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व से मतभेद के बाद 16 पार्षदों के अलग होने पर मई 2025 में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का गठन हुआ था। यह घटनाक्रम अगले वर्ष होने वाले एमसीडी चुनाव से पहले और नगर निगम की 12 वार्ड समितियों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि के दिन सामने आया है।

महिला संगठनों ने आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की, 20 को विरोध प्रदर्शन

नयी दिल्ली। कई महिला संगठनों और महिला अधिकार मंचों ने शुक्रवार को एकजुट होकर मांग की कि महिला आरक्षण कानून को जनगणना और प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से अलग करके तुरंत लागू किया जाए। इसके साथ ही इन संगठनों ने एक देशव्यापी अभियान की घोषणा की जिसके तहत 20 जुलाई से जंतर-मंतर पर धरना दिया जाना भी शामिल है।

यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़ने वाले प्रावधान को हटाने के लिए सरकार से संसद के आगामी मॉनसून सत्र में एक संवैधानिक संशोधन लाने का आग्रह किया। यह अभियान संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन यानी 20 जुलाई को शुरू होगा और इसमें दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देना भी शामिल होगा। कार्यकर्ता पूरे मॉनसून सत्र के दौरान विरोध प्रदर्शन जारी रखने की योजना बना रहे हैं। आरक्षण के लिए यह विरोध प्रदर्शन कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के जारी आंदोलन के साथ-साथ होगा। कॉजपा की ओर से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की जा रही है। साथ ही, जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और एआईएसए (आईसा) के छात्र कार्यकर्ताओं का एक समूह भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहा है। कॉजपा अपनी मांगों को मनवाने के लिए 20 जुलाई को संसद तक मार्च करने की योजना बना रही है, लेकिन महिला समूहों ने कहा है कि वे इस मार्च में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शन के लिए पहले ही अनुमति मिल चुकी है। इसी तरह के धरने और विरोध कार्यक्रम राज्यों और ज़िलों में आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, कार्यकर्ता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सांसदों से मिलेंगे।

इंटरटेनमेंट...

इक्का में दिखा सनी देओल का वकील वाला अंदाज

मुंबई। फिल्म इक्का से सनी देओल ने कोर्ट रूम ड्रामा जोनर में वापसी की है। इससे पहले वो ढाई किलो का हाथ लिए दामिनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं। वहीं बॉलीवुड में भी अब तक कई कोर्ट रूम ड्रामा फिल्में रिलीज हुई हैं। नब्बे के दशक में जहां ज्यादातर दर्शक रोमांटिक फिल्मों के शौकीन थे। वहीं 2000 के दशक में रोमांस के साथ एक्शन से भरी फिल्मों का दौर आ गया।

मगर आज के दौर में दर्शक रोमांस और एक्शन के साथ ही कोर्टरूम ड्रामा के भी फैन हो गए हैं। सनी देओल की फिल्म दामनी से लेकर हालिया रिलीज फिल्म इक्का तक बॉलीवुड में कई कोर्टरूम ड्रामा फिल्में रिलीज हुईं।

1960 में रिलीज हुई 'कानून' बॉलीवुड की पहली फुल लेंथ कोर्टरूम ड्रामा फिल्म थी। बीआर चोपड़ा निर्देशित इस फिल्म में राजेंद्र कुमार ने वकील और अशोक कुमार ने जज का रोल प्ले किया था। दोनों के अलावा फिल्म में नंदा, महमूद और मनमोहन कृष्णा ने भी अहम किरदार निभाया था। फिल्म ने बेस्ट फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया था।

1993 में रिलीज हुई फिल्म दामिनी से पहले तक ज्यादातर फिल्मों में कोर्ट सीन का छोटा-मोटा सीक्वेंस होता था। फिल्म ह्यदामिनीह्न से कोर्ट के अंदर होने वाली दलीलें और सुनवाईयों को करीब से बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिला। सनी देओल की दमदार एक्टिंग और डायलॉग ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। अपने घर की नौकरानी के साथ हुए दुष्कर्म के खिलाफ दामिनी के संघर्ष की कहानी से दर्शक भावनात्मक रूप से जुड़ गए। हालांकि, आज भी इस फिल्म को सनी देओल के डायलॉग और अमरीश पुरी के अभिनय के लिए याद किया जाता है।

फिल्म जॉली एलएलबी के पहले दर्शकों ने कभी कोर्ट रूम ड्रामा में कॉमेडी का तड़का लगते नहीं देखा था। मगर इस फिल्म में सबकुछ मौजूद था। कॉमेडी भी, इमोशंस भी और कोर्ट रूम ड्रामा भी। 2013 में रिलीज हुए पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी ने शानदार एक्टिंग की, वहीं 2017 में रिलीज हुए दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने चार चांद लगाए। फिर इस फ्रैंचाइजी के तीसरे पार्ट में अरशद और अक्षय की जोड़ी ने मिलकर दर्शकों को खूब हंसाया। जज के रोल में सौरभ शुक्ला भी इस फिल्म की पहचान है।

2016 में रिलीज हुई फिल्म पिंक ने सहमति, गरिमा और समाज के दोहरे मापदंडों के बीच एक तीखी बहस छेड़ दी थी।

जन नायकन की रिलीज का रास्ता साफ

नयी दिल्ली। सेंसर बोर्ड ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की फिल्म जन नायकन के निर्माताओं को निर्देश दिया है कि वे टीवीके और न्यू इंडिया के जिक्र को म्यूट करें या उनमें बदलाव करें, साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के जमीन पर गिरने वाले दृश्य को भी हटा दें। फिल्म प्रमाणन आदेश से यह जानकारी मिली। एच. विनोद द्वारा निर्देशित फिल्म को ए प्रमाणपत्र मिला है। फिल्म के लिए जारी आदेश में 12 बदलाव करने को कहा गया है, जिनमें संवाद को म्यूट करना, दृश्यों में बदलाव और कुछ दृश्य हटाना शामिल है। फिल्म का प्रमाणन लगभग सात महीनों तक अटका रहा और यह कानूनी कार्यवाही तथा पायरेसी से जुड़े विवाद का केंद्र बनी रही। अभिनय की दुनिया छोड़ने और सार्वजनिक जीवन में आने का फैसला करने के बाद विजय ने फरवरी 2024 में पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) बनायी। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के आदेश में अलग-अलग बदलावों के कारणों का जिक्र नहीं किया गया है। सीबीएफसी के निर्देशों के तहत, फिल्म निर्माताओं से कहा गया है कि वे किताब के आवरण पर बी.आर. आंबेडकर को दिखाने वाले दृश्य में बदलाव करें।

सिर्फ दिखावे के लिए मेकअप करने की जरूरत नहीं : जेनिफर

नयी दिल्ली। हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर गार्नर ने खुद को भाग्यशाली मानती हैं उन्हें एक खूबसूरत जिंदगी मिली है। अभिनेत्री ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर कभी भी अपनी मेकअप वाली तस्वीर साझा करने की कोशिश नहीं करती बल्कि वह सामान्य दिखना पसंद करती हैं। 13 गोइंग ऑन 30, घोस्ट्स ऑफ गर्लफ्रेंड्स पास्ट और वैलेंटाइंस डे की अभिनेत्री ने कहा कि वह सामान्य जिंदगी बिताती हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करती हैं। अभिनेत्री ने कहा देखिए, मैं इंस्टाग्राम पर बहुत ज्यादा पोस्ट नहीं करती। शायद हफ्ते में एक या दो बार ऐसा कर पाती हूं। लेकिन जब भी करती हूं, तो आम तौर पर मैं बिना मेकअप वाली तस्वीरें पोस्ट करती हूं। मैं बस वही पहने होती हूं जो मैंने उस समय पहना होता है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे इतनी खूबसूरत जिंदगी मिली है और मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानती हूं, मेरी यही कोशिश होती है कि मैं इसे एकदम परफेक्ट न दिखाऊं बस जैसी हूं वैसी ही दिखूं। गार्नर (54) ने लॉस एंजिलिस में पीटीआई-भाषा को डिजिटल माध्यम से दिए साक्षात्कार में कहा, देखिए मैं परफेक्ट कुक नहीं हूं लेकिन फिर भी मुझे खाना बनाना पसंद है। इसलिए मैं अपने तरीके से दूसरी महिलाओं के इस पहलू को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हूं।

ईडी ने शुरू की निर्माता धर्मेश संगानी के खिलाफ जांच



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अन्य अनियमितताओं के आरोपों में मुंबई के एक फिल्म निर्माता और उनकी कंपनी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जांच शुरू कर उनके परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त फिल्म निर्माता अभिनेता शेखर सुमन से जुड़े हुए हैं। ईडी ने बृहस्पतिवार को मुंबई में फेमा के प्रावधानों के तहत कलानी इम्पेक्स लिमिटेड और उसके निदेशक धर्मेश संगानी के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। संगानी ने सुमन के सहयोग से एक फिल्म अकादमी की सह-स्थापना की थी। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि तलाशी के दौरान संगानी ने एक इमारत की 13वीं मंजिल से अपना मोबाइल फोन नीचे फेंकने की कोशिश की, जिसे बाद में जांच अधिकारियों ने बरामद कर लिया। ईडी ने साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में संगानी के खिलाफ मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। संगानी या उनकी कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं हो सका। फ़िल्म अकादमी की प्रतिक्रिया का इंतज़ार है। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में की जा रही जांच संगानी और उनकी कंपनी की भूमिका तक ही सीमित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विदेशी खरीदारों से निर्यात का पैसा प्राप्त नहीं हुआ।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com